आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 32°C | 27°C |

इनसाइड न्यूज

**अखिलेश यादव का महिला कार्ड:** सत्ता में आते ही हर गरीब महिला...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



सोमवार 23 जून, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 248 | www.janexpresslive.com/epaper


ईरान भारत का पुराना मित्र, इस्राइल... 12

# कायाकल्प नहीं, 'कायाविनाश': दादरी माफी का स्कूल बना शर्मनाक प्रतीक!

- शिक्षा के मंदिर नहीं, टूटते खंडहरों में तब्दील हो रहे हैं यूपी के सरकारी स्कूल!
- शिक्षा से विमुख व्यवस्था: स्कूल खुलने से पहले ही खुल गई सरकारी स्कूलों की पोल!

**जन एक्सप्रेस स्पेशल रिपोर्ट**

**चित्रकूट/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में गर्मी की छुट्टियाँ खत्म होने को हैं, लेकिन सरकारी स्कूलों की हालत देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त होती नजर आ रही है। सीतापुर, कुशीनगर, ललितपुर, रायबरेली जैसे जिलों से लेकर चित्रकूट तक, हालात एक जैसे हैं बिना मरम्मत, बिना सफाई और बिना संसाधन के स्कूल खुलने को मजबूर हैं।



### जर्जर भवन, टूटी टाट-पट्टी और गाय-भैंसों का डेरा!

चित्रकूट के मानिकपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले दादरी माफी ग्राम पंचायत का प्राथमिक विद्यालय घटा कोलन तो जैसे शिक्षा व्यवस्था का तमाचा बन चुका है। यहां ना बाउंड्री है, ना बिजली, ना टॉयलेट, और ना पीने का पानी। शिक्षा नहीं, समझौता हो रहा है यहां बच्चों के भविष्य से!

### कायाकल्प योजना बनी कायाकल्प-कथा: ज़मीन पर शून्य असर!

सरकार का दावा था कि यूपी के हर स्कूल को 19 बिंदुओं पर कायाकल्प किया जाएगा ६ लेकिन दादरी माफी का स्कूल इन दावों को थप्पड़ की तरह खारिज करता है। स्थानीय प्रशासन बेपरवाह, अफसर नींद में

- कोई निरीक्षण नहीं
- कोई निगरानी नहीं
- कोई जवाबदेही नहीं

> बच्चे धूप में बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं, बरसात में भीगकर घर लौटते हैं। जानवर खुलेआम स्कूल के मैदान में घूमते हैं।
>
> **ग्रामीण महिला अभिभावक**

### जन एक्सप्रेस की पड़ताल में चौंकाने वाले तथ्य

- 70 प्रतिशत स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों के दौरान कोई रंगाई-पुताई या मरम्मत नहीं हुई।
- कई स्कूलों में बिजली कटी है, जबकि सरकार ने स्मार्ट क्लास की बात की थी।
- शिक्षक खुद कहते हैं ६ बिना फंड, क्या कर लें साहब? और सबसे गंभीर शिक्षक अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में नहीं पढ़ाते!

### जन एक्सप्रेस की सीधी मांगें

- हर जिले में स्कूल खुलने से पहले बुनियादी व्यवस्था की ऑडिट हो।
- जो प्रधानाचार्य छुट्टियों में स्कूल तैयार नहीं करवा सके, उनके खिलाफ बीएसए स्तर से कार्रवाई हो।
- शिक्षकों के बच्चों को अनिवार्य रूप से सरकारी स्कूलों में दाखिल किया जाए।
- स्कूलों की कायाकल्प प्रगति की सार्वजनिक रिपोर्ट कार्ड जारी हो।

### केवल हाजिरी से शिक्षा नहीं चलती!

स्कूल खुलते ही शिक्षकों की हाजिरी तो दर्ज हो जाएगी, लेकिन क्या वहां शिक्षा होगी? या फिर मोबाइल पर वीडियो, गपशप और मिड डे मील की गिनती ही शिक्षण कहलाएगा?

### सरकार से दो टूक सवाल

- क्या कायाकल्प योजना सिर्फ मीडिया दिखावे और कागज़ी फाइलों तक सीमित है?
- क्या दादरी माफी जैसे गांव शिक्षा से वंचित रहने को मजबूर हैं?
- क्या सबका साथ, सबका विकास सिर्फ शोर है, या ज़मीन पर भी इसका असर है?

### जन एक्सप्रेस कहता है

- अब समय अलर्ट होने का है! वरना आने वाली पीढ़ी हमें माफ़ नहीं करेगी।

अगर खुद शिक्षक सरकारी स्कूलों पर भरोसा नहीं करते, तो आम जनता क्यों करे?
– पूर्व शिक्षा विशेषज्ञ



# सेवा हॉस्पिटल: मौत का सौदागर, उत्तर प्रदेश की बीमार स्वास्थ्य व्यवस्था पर करारा तमाचा!

- सेवा हॉस्पिटल: इंसान नहीं, लाशों की मंडी है ये!
- कोथांवा में मौतों की मंडी, सरकारें चुप, अफसर नपुंसक, सिस्टम बिक चुका है!
- 500 मीटर की दूरी पर है सरकारी अस्पताल, फिर भी सेवा हॉस्पिटल क्यों बना मौत का अड्डा?

**जन एक्सप्रेस फॉलोअप**

**लखनऊ/हरदोई**

जहां सरकारें विकास के दावे करती हैं, वहीं कोथांवा में सेवा हॉस्पिटल के नाम पर सरेआम मौतों की दुकान चलाई जा रही है। सरकारी ष्ट।।ष्ट से महज कुछ कदम दूर बना ये कथित हॉस्पिटल, इंसानी जानों को बाजार की चीज़ समझ कर खरीद-फरोख्त कर रहा है। यहां इलाज नहीं होता, संजीवनी नहीं मिलती, यहां मिलता है शवों का मौन व्यापार।



सेवा हास्पिटल संचालक गंगा प्रसाद (अरुण)



सेवा हास्पिटल संचालक मोहित सिंह



सेवा हास्पिटल संचालक सौरभ गौतम



सेवा हास्पिटल संचालक मनीष अग्निहोत्री




### एंबुलेंस हाईजैक: जब मौत के सौदागर सरकारी गाड़ियों को भी लूट लेते हैं!

एक सरकारी एंबुलेंस सीएचसी कोथांवा जा रही थीध पर गेट तक पहुंचने से पहले ही इस हॉस्पिटल के दलालों ने रास्ता रोक लिया और मरीज को जबरन अपने अस्पताल में भर्ती कर लिया। न सहमति, न कागज़, न अनुमति यह किडनैपिंग है! सरकारी संसाधनों की सरेआम लूट। क्या ये सेवा है? नहीं, ये सिस्टम को थूकने लायक बना देने वाला कांड है!

### नोडल अधिकारी की स्वीकारोक्ति, पर कार्रवाई !

जब जन एक्सप्रेस संवाददाता ने नोडल अफसर मनोज कुमार सिंह से पूछा कि 24 घंटे डॉक्टर क्यों नहीं हैं, तो उन्होंने माना कि यह पंजीकरण की शर्तों का खुला उल्लंघन है। तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं? क्या मौतों की गिनती पूरी होने का इंतज़ार है? या आदेश ऊपर से आएगा तब? अगर अफसर सिर्फ 'जांच करेंगे' बोलकर कागज़ी खानापूर्ति में मशगूल हैं, तो याद रखेंध हर मौत की कीमत होती है, और एक दिन गद्दी से उतरकर जवाब देना होगा!

### शिकायतों का सौदा: 5 से 10 हजार दो, और गला घोंटो इंसाफ का!

हमारे सूत्र बताते हैं कि जब कोई पीड़ित शिकायत करता है, तो हॉस्पिटल के लोग उन्हें पैसा थमा कर मैनेज कर लेते हैं। मानवता का ऐसा शर्मनाक सौदा शायद ही किसी युद्ध में होता हो, जैसा कोथांवा में हो रहा है।

### सेवा नहीं, सौदा है ये! अस्पताल नहीं, नरक का गेट है!

चार कथित संचालक मोहित सिंह, अरुण, मनीष अग्निहोत्री और एक अन्य, मिलकर यह सेवा नहीं, बल्कि एक मौत का नेटवर्क चला रहे हैं। फर्जी डिग्रियों पर पंजीकरण, बाहर से बुलाए जाने वाले ऑन-कॉल डॉक्टर, बिना अनुभव वाले नर्सिंग स्टाफ और बिना इमरजेंसी सुविधा के अस्पताल चलाया जा रहा है। यह सब एक नहीं, सैकड़ों बार की गई शिकायतों में साफ है। पर अफसर चुप हैं क्यों? क्योंकि ये सिर्फ सेवा नहीं, साठगांठ का सेंटर है!

### सत्ता के दबाव और दलालों की सिफारिशें आखिर क्यों डरता है 'सेवा हॉस्पिटल'?

खबर लिखे जाने के बाद सत्ता पक्ष के कई नेता, प्रतिनिधि और कथित 'समाजसेवी' जन एक्सप्रेस तक सिफारिशें लेकर पहुंचे भैया खबर रोक दीजिए, मामला मैनेज हो जाएगा। मैनेज? किसकी लाश मैनेज करोगे? कौन सी मौत को एडिट करोगे? जब सच इतना कड़वा हो कि सिफारिशें खुद दाल में काला नहीं, पूरी दाल को गंदा साबित करें, तो पत्रकारिता का धर्म है उसे जनता के सामने बेनकाब किया जाए।

### जन एक्सप्रेस के जन-जागरण सवाल

- सेवा हॉस्पिटल का पंजीकरण रद्द कब होगा?
- मोहित सिंह समेत संचालकों पर एफआईआर क्यों नहीं?
- संदिग्ध मौतों की मजिस्ट्रियल जांच कौन और कब करेगा?
- सीएचसी अधीक्षक और सीएमओ अब तक चुप क्यों हैं? क्या वे भी हिस्सेदार हैं इस मौत के खेल में?

### अब नहीं रुकेगी कलम! ये रिपोर्ट अब सड़कों पर गूंजेगी!

अगर इस रिपोर्ट के बाद भी प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग चुप रहा, तो यह साफ मान लिया जाएगा कि मौत के व्यापार में शासन की भी हिस्सेदारी है। अब यह सिर्फ एक अस्पताल की बात नहीं, यह प्रदेश की बीमार व्यवस्था की पोस्टमार्टम रिपोर्ट है।




### जन एक्सप्रेस का एलान: अब होगा हिसाब!

जिस प्रदेश में इलाज के नाम पर लाशें गिरें, और शासन-प्रशासन आंखें मूंदे, वहां सिर्फ पत्रकारिता नहीं, जनक्रांति चाहिए!

- हम पूछते हैं
- अब तक कितनी लाशें चाहिए प्रशासन को?
- कब जागेगा सिस्टम?
- कब होगी गिरफ्तारी?
- कब टूटेगी यह सड़ी-गली 'सेवा'?
- अगर कोई चुप है तो वो भी गुनहगार है।

# शाइन सिटी घोटाला: ईडी करेगी बड़ा खुलासा एक और चार्जशीट दाखिल को तैयार

**राशिद नसीम की धोखाधड़ी का जाल फैलता जा रहा, परिवार समेत नामजद होंगे आरोपी**




**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

शाइन सिटी ग्रुप से जुड़े बहुचर्चित धोखाधड़ी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अब एक और चार्जशीट दाखिल करने जा रही है। इस चार्जशीट में कंपनी के फरार डायरेक्टर राशिद नसीम के साथ-साथ उनके परिवारजनों के नाम भी शामिल किए जाएंगे। अब तक 543 एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं और यह सातवीं चार्जशीट होगी जो इस अरबों के घोटाले में दाखिल की जा रही है। ईडी की जांच में सामने आया है कि राशिद नसीम ने देशभर के हजारों निवेशकों से ठगी कर उनकी खून-पसीने की कमाई से दिल्ली, नोएडा और मुंबई जैसे शहरों में करोड़ों की संपत्तियां खरीदीं।

### पहले से दाखिल चार्जशीटों में सामने आया था

निवेशकों से फर्जी स्कीमों के नाम पर पैसा जुटाया गया। कंपनी के अधिकारियों ने हजारों परिवारों की जिंदगीभर की पूंजी हड़प ली। शाइन सिटी के अफसर बनाकर कई लोगों को मोहरा बनाया गया। अब ईडी की अगली चार्जशीट में उन परिजनों के नाम भी सामने लाए जा रहे हैं जिनके नाम पर संपत्तियां खरीदी गईं। माना जा रहा है कि यह चार्जशीट मामले की सबसे बड़ी कार्रवाई साबित हो सकती है।

### जांच में सामने आए चौंकाने वाले तथ्य

- राशिद नसीम ने शाइन सिटी के माध्यम से लोगों को हाई रिटर्न का लालच देकर निवेश कराया।
- निवेश से जुटाए गए पैसों से विदेशों में भी निवेश के सुराग मिले हैं।
- नसीम के खिलाफ लुकआउट नोटिस पहले ही जारी किया जा चुका है।

### निवेशकों की गुहार

पीड़ित निवेशकों ने सरकार और एजेंसियों से मांग की है कि राशिद नसीम को जल्द से जल्द भारत लाकर सख्त सजा दी जाए और उनकी संपत्तियों को नीलाम कर निवेशकों को मुआवजा दिया जाए। यह घोटाला सिर्फ आर्थिक नहीं, भावनात्मक भी है लाखों सपनों को तोड़ने वाला।

*इस मामले पर हमारी विशेष रिपोर्ट कल के अंक में शाइन सिटी: सुनहरा सपना या सुनियोजित धोखा?*

# पश्चिमी और तराई हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट जारी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

यूपी में पश्चिमी और तराई हिस्सों में दो दिन भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिम के 10 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट है। तराई और पश्चिम के 20 जिलों में गरज-चमक और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। वहीं रविवार को बुंदेलखंड के ललितपुर में सर्वाधिक 132 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई। उत्तर प्रदेश में मानसूनी बारिश का दायरा पूरब और तराई होते हुए अब पश्चिम तक पहुंच चुका है। मौसम विभाग में सोमवार के लिए प्रदेश के पश्चिमी और तराई हिस्सों के सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा जैसे 10 जिलों के लिए अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं 20 अन्य जिलों के लिए गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वी हिस्सों में रविवार और सोमवार को थोड़ा थमने के बाद, मंगलवार से समूचे प्रदेश में बारिश फिर से जोर पकड़ेगी।

### बुंदेलखंड में मध्यम बारिश देखने को मिली

रविवार को बुंदेलखंड के ललितपुर में सर्वाधिक 132 मिमी बारिश दर्ज की गई। साथ ही प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत पूर्वी तराई के जिलों, मध्य इलाकों और बुंदेलखंड में हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिली।

# पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही भाजपा के पर्यवेक्षक घोषित, विस क्षेत्रों में करेंगे प्रवास

- विधानसभावार दो-दो प्रवासी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक और चुनाव प्रबंधन दोनों का दायित्व संभालेंगे

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

भाजपा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए विधानसभा वार प्रवासी कार्यकर्ताओ की सूची जारी कर दी है। ये सभी पर्यवेक्षक की भूमिका में जिला पंचायत सदस्य पद के समर्थित प्रत्याशियों के नामों का पैनल बनाएंगे और वहां चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर पंचायत चुनावों की अहम जिम्मेदारी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सौंपी गई है। जिसमें विधानसभावार दो-दो प्रवासी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक और चुनाव प्रबंधन दोनों का दायित्व संभालेंगे। वे संबंधित क्षेत्र की सभी जिला पंचायत सीटों पर पार्टी समर्थित प्रत्याशियों के नामों का पैनल तैयार कर प्रदेश नेतृत्व को सौंपेंगे। साथ ही प्रत्येक प्रधान, बीडीसी सदस्य पद के लिए सक्रिय कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़वाने का प्रयास करेंगे। ये सभी प्रभारी संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया तक क्षेत्र में चुनाव प्रबंधन का काम संभालेंगे।



### हर विधानसभा में दो-दो पर्यवेक्षक

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान के मुताबिक, पुरोला विस का प्रभारी सते सिंह राणा एवं डॉ. विजय बडोनी को, यमुनोत्री का जगत सिंह चौहान व सुधा गुप्ता को , गंगोत्री का राम सुंदर नौटियाल व मुकेश टम्टा को, बदरीनाथ का रामचंद्र गौड़ व विनोद नेगी को, थराली का रघुवीर सिंह बिष्ट व महावीर सिंह पंवार को, कर्णप्रयाग का हरक सिंह नेगी व विक्रम कंडारी को , केदारनाथ का रमेश गड़िया व वाचस्पति सेमवाल को , रुद्रप्रयाग का रमेश मैखुरी व गजेंद्र रावत को , घनसाली का खेम सिंह चौहान और जयेंद्र सेमवाल को, देवप्रयाग का विनोद रतूड़ी व गोविंद अग्रवाल को , नरेंद्रनगर का डॉ. देवेंद्र भसीन व रविंद्र राणा को, प्रतापनगर का नत्थी सिंह नेगी व गिरीश बंठवाण को, टिहरी का चंद्र किशोर मैठाणी व सुभाष रमोला को , धनोल्टी का प्रभारी अतर सिंह तोमर व जोगिंदर पुंडीर को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

### विकासनगर का सीताराम भट्ट

चकराता का पर्यवेक्षक विनोद सुयाल व विशाल गुप्ता को, विकासनगर का सीताराम भट्ट, व रविमोहन अग्रवाल को, सहसपुर का देशराज कर्णवाल व अरुण मित्तल को, रायपुर का ओमवीर राघव व सचिन अग्रवाल को, मसूरी का संजय गुप्ता व रतन सिंह चौहान को, डोईवाला का नरेंद्र भट्ट व अनुराधा वालिया को, ऋषिकेश का नीरू देवी व शोभाराम प्रजापति को, पौड़ी का वीरेंद्र सिंह रावत व सुधीर जोशी को, श्रीनगर का मीरा रतूड़ी व यशपाल बेनाम को, चौबट्टाखाल का जगमोहन रावत व विकास कुकरेती को, यमकेश्वर का डॉ. जयपाल सिंह चौहान व शमशेर सिंह पुंडीर को, लैंसडौन का महावीर कुकरेती व आशा कोठारी को, धारचूला का गणेश भंडारी व कमला चुफाल को, डीडीहाट का अशोक नांबियाल व मनोज सामंत को, पिथौरागढ़ का मीना गंगोला व लोकेश भट्ट को, गंगोलीहाट का इंद्र सिंह फरस्वाण व ललित पंत को, कपकोट का देवेंद्र गोस्वामी व खड़क सिंह टंगड़िया को, बागेश्वर का सुरेश कांडपाल व चंपा आर्य को, द्वाराहाट का कैलाश पंत व नरेंद्र भंडारी को, सल्ट का प्रेम शर्मा व दीप पांडे को चुना गया है।

### कालाढूंगी से गोपाल रावत को चुना गया

रानीखेत का पूरन संगेला व भूपेंद्र कांडपाल को, सोमेश्वर का शिव सिंह बिष्ट व ललित पटवाल को, अल्मोड़ा का अरविंदर बिष्ट व गौरव पांडे को, जागेश्वर का रवि रौतेला व कैलाश गुरुरानी को लोहाघाट का दर्पण कुमार व शंकर पांडे को, चंपावत का सतीश पांडे व शंकर कोरंगा को, लालकुआं का अनिल कपूर डब्बू व कमल नयन जोशी को भीमताल का महेंद्र नेगी व प्रदीप जनौटी को, नैनीताल का देवेंद्र ढैला व विजय भट्ट को, कालाढूंगी का प्रकाश हरबोला व गोपाल रावत को, रामनगर का गुंजन सुखीजा व अजय राजौर को, जसपुर का आशीष गुप्ता व सरदार मंजीत सिंह को, काशीपुर का विवेक सक्सेना व समीर आर्य को, बाजपुर का राम मेहरोत्रा व रवि पाल को, गदरपुर का उत्तम दत्ता व गुरविंदर सिंह चंडोक को, रुद्रपुर का चंदन बिष्ट व श्रीपाल राणा को, किच्छा का दिनेश आर्य व भारत भूषण चुघ को, सितारगंज का दान सिंह रावत व गोपाल बोरा को नानकमत्ता का नेत्रपाल मौर्य व रामपाल को, खटीमा का प्रभारी दीपक मेहरा व राम दत्त जोशी को बनाया गया है।

### पहले चरण में इन विकासखंडों का चुनाव

अल्मोड़ा जिले में ताकुला, धौलादेवी, ताड़ीखेत भैंसियाछाना, लमगड़ा, चौखुटिया में। ऊधमसिंहनगर जिले में खटीमा, सितारगंज, गदरपुर एवं बाजपुर में। चंपावत जिले में लोहाघाट व पाटी में। पिथौरागढ़ जिले में धारचूला, डीडीहाट, मुनस्यारी व कनालीछीना में। नैनीताल जिले में बेतालघाट, ओखलकाण्डा, रामगढ़ व धारी में। बागेश्वर जिले में बागेश्वर, गरूड़, कपकोट में। उत्तरकाशी जिले में मोरी, पुरोला, नौगांव में। चमोली जिले में देवाल, थराली, ज्योतिर्मठ, नारायणबगड़ में टिहरी जिले में जौनपुर, प्रतापनगर, जाखणीधार, थौलधार व भिलंगना में। देहरादून जिले में चकराता, कालसी, विकासनगर में। पौड़ी जिले में खिर्सू, पाबौ, थलीसैंण, नैनीडाण्डा, बीरोंखाल, रिखणीखाल, एकेश्वर व पोखड़ा में।

### दूसरे चरण में इन विकासखंडों का चुनाव

अल्मोड़ा जिले में सल्ट, स्याल्दे, भिकियासैंण, हवालबाग व द्वाराहाट में। ऊधमसिंहनगर जिले में रुद्रपुर, काशीपुर व जसपुर में। चंपावत जिले में चंपावत, बाराकोट में। पिथौरागढ़ जिले में विण, मूनाकोट, बेरीनाग व गंगोलीहाट में। नैनीताल जिले में हल्द्वानी, रामनगर, भीमताल व कोटाबाग में। उत्तरकाशी जिले में डुण्डा, चिन्यालीसौड़ व भटवाड़ी में। चमोली जिले में पोखरी, दशोली, नन्दानगर, कर्णप्रयाग व गैरसैंण में। टिहरी जिले में कीर्तिनगर, देवप्रयाग, नरेंद्रनगर व चम्बा में। देहरादून जिले में डोईवाला, रायपुर व सहसपुर में। पौड़ी जिले में यमकेश्वर, जयहरीखाल, दुगड्डा, द्वारीखाल, पौड़ी, कोट व कल्जीखाल में।

### भारतीय मजदूर संघ के कार्यक्रम में पहुंचे सीएम धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हरिद्वार में भारतीय मजदूर संघ उत्तराखंड द्वारा आयोजित स्वर्णिम 70 वर्ष के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि श्रमिकों और उद्योगों के बीच समन्वय कैसे बनाए रख सकते हैं हम इस पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। हमारा निरंतर प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि हमारे सभी श्रमिकों को सर्वोत्तम संभव सुविधाएं मिलें। वहीं, इसके बाद सीएम जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राज राजेश्वराश्रम महाराज से भी मिले और आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि कावड़ मेले को लेकर तैयारी पूरी है। बहुत जल्द वे अपने स्तर से एक बैठक लेंगे। मानसून को लेकर पहले ही केंद्र के अधिकारियों के साथ बैठक हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हर साल उत्तराखंड आपदा से ग्रस्त होता है। आपदा के असर को कम करने पर जोर देते हुए कहा कि आपदा को लेकर हाल ही में बड़ा सेमिनार आयोजित किया गया था। जिसके आउटकम से उत्तराखंड को नहीं बल्कि विश्व को भी लाभ मिलेगा।

# न्यायिक अधिकारियों के साथ जिला जज ने किया योगाभ्यास

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश आवास परिसर में 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला जज ने न्यायिक अधिकारियों के साथ योगाभ्यास कर योग के महत्व के बारे में बताया।
कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि योग अपने आप में एक व्यापक शब्द है। योग हमारे शरीर, आत्मा एवं चित्त को शुद्ध करने के लिए किया जाता है। योग इतना प्रभावशाली है कि यदि किसी व्यक्ति को रोग होता है, तो योग में उसका निदान संभव है। विशिष्ट प्रकार की योग क्रियाएं करने से व्यक्ति अपने आपको भीतर से शुद्ध कर सकता है। आज की भागदौड़ की जिन्दगी में थोड़ा समय स्वयं एवं योग के लिए अवश्य निकालें, जिससे स्वस्थ्य भारत का निर्माण हो सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने बताया कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जो आज पूरी दुनिया के लिए स्वास्थ्य और संतुलन का प्रतीक बन चुका है। बताया कि हर साल 21 जून को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज न केवल भारत, बल्कि वैश्विक स्तर पर जन-जन को जोड़ने वाला पर्व बन गया है, यह भारत के उस संदेश को सशक्त करता है जिसमें 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की भावना निहित है।
इस मौके पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट की विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा, अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम विदिशाभूषण, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय अंजलिका प्रियदर्शिनी, प्रभारी प्रशासनिक अधिकारी रितेश सिंह, सदर नाजिर राजेश यादव, कंचन सिंह, अनुराग जायसवाल, अनुराग चन्देल आदि न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिक्षकों के मैचुअल स्थानांतरण के नाम पर ढोल की पोल बना विभाग

## स्थानांतरित शिक्षक की करा दी हाजिरी रजिस्टर में ज्वाइनिंग, और वीर सिंह चंदेल के कालम में लिखा कार्यमुक्त

जन एक्सप्रेस। शत्रुघ्न सिंह

उरई/जालौन। बेसिक शिक्षा महकमे में शिक्षकों के मैचुअल स्थानांतरण के नाम पर ढोल की पोल चलती नजर आ रही है। जिन शिक्षकों के पारस्परिक स्थानांतरण अंतर जनपदीय हुये उनमें कई शिक्षकों के शैक्षिक प्रमाण पत्र फर्जी होने के नाम पर उनको रिलीव नहीं किया जा रहा है तो वहीं कई शिक्षक ऐसे भी जिनके साथ मैचुअल स्थानांतरण के नाम पर साथी शिक्षक ने ही धोखाधड़ी करने से नहीं चूक रहे हैं। ऐसा ही प्रकरण महेवा विकासखंड के ग्राम सिकरी रहमानपुर प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक वीर सिंह चंदेल के साथ मैचुअल स्थानांतरण के नाम पर धोखाधड़ी हो गयी। जबकि उनके रिटायरमेंट में महज नौ माह का समय है। जब श्री चंदेल को मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने बीएसए को पूरे प्रकरण का उल्लेख करते हुये प्रार्थना दिया इसके बाद महेवा बीईओ ने 21 जून को सिकरी रहमानपुर विद्यालय में पहुंचकर स्थानांतरित शिक्षक उमा सिंह को ज्वाइनिंग करा दी और विद्यालय के हाजिरी रजिस्टर में वीर सिंह चंदेल के कालम में कार्यमुक्त लिख दिया। ताज्जुब की बात तो यह है कि ऐसे प्रकरणों में बेसिक शिक्षा महकमे के जिम्मेदार अधिकारी स्वयं ही विद्यालयों में पहुंचकर शिक्षकों को ज्वाइनिंग करा रहे हैं जिससे पूरा मामला संदेह के दायरे में आ जाता हैं। वहीं शिक्षक नेताओं ने जिले के आला अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुये मांग की है कि वह ऐसे प्रकरणों को गंभीरता से लेकर उनकी जांच करायें तो सच्चाई उजागर हो जायेगी साथ ही पीड़ित शिक्षकों को न्याय मिल सकेगा।
उक्त मामले में महेवा विकासखंड के ग्राम सिकरी रहमानपुर प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक वीर सिंह चंदेल ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को 18 जून 2025 को संबोधित दिये गये पत्र में बताया कि वह कन्या प्राथमिक विद्यालय सहायक अध्यापक के पद पर पदस्थ है। जबकि उमा सिंह सहायक अध्यापक जो कि शेखपुर गुढ़ा के प्राथमिक विद्यालय में सेवारत है। जो कि ग्राम सिकरी रहमानपुर के ही मूल निवासी है। तथा उनकी पत्नी मेरे विद्यालय में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत है। स्कूल उनके घर से लगा हुआ है। उमा सिंह का मेरे स्कूल में अक्सर ही आना जाना बना रहता है। अपनी पत्नी का ऑनलाइन कार्य वही करते हैं। कई बार मैंने भी ऑनलाइन कार्य उनहीं से करवाया है। उमा सिंह ने मेरी बगैर सहमति के ऑनलाइन स्थानांतरण मेरा और उन्होंने अपना मैचुअल के लिये डाल दिया तथा उन्होंने ओटीपी मांगी मैंने विभागीय कार्य हेतु समझकर ओटीपी दे दी। मेरा मार्च 2026 में रिटायरमेंट है। मैंने स्थानांतरण के लिये किसी भी कागजात में हस्ताक्षर नहीं किये न ही मैं यहां से जाना चाहता हूं। वीर सिंह ने बीएसए को दिये पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया कि उसके साथ हुई धोखाधड़ी को देखते हुये मेरा मैचुअल स्थानांतरण स्थगित किया जाये। इस मामले में नया मोड़ उस दौरान आ गया जब 21 जून को महेवा बीईओ सिकरी रहमानपुर के कन्या प्राथमिक विद्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने उमा सिंह को ज्वाइनिंग करवा दी और विद्यालय के हस्ताक्षर रजिस्टर पर वीर सिंह चंदेल के कालम में कार्यमुक्त लिख दिया। इस तरह की अजीबोगरीब स्थित किन कारणों के चलते बेसिक शिक्षा महकमे में पैदा हो रही है इसके पीछे पर्दे के पीछे कटमनी का खेल तो नहीं है। यदि शिक्षक वीरसिंह चंदेल ने बीएसए को अपनी समस्या से संबंधित पत्र दिया था तो उस पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने तत्परता दिखाना जरूरी क्यों नहीं समझा। जबकि इसके पहले बीएसए कई ऐसे प्रकरणों में गजब की फुर्ती दिखा चुके हैं। इस मामले में उन्होंने फुर्ती दिखाना क्यों जरूरी नहीं समझा यह समझ से परे है। वहीं शिक्षक नेताओं ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि इस समय बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय अनैतिक कार्यों को अंजाम तक पहुंचाने में ज्यादा सक्रियता दिखा रहा है। इसके पीछे कहीं कटमनी का खेल तो नहीं चल रहा है। उन्होंने जनपद के आला अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुये समूचे प्रकरणों की विस्तृत जांच कर पीड़ितों के साथ न्याय करने की मांग की है।

# वीर बहादुर सिंह बने जिला प्रभारी, नरेंद्र सैनी को मिली जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस। उरई



भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक रविवार को प्रदेश महामंत्री संजय गुप्ता के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के रिक्त पदों को भरते हुए दो प्रमुख नियुक्तियाँ की गई। इस अवसर पर संगठन को नई दिशा देने और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संकल्प भी लिया गया। बैठक में वीर बहादुर सिंह निरंजन को जिला प्रभारी और पूर्व जिलामंत्री नरेंद्र सैनी को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। दोनों नवमनोनीत पदाधिकारियों का माल्यार्पण और व्यापार मंडल की पटिका पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। वही घोषणा करते हुए कहा कि जनपद में रिक्त पदों की भरपाई करके संगठन का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जायेगा। प्रदेश महामंत्री संजय गुप्ता ने कहा संगठन को मजबूती देने के लिए समर्पित और जमीनी कार्यकर्ताओं को नेतृत्व में लाना हमारी प्राथमिकता है। नवमनोनीत जिला प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा। वहीं जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सैनी ने कहा कि व्यापारी हित के कार्यों में सदैव अग्रणी रहा हूँ और अब इस नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। कार्यक्रम में बुंदेलखंड वरिष्ठ उपाध्यक्ष कंचन कुमार शिवहरे, बुंदेलखंड महामंत्री दीपक श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र राजपूत, जिला उपाध्यक्ष मु. अहमद, जिलामंत्री विवेक कुमार, जिलामंत्री नाजिम अली, जिलामंत्री दीपक निरंजन, वीरेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, निखिल जैन, विनायक द्विवेदी, प्रवीण कुमार, जावेद अख्तर, हुसैन बरकाती, अनिल कुमार, हृदय नारायण, विश्वास कुमार सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट ने बच्चों व अभिभावकों को नियमित रूप से योग करने के लिए किया प्रेरित

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पहाड़ी व मानिकपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत पचोखर व रैपुरा में ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फार मदर एंड चाइल्ड संस्था के जागृति प्रोजेक्ट के तहत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बच्चों और अभिभावकों को योगाभ्यास कराया गया। संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को प्रारंभिक अवस्था से ही योग के प्रति जागरूक बनाना और अभिभावकों के साथ मिलकर एक स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान योग प्रशिक्षकों की उपस्थिति में बच्चों को सरल योगासन ताड़ासन, वृक्षासन, भ्रामरी और अनुलोम-विलोम सिखाए गए। साथ ही अभिभावकों को बताया गया कि नियमित योगाभ्यास उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। बताया गया कि आज की व्यस्त जीवनशैली में योग न केवल मानसिक शांति का माध्यम है, बल्कि यह शारीरिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। बच्चों को छोटी उम्र से ही योग का अभ्यास कराना उनके सम्पूर्ण विकास में सहायक सिद्ध होगा। योग के से ही स्वस्थ परिवार बनाया जा सकता है तथा स्वस्थ समाज की नींव एक स्वस्थ परिवार से ही रखी जाती है।

## अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। अवैध शराब के निर्माण व बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने दो आरोपियों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अभियान के तहत थाना सरधुवा के उपनिरीक्षक अजहर जमाल व मुख्य आरक्षी प्रदीप कुमार द्वारा आरोपी सुमेर सोनकर निवासी जालंधर का पुरवा मजरा सरधुवा को पांच लीटर कच्ची शराब के साथ तथा मऊ थाने के उपनिरीक्षक अनूप कुमार शुक्ला व आरक्षी बृजेन्द्र राय द्वारा आरोपी लसाई निवासी मवईकला थाना को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में दोनों आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

## 24 जून से शुरु होगा यज्ञ

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। क्षेत्र के प्रसिद्ध हनुमान मन्दिर लाइना बाबा सरकार धाम शिवरामपुर में आगामी 24 जून से सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस यज्ञ में 108 पाठ करने वाले भक्तजनों का पंजीकरण किया जा रहा है। ट्रस्ट के प्रबंधक पीएन सिंह ने बताया कि 24 जून से शरु होने वाले सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ यज्ञ में अब तक 1250 में से 1100 लोगों का पंजीकरण किया जा चुका है। कहा कि पाठ करने के इच्छुक लोग जल्द से जल्द पंजीकरण कराएं।

## कार की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध रिटायर शिक्षक की मौत

जन एक्सप्रेस। उरई

हाईवे पर तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बाइक सवार वृद्ध शिक्षक की मौत हो गई। टक्कर के बाद कार नियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में पलट गई। गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम जीपुरा निवासी सेवानिवृत्त वृद्ध शिक्षक शम्भू दयाल द्विवेदी 62 वर्ष पुत्र रामेश्वर दयाल बाइक से हदरुख जा रहे थे। तभी मड़ोरी श्रमदान के पास वह बाइक खड़ी करके सड़क किनारे पेशाब करने लगे। इसी दौरान औरैया की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। उधर टक्कर मारने के बाद तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में जाकर पलट गई।

## पिता की हत्या कर फरार चल रहा पुत्र गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। उरई

सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम शिकन्ना में पिता की हत्या करने के बाद फरार चल रहे कलयुगी पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।
सिरसा कलार थाना क्षेत्र के शिकन्ना गांव निवासी संतराम दोहरे 65 वर्ष की 19 अप्रैल 21 को कुल्हाड़ी से काटकर उसके बेटे अरविंद ने हत्या कर दी थी। मृतक के बड़े पुत्र गोविंद की तहरीर पर सिरसा कलार पुलिस ने अरविंद के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने जब उसे गिरफ्तार किया था, तो पूछताछ में उसने बताया था कि पिता संतराम बनारस में रहकर पानीपूरी का धंधा करते थे और कुछ दिन पहले ही घर लौटे थे। वह भाई गोविंद को पैसे देते थे, लेकिन उससे मतलब नहीं रखते थे। इसी के चलते उसने वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया था।जमानत होने के बाद से वह फरार चल रहा था। इस पर कोर्ट ने उसके विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किए थे। रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# पीएनबी एमएसएमई आउटरीच में बांटे गए 26 करोड़ रुपये के ऋण

जन एक्सप्रेस। उरई




पंजाब नेशनल बैंक द्वारा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में विधायक द्वारा सरकार की एमएसएमई विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं के 26 करोड़ रुपये के लोन स्वीकृति प्रमाण पत्र व चैकें वितरित की गई। कार्य्रक्रम का आयोजन नगर के बंशीधर पैलेस में किया गया। जिसमें पीएनबी द्वारा लोन फेस्ट लगाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा एवं पीएनबी के मंडल प्रमुख राजकुमार ने मुख्यमंत्री युवा उधमी योजना के 12 लाभार्थियों को चैकें वितरित की। इसके साथ ही अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी 26 करोड़ रुपये के लोन स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किये गए। कार्यक्रम में सदर विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा युवा उधमियों को मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा उधमी योजना समेत अन्य योजनाओं द्वारा लाभ पहुंचाया जा रहा है। आज बैंक के माध्यम से इन योजनाओं के लाभार्थियों को लोन वितरित किया गया है। वहीं पीएनबी मंडल प्रमुख ने जिले में एक नई शाखा खोले जाने व उरई शाखा के कायाकल्प किये जाने की बात कही। वहीं उरई शाखा प्रबंधक विवेक यादव ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके सहायक महाप्रबंधक मनीष राय, मुख्य प्रबंधक भारतेंदु सिंह, कमलेश सरन, शोभित खरे, जितेंद अहिरवार, पुष्पराज पटेल, अनूप पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# खनन निदेशक माला श्रीवास्तव से शिकायत के बाद मोरम खरवांच खण्ड दो के पट्टाधारक के खिलाफ हुई कार्यवाही

जन एक्सप्रेस। हमीरपुर



(सैय्यद जावेद अख्तर) उत्तर प्रदेश के झांसी की गरौठा तहसील से संचालित खरवांच खण्ड-2 के उरई निवासी प्रोप्राईटर संचालक महेन्द्र राजपूत ने हमीरपुर के जिगनी में एनजीटी के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुये भारी भरकम प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से मोरम का अवैध खनन करने के साथ ही अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग कर शासन को लगा रहे थे लाखों के राजस्व का चूना, जिसकी शिकायत जिगनी निवासी सुरेन्द्र सिंह परिहार ने सूबे की तेज तर्रार
खनन निदेशक माला श्रीवास्तव से की गई थी, शिकायत के बाद खनन निदेशक ने खनिज विभाग के जिम्मेदारों को लगाई थी फटकार, वही फटकार से घबराकर
खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने आनन फानन में 22 जून 2025 को जिगनी पहुंचकर छापामार कार्यवाही की, तो टीम को झांसी खरवॉच-2 के पट्टाधारक मेसर्स भरोसा सरकार कान्ट्रेक्टर एण्ड सप्लायर्स के प्रोपराइटर व संचालक महेन्द्र राजपूत द्वारा ग्राम जिगनी के गाटा संख्या-1271 जो नदी के नाम दर्ज है में, 2244 घन मीटर मोरम का अवैध खनन होते पाया गया, टीम ने बताया कि पट्टाधारक को जुर्माने का नोटिस जारी कर दिया गया है।

# अंगुली मूल शक्ति विकासक क्रिया से आसान होगी टाइपिंग और बुनाई: रमेश

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ''एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के लिए योग'' को ध्यान में रखकर उंगली मूल शक्ति विकासक योग क्रिया का अभ्यास कराया। बताया कि इस सूक्ष्म योग क्रिया से करतल, कर पृष्ठ, कलाई की मांसपेशियों को मजबूती मिलती है और जोड़ों का दर्द मिटता है।
योगाचार्य ने बताया कि उंगली मूल शक्ति विकासक योग क्रिया करने से रक्त परिसंचरण में सुधार होता है, हथेलियां मजबूत बनती है, तनाव में राहत मिलता है तथा हाथ के समस्त विकार दूर होते हैं। साथ ही उंगली की पकड़, ताकत व सहनशक्ति और धीरज बढ़ता है। मनवाहा नाड़ियां प्रभावित होती हैं, जिससे शरीर और मन एकाग्र होते हैं और आध्यात्मिक उन्नति होती है। हाथों का कंपना ठीक होता है। टंकण या कंप्यूटर पर काम करने वाले इस क्रिया से लाभान्वित होते हैं। बताया योग शक्ति का धर्म से कोई लेना देना नहीं है तथा यह एक विशाल विज्ञान है, जिसका साहित्य समृद्धिशाली है। योग शक्ति ब्रह्मांड की सबसे मजबूत स्तर की शक्ति है और यह ब्रह्मांडीय ज्ञान का आधार भी है। इस योग शक्ति से हम अपनी जीवन शैली से लेकर समाज को भी बेहतर बना सकते हैं। यह क्रिया लेखकों, टाइपिंग वर्क करने वाले, ड्राइवर, कपड़ा बुनने वालों, शिल्पकारों और वाद्य यंत्र संगीतज्ञों के लिए बहुत ही उपयोगी है। इसे करने के लिए साम्यावस्था में एड़ी पंजा मिलकर सीधे खड़े होते हैं, दोनों हाथ सामने धरती के समांतर सीधा फैलाते हैं, हाथों के बीच सीने की चैड़ाई के बराबर दूरी रखते हैं, कंधों से कलाई तक दोनों हाथों को सीधा और टाइट रखते हुए हथेली को ढीला छोड़ते हैं, जिससे करतल भाग जमीन की ओर रहे, श्वास सामान्य रखते हुए उंगलियों को शक्ति के साथ 10-15 बार आगे पीछे हिलाते हैं। सावधानी के तौर पर हाथ की उंगलियों में चोट की दशा में इसे धीरे-धीरे करते हैं।

## सर्प के काटने से किशोरी की मौत, मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार

कालपी। आटा थाना क्षेत्र के अकबरपुर इटौरा में सर्प के काटने से किशोरी की मौत हो गई। सूचना पाकर नायब तहसीलदार, राजस्व कर्मचारी सहित पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना का निरीक्षण किया। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर इटौरा निवासी रागिनी 17 वर्ष पुत्री अमर सिंह पाल को घर में जहरीले सर्प ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पुत्री की हालत बिगड़ते देख परिवार के लोग घबरा गए और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। वहीं मामले की सूचना मिलने पर एसडीएम सुशील कुमार सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला व राजस्व कर्मचारी अकबरपुर इटौरा पहुंचे और मौके का जायजा लिया। ग्रामीणों और पारिवारिकजनों ने नायब तहसीलदार को किशोरी की मौत सर्प दंश से होना बताया गया। वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गुम हुए मोबाइल पाकर स्वामियों के चेहरों पर लौटाई मुस्कान

जन एक्सप्रेस। जालौन



कोतवाली पुलिस ने लगभग डेढ़ लाख रुपये कीमत के खोए हुए सात मोबाइल बरामद कर उनके स्वामियों के सुपुर्द कर दिए। गुम हुए मोबाइल पाकर उनके चेहरे पर मुस्कान आ गई और उन्होंने पुलिस की सराहना की।
कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि आपरेशन मुस्कान के तहत कम्प्यूटर ऑपरेटर आनंद कुमार सचान द्वार सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ट्रैस करके सात अदद गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए। जिनकी अनुमानित कीमत 1,35,000 है, उन्हें बरामद करने में सफलता पाई है। बरामद किए गए इन मोबाइल फोन को उनके स्वामी अंजली देवी काशीनाथ, राजेश कुशवाहा फर्दनवीस, राहुल भास्कर खंडेराव, सतीश प्रताप ग्राम तीतरा खलीलपुर थाना कोंच, संगीता देवी नया पटेल उरई, रामनरेश तिवारी ग्राम उरगांव, सत्यप्रकाश ग्राम गायर को बुंलाकर उनके सुपुर्द कर दिया गया है। खोए हुए मोबाइल पाकर मोबाइल स्वामियों के चेहरे खिल गए और उन्होंने कोतवाली पुलिस को धन्यवाद दिया।

# समाज के सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखती है बहुजन समाज पार्टी: शिवबाबू

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



बहुजन समाज पार्टी ने रविवार को चित्रकूट विधानसभा के भैसौंधा सेक्टर के तरांव गांव में बैठक का आयोजन किया। जिसमें सेक्टर बूथ का गठन करने के साथ कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय रहते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया गया।
बैठक में बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में भाजपा सरकार हर मोर्चे पर असफल नजर आ रही है। देश के अधिकतर प्रदेशों की तरह उत्तर प्रदेश में भी हर स्तर पर सरकारी कार्यकलापों के साथ ही विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार और हिस्सेदारी के आरोपो से घिरे तबादलों की आमचर्चा साबित कर रही है कि भ्रष्टाचार नीचे से लेकर ऊपर तक है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में हाल ही में हुई सिपाही भर्ती को लेकर ऐसा प्रचारित किया जा रहा है जैसे यह कोई बहुत बड़ा और नया कार्य हुआ हो, जबकि पुलिस में ऐसी भर्ती रूटीन कार्य है ताकि बैकलॉक की बुराई पुलिस विभाग में भी न आए, किंतु इस भर्ती में सर्व समाज को सही हक मिला है या नहीं, इस पर भी चिंता होनी चाहिए। पूर्व में तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती के नेतृत्व में बसपा सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में कानून का राज का न्याय युक्त माहौल स्थापित करने के लिए एकमुश्त 1.20 लाख नए पद सृजित करके पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ पुलिस भर्ती की थी। जिस शांति व्यवस्था का लाभ बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों को मिला। उन्होंने कहा कि भाजपा ने केन्द्र में अपने 11 वर्षों के कार्यकाल के बारे में जो अपार उपलब्धियां वर्णित की है, वे जमीनी हकीकत में लोगों की गरीबी, बेरोजगारी, दुःख-दर्द नहीं दूर कर सकीं हैं और इसका जवाब आने वाले चुनाव में उत्तर प्रदेश जनता देगी। उन्होंने कहा कि इस बार आम जनता बहुजन समाज पार्टी को स्पष्ट जनादेश देने का पूरा मन बना चुकी है। जिसके बाद एक बार फिर उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती बनेंगी। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में बहुजन समाज पार्टी अपने जमीनी कार्यकर्ताओं को मौका देगी। इस मौके पर चित्रकूट धाम मण्डल के मुख्य सेक्टर प्रभारी बल्देव प्रसाद वर्मा, जिला प्रभारी मान सिंह कुशवाहा, विधानसभा अध्यक्ष सोनपाल वर्मा, बामसेफ के जिला संयोजक बृजमोहन वर्मा, चैतूराम वर्मा, रोहित सिंह पटेल, सक्टर अध्यक्ष रामकरण वर्मा, सेक्टर महासचिव सुनील सिंह यादव, प्रधान प्रतिनिधि अनोद कुमार, मेवालाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, सोमवार, 23 जून, 2025






**अमेरिका ने ईरान के 3 एटमी ठिकानों पर...**

अमेरिका ने ईरान में 3 परमाणु ठिकानों पर हमला किया है। ये ठिकाने फोर्डो, नतांज और इस्फहान हैं। हमला भारतीय समयानुसार रविवार सुबह 4.30 बजे हुआ। ट्रम्प ने ईरान पर हमले के 3 घंटे बाद देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ईरान की अहम... पढ़ें पेज 12 पर...

# अखिलेश यादव का महिला कार्ड: सत्ता में आते ही हर गरीब महिला को देंगे 3000 रू. महीना!

- स्त्री सम्मान योजना का एलान, 2027 में बड़े पैमाने पर महिलाएं बनेंगी समाजवादी उम्मीदवार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



उत्तर प्रदेश में भले ही 2027 के विधानसभा चुनावों में अभी वक्त हो, लेकिन समाजवादी पार्टी ने अपना चुनावी शंखनाद कर दिया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में एक बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर महिलाओं के लिए 'स्त्री सम्मान योजना' का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि अगर 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है, तो गरीब महिलाओं को 3000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जाएगी। सपा अध्यक्ष ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के दबाव में काम करता है। निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव की उम्मीद अब जनता खुद संभालेगी। कुंभ में हुई अव्यवस्थाओं पर बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा, कुंभ में मौतों के आंकड़े छिपाए गए। सरकार चाहती थी कि पहले की घटनाओं से कम मौतें दिखें, इसलिए आंकड़े दबा दिए गए। उन्होंने एक और चौंकाने वाला बयान देते हुए कहा कि, दुनिया में पहली बार देखा गया कि पुलिस खुद काला धन लेकर जा रही है। स्त्री सम्मान योजना' की मुख्य बातें (अगर सपा सरकार बनी) हर गरीब महिला को 3000 प्रति माह सहायता। महिला उम्मीदवारों को विधानसभा टिकट में प्राथमिकता। महिला सुरक्षा और सम्मान के लिए विशेष कानून और निगरानी तंत्र। झूठे मुकदमों से महिलाओं को सुरक्षा देने का वादा।

### महिलाओं के साथ सबसे ज्यादा अन्याय भाजपा सरकार में हुआ: अखिलेश यादव

अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि, महिलाओं के साथ झूठे मुकदमे, अन्याय और अपमान की घटनाएं सबसे ज्यादा इसी सरकार में हुई हैं। बीजेपी सरकार महिला सुरक्षा और सम्मान में पूरी तरह फेल रही है। साथ ही उन्होंने यह भी एलान किया कि समाजवादी पार्टी 2027 के चुनाव में बड़ी संख्या में महिलाओं को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारेगी।

### ईरान-इजराइल तनाव पर भी बोले अखिलेश, बुरे वक्त में दोस्त को न छोड़ें

अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिलेश यादव ने भारत की विदेश नीति को भी कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा, दुनिया देखती है कि बुरे वक्त में आप किसके साथ खड़े हैं। अगर आपने अपने पुराने दोस्त का साथ नहीं दिया, तो ये आपकी नीति पर सवाल खड़ा करता है।

# बड़ा हादसा टला, डिवाइडर से टकराई गोंडा डिपो की बस, कई यात्री घायल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ राजधानी लखनऊ में रविवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। गौतमपल्ली थाना क्षेत्र में स्थित 1090 चौराहे और मुख्यमंत्री आवास के बीच एक चलती बस डिवाइडर से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि बस की कमानी टूट गई और उसमें सवार दर्जन भर से अधिक यात्री चोटिल हो गए। बताया जा रहा है कि यह बस गोंडा डिपो से आ रही थी और शहर के भीतर प्रवेश कर रही थी, तभी नियंत्रण खो बैठी और सीधे डिवाइडर से टकरा गई। गनीमत रही कि बस पलटी नहीं और समय रहते चालक ने स्थिति संभाल ली, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। घायल यात्रियों को पास के अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया है। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में बताया जा रहा है कि बस की कमानी (सस्पेंशन लीफ स्प्रिंग) टूट गई थी, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर यह हादसा कुछ ही मीटर आगे होता तो यह मुख्यमंत्री आवास या 1090 चौराहे के व्यस्त इलाके में बड़ी दुर्घटना का रूप ले सकता था। फिलहाल गौतमपल्ली थाने की पुलिस मामले की जांच में जुटी है। परिवहन विभाग को भी सूचित किया गया है। बस चालक से पूछताछ जारी है।

# पुलिस की बड़ी लापरवाही, कस्टडी से दो नाबालिग युवक फरार, परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राजधानी लखनऊ के नाका थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां पुलिस की भारी लापरवाही के चलते दो नाबालिग युवक थाने की कस्टडी से फरार हो गए। यह दोनों युवक 17 जून को अपने पड़ोस की एक नाबालिग लड़की को कथित रूप से भगाने के मामले में हिरासत में लिए गए थे।

### दुगावा चौकी इंचार्ज को सौंपे गए थे युवक

जानकारी के अनुसार लड़की के परिजनों की शिकायत पर जब मामले की जांच शुरू हुई, तो दोनों युवकों और लड़की को ढूंढकर उनके परिजनों ने दुगावा चौकी इंचार्ज के सुपुर्द कर दिया था। थाने में दोनों परिवारों के बीच सुलह की बातचीत चल रही थी।

### सीएम से लगाई न्याय की गुहार

परिजनों ने मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप कर न्याय की मांग की है। साथ ही पुलिस प्रशासन पर विश्वासघात और संवेदनशील मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

### पुलिस पर उठे सवाल

इस घटना ने लखनऊ पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नाबालिगों की सुरक्षा और हिरासत में रखे गए अभियुक्तों की निगरानी में ऐसी लापरवाही कहीं न कहीं सिस्टम की गंभीर खामी को उजागर करती है।

### सुलह में आड़े आई धनराशि की मांग

सूत्रों की मानें तो लड़की पक्ष द्वारा अधिक धनराशि की मांग किए जाने के कारण सुलहनामा नहीं हो सका। वहीं, बीती रात अचानक दोनों युवक नाका थाने से गायब हो गए, और पुलिस को भनक तक नहीं लगी।

### रो-रोकर बेहाल पीड़ित परिवार

फरार युवकों के परिजनों ने पुलिस पर गंभीर लापरवाही और बच्चों की सुरक्षा में चूक का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि थाने से बच्चों का इस तरह गायब हो जाना बड़ी चिंता का विषय है और किसी अनहोनी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

# एलडीए जोन-2 में अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

## पद्मजा इन्फ्रा बिल्ड की तीन बीघा जमीन पर कड़ी कार्रवाई!

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



विकास प्राधिकरण एलडीए ने रविवार को ज़ोन-2 के मोहनलालगंज क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए पद्मजा इन्फ्रा बिल्ट द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चला दिया। यह कार्रवाई एलडीए के उपाध्यक्ष के स्पष्ट निर्देशों के बाद अमल में लाई गई, जिससे अवैध कॉलोनाइजरों में हड़कंप मच गया। एलडीए अधिकारियों की मानें तो करीब तीन बीघा कृषि भूमि पर बिना किसी अनुमति और लेआउट स्वीकृति के प्लॉटिंग की जा रही थी। मौके पर जेसीबी मशीनों की मदद से अवैध रूप से काटे गए प्लॉट और निर्माण ढहा दिए गए। एलडीए प्रवक्ता ने बताया कि पद्मजा इन्फ्रा बिल्ट द्वारा किसी भी प्रकार की वैधानिक अनुमति नहीं ली गई थी, और संबंधित क्षेत्र कृषि भूमि घोषित है, जिस पर प्लाटिंग करना पूरी तरह से गैरकानूनी है। यह कार्रवाई यूपी अर्बन प्लानिंग एंड डिवेलपमेंट एक्ट 1973 के अंतर्गत की गई।

### एलडीए की सख्ती जारी...

एलडीए प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाई जाएगी। अधिकारी लगातार ऐसे स्थलों की पहचान कर रहे हैं, जहां बिना अनुमति के कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं। आने वाले दिनों में और भी बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

### जनता से अपील

एलडीए ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे प्लॉट खरीदने से पहले विकास प्राधिकरण से संबंधित भूमि की वैधता की जांच अवश्य करें। अवैध कॉलोनियों में निवेश करने से भविष्य में भारी नुकसान हो सकता है।

## लखनऊ बनेगा देश दुनिया का पहला जीरो वेस्ट शहर: शर्मा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने रविवार को दोपहर 12:30 बजे लखनऊ की मोहान रोड़ स्थित शिवरी कूड़ा प्रोसेसिंग प्लांट पहुंचकर लखनऊ को देश दुनिया का पहला जीरो वेस्ट शहर बनाने के लिए कूड़ा प्रोसेसिंग की 700 मीट्रिक टन प्रतिदिन की क्षमता वाली तीसरी यूनिट का उद्घाटन किया और बटन दबाकर प्लांट को चालू किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वेस्ट टू वेल्थ और कचरे से कंचन बनाने के संकल्प को नगर विकास विभाग साकार कर रहा है, यहां पर पहले से 700-700 मीट्रिक टन क्षमता के दो कूड़ा प्रोसेसिंग प्लांट्स चल रहे थे, जिनसे 1400 मीट्रिक टन कूड़ा प्रतिदिन निस्तारित हो रहा था। अब 700 मीट्रिक टन क्षमता का यह तीसरा प्लांट शुरू होने से अब 2100 मीट्रिक टन कूड़े का प्रतिदिन निस्तारण हो सकेगा और लखनऊ से प्रतिदिन निकलने वाला 2000 मीट्रिक टन कूड़ा रोजाना निस्तारित किया जा सकेगा।

# लोकतंत्र पर लाठी और सत्ता की धमकी, सासंद-अभियान या विरोधियों की सुपारी?

जन एक्सप्रेस | लखनऊ/हरदोई

जनपद से एक बेहद सनसनीखेज़ मामला सामने आया है, जहाँ लोकतंत्र का गला घोंटने की पूरी साजिश सत्ता के गलियारों में रची जा रही है। ग्राम कोथावां, थाना बेनीगंज के निवासी विनय कुमार पाण्डेय का कसूर सिर्फ इतना है कि उन्होंने लोकतंत्र में अपने राजनीतिक अधिकार का इस्तेमाल करते हुए समाजवादी पार्टी का समर्थन किया ६ और अब उन्हीं के ऊपर जानलेवा हमलों की साज़िशें रची जा रही हैं! विनय पाण्डेय का आरोप है कि उन्होंने जब मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद अशोक रावत व बालामऊ विधायक रामपाल वर्मा के खिलाफ राजनीतिक मतभेद जाहिर किए, तो सत्ता के इन धन्नासेठों की आत्मा पर जैसे कुठाराघात हो गया। परिणामस्वरूप, आए दिन पुलिसिया उत्पीड़न, अज्ञात लोगों द्वारा पीछा, धमकियाँ, रेकी और जान से मारने तक की कोशिशें शुरू हो गईं।

### क्या यही है 'अमृतकाल' का लोकतंत्र?

जब एक सामान्य ग्रामीण नागरिक के सिर पर सांसद और विधायक की राजनीतिक तानाशाही मंडराने लगे, जब प्रशासन सत्ता के इशारों पर आमजन को डराने लगे, जब थानेदार शिकायत लेने के बजाय धमकियाँ देने लगे ६ तब लोकतंत्र को काला झंडा दिखाने का वक्त आ जाता है।

### अब सवाल उठता है

- क्या सत्ता का विरोध करने वाला हर नागरिक देशद्रोही हो गया है?
- क्या राजनीतिक असहमति अब जान की कीमत पर मिलेगी?
- क्या भाजपा नेताओं का विरोध करना अब अपराध बन गया है?
- हरदोई का प्रशासन क्या सिर्फ सत्ता की गुलामी में झुका रहेगा या कभी इंसाफ की तरफ भी देखेगा?

### जन एक्सप्रेस की यह मांग है कि

- विनय कुमार पाण्डेय की शिकायतों की निष्पक्ष जांच हो।
- सांसद अशोक रावत और विधायक रामपाल वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हो।
- पीड़ित परिवार को तत्काल सुरक्षा मुहैया कराई जाए।
- यूपी सरकार बताए क्या ये जनसेवक हैं या जनविरोधी दबंग?
- अब भी अगर शासन-प्रशासन ने आंखें मूंदी रखीं, तो इसका अर्थ यही होगा उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र सांस नहीं ले सकता, वह दम घोंट कर मारा जा रहा है।

### पुलिस और प्रशासन मौन क्यों हैं?

विनय पाण्डेय ने स्पष्ट रूप से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, डीजीपी, पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी सहित कई संवैधानिक संस्थाओं को पत्र भेजा, लेकिन परिणाम वही ढाक के तीन पात। उल्टा शिकायत वापस लेने का दबाव, धमकियाँ और साजिशें और तेज़ हो गईं। अगर कल को विनय या उनके परिवार के साथ कोई अनहोनी होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सांसद अशोक रावत और विधायक रामपाल वर्मा की होगी यह बात विनय अपने शिकायती पत्र में पहले ही लिख चुके हैं।

# विश्वकर्मा समाज की जातीय जनगणना हेतु एकजुटता पर जोर, लखनऊ में राष्ट्रीय बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा तथा सम्बद्ध संगठनों के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को दारूलसफा सभागार, लखनऊ में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा ने की, जबकि संचालन राष्ट्रीय महासचिव राजेश विश्वकर्मा ने किया। बैठक में जातीय जनगणना में विश्वकर्मा समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा प्रस्तावित जातीय जनगणना में विश्वकर्मा समाज को संगठित रूप से ÷विश्वकर्मा÷ नाम से अपनी जाति दर्ज करानी चाहिए, जिससे समाज की वास्तविक जनसंख्या सामने आ सके। उन्होंने बताया कि पूरे देश में समाज की अनुमानित जनसंख्या 12 से 15 करोड़ है, जो कि राजनीति में एक प्रभावशाली भूमिका निभा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के विभिन्न उपनाम जैसे शर्मा, पांचाल, धीमान, जांगिड़, टांक, शिल्पकार, स्वर्णकार, मैथिल, रामगढिया, ओझा, सैफी आदि नामों से होने के कारण जनगणना में समाज विभाजित हो जाता है और वास्तविक आंकड़ा सामने नहीं आ पाता। बैठक में तय किया गया कि समाज को जागरूक करने के लिए प्रदेश और जनपद स्तर पर सम्मेलन व बैठकों का आयोजन किया जाएगा और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अच्छेलाल विश्वकर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. शशिकांत विश्वकर्मा, राष्ट्रीय सचिव पवन झां, शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सूरजबली विश्वकर्मा, श्यामलाल विश्वकर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरिश मैथिल सहित कई जिलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर समाज को जातीय जनगणना में विश्वकर्मा नाम से एकजुट होने का आह्वान किया।

## सीएचसी अधीक्षक पर गंभीर आरोप, शासनादेश के विरुद्ध तैनाती, सीएम तक पहुँची शिकायत

जन एक्सप्रेस | हरदोई/लखनऊ

जिले के संडीला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी के अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार पर शासनादेश की धज्जियाँ उड़ाने और पद का दुरुपयोग करने के गंभीर आरोप लगे हैं। मामले की शिकायत कछौना निवासी दुर्गेश सिंह ने मुख्यमंत्री कार्यालय को सीधे भेजी है, वहीं एमएलसी अशोक अग्रवाल ने भी मुख्यमंत्री से प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

### शासनादेश को किया नजरअंदाज!

शिकायत के अनुसार डॉ. मनोज कुमार की तैनाती राज्य सरकार के निर्देशों के विपरीत की गई है। इसके बावजूद उन्हें सीएचसी अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई और इसके साथ ही उन्हें नोडल अधिकारी भी बना दिया गया, जो नियमों के स्पष्ट उल्लंघन की ओर इशारा करता है।

### सीएमओ की अनुपस्थिति में खुद करते हैं हस्ताक्षर!

शिकायत में यह भी बताया गया है कि सीएमओ मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अनुपस्थिति में डॉ. मनोज कुमार अपने स्तर से आदेश जारी कर रहे हैं, जो न केवल प्रशासनिक प्रक्रिया का उल्लंघन है, बल्कि सत्ता के दुरुपयोग की श्रेणी में आता है।

### प्रशासनिक अफसरों और जनप्रतिनिधियों को कर रहे गुमराह

मामले में सबसे गंभीर पहलू यह बताया गया है कि अधीक्षक जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, सीएमओ और स्थानीय जनप्रतिनिधियों तक को गलत जानकारी देकर गुमराह कर रहे हैं, जिससे संडीला सीएचसी में अव्यवस्था और शंका का माहौल बन गया है।

# नगर निकायों को मिली बड़ी ताकत

## अब 1 से 2 करोड़ तक के कार्य कर सकेंगी नगर पंचायतें व पालिकाएं

- योगी सरकार का बड़ा फैसला, निकायों को मिली वित्तीय आज़ादी, जवाबदेही भी होगी तय

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

योगी सरकार ने नगरीय विकास की दिशा में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। नगर विकास विभाग ने नगर निकायों को अधिक वित्तीय स्वायत्तता देने का फैसला किया है, जिससे अब स्थानीय निकाय अपने क्षेत्र में विकास कार्यों को तेज़ी और पारदर्शिता के साथ अंजाम दे सकेंगे।

### निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का सख्त मानक

योगी सरकार ने केवल स्वायत्तता नहीं दी, बल्कि कार्यों की गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नए मानक भी निर्धारित किए हैं। अब निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कमी या मापन में त्रुटि की स्थिति में 50 प्रतिशत जिम्मेदारी ठेकेदार की और 50 प्रतिशत जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारी की होगी।

### अब नगर पंचायतें करेंगी 1 करोड़ तक के कार्य, नगर पालिकाएं 2 करोड़ तक स्वतंत्र

नवीनतम निर्णय के अनुसार, अब नगर पंचायतें 1 करोड़ रुपये तक और नगर पालिकाएं 2 करोड़ रुपये तक के निर्माण व विकास कार्य स्वतः स्वीकृत कर, क्रियान्वयन कर सकेंगी। इसके लिए मानक संचालन प्रक्रिया एसओपी में आवश्यक संशोधन भी कर दिया गया है।

### तकनीक के साथ विकास: एफडीआर तकनीक को प्राथमिकता

सड़क निर्माण कार्यों में अब नई और उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल होगा। खासकर एफडीआर तकनीक को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे सड़कों की मजबूती और दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित होगा।

### इंटरलॉकिंग टाइल्स को मिली मंजूरी

अब 3.75 मीटर चौड़ी सड़कों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने की भी अनुमति दी गई है, लेकिन गुणवत्ता की प्रमाणिकता अनिवार्य होगी। इससे छोटे नगरों और कस्बों में भी आकर्षक, टिकाऊ और सुगम सड़कों का निर्माण हो सकेगा।

# एटा में दलित की बारात पर बवाल: ठाकुर समाज के विरोध के बाद पथराव, सिपाही घायल

- पुलिस की मौजूदगी में डलवाए गए फेरे, एसएसपी और प्रशासनिक अफसर मौके पर डटे रहे

जन एक्सप्रेस | लखनऊ/एटा



एटा जिले के थाना अवागढ़ क्षेत्र के गांव ढकपुरा में शनिवार शाम जातीय तनाव का एक और शर्मनाक मामला सामने आया, जब एक दलित युवक की बारात का ठाकुर समाज के लोगों ने विरोध किया। विरोध इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद पथराव शुरू हो गया, जिसमें एक पुलिस सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थिति बिगड़ते ही प्रशासन हरकत में आया और एसएसपी श्याम नारायण सिंह, एएसपी, एसडीएम और सीओ सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अंततः पुलिस की कड़ी निगरानी और सुरक्षा में विवाह संपन्न कराया गया।

### निर्धारित रास्ता बदलने पर भड़का जातीय विवाद

गांव के लोगों और बारात पक्ष के अनुसार, दलित समाज की लड़की की बारात सामान्य रूप से चल रही थी, लेकिन बारात को जब निर्धारित रास्ते की जगह दूसरे रास्ते से ले जाया गया, तो ठाकुर समाज के कुछ लोगों ने इसका विरोध किया। विरोध बढ़ते-बढ़ते पथराव में तब्दील हो गया। पथराव के दौरान एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### प्रशासन ने संभाला मोर्चा

घटना की गंभीरता को देखते हुए स्स्क श्याम नारायण सिंह, ८स्क राजकुमार सिंह, स्ष्ठरू भावना विमल और ष्टह्र ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे। मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और गांव में शांति बहाल की गई। दूल्हे के चाचा देवचरन ने बताया कि, पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में शादी सकुशल संपन्न हुई। अब दुल्हन को विदा करा के ला रहे हैं।

### जातिगत भेदभाव पर फिर उठे सवाल

यह घटना न सिर्फ कानून व्यवस्था, बल्कि समाज की जातीय सोच पर भी सवाल खड़े करती है। सवाल ये है कि आज भी एक दलित की बारात को विरोध का सामना क्यों करना पड़ता है? क्या 21वीं सदी के भारत में अभी भी जाति के नाम पर सामाजिक व्यवहार तय किए जाएंगे?

# काशी बनेगी ऐतिहासिक साक्षी: अमित शाह व चार राज्यों के मुख्यमंत्री दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी में आज

जन एक्सप्रेस | लखनऊ/वाराणसी

- काशी तैयार, ऐतिहासिक बैठक को लेकर सजी सियासी चौपाल



मोक्षनगरी काशी एक बार फिर ऐतिहासिक साक्षी बनने जा रही है। सोमवार, 23 जून को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंच रहे हैं। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित उत्तराखंड, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। इस खास मौके पर काशी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक का आयोजन होगा, जो पहली बार इस नगरी में होने जा रही है।

### एयरपोर्ट पर होगा भव्य स्वागत

लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर चार राज्यों के मुख्यमंत्री - योगी आदित्यनाथ (उत्तर प्रदेश), पुष्कर सिंह धामी (उत्तराखंड), मोहन यादव (मध्य प्रदेश), और विष्णुदेव साय (छत्तीसगढ़) - मिलकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भव्य स्वागत करेंगे।

### काल भैरव और बाबा विश्वनाथ का दर्शन

काशी कोतवाल श्री काल भैरव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में सभी विशिष्ट अतिथि दर्शन-पूजन करेंगे। इसके बाद सीएम योगी के द्वारा आयोजित विशेष रात्रिभोज में सभी अतिथिगण शामिल होंगे, जो राजनीतिक से ज्यादा सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक बनेगा।

### ताज होटल में ऐतिहासिक बैठक

मंगलवार, 24 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होटल ताज में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक आयोजित की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री इसकी अध्यक्षता करेंगे। बैठक में सुरक्षा, विकास, अंतरराज्यीय समन्वय, और नीति-निर्माण से जुड़े कई मुद्दों पर गहन चर्चा होगी। नीति आयोग, अंतरराज्यीय परिषद के प्रतिनिधि, चारों राज्यों के मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहेंगे।

### प्रशासन सतर्क, सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम

प्रशासन ने पूरे शहर को सुरक्षा घेरे में ले लिया है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है, ड्रोन से निगरानी और ट्रैफिक व्यवस्थाओं को नए सिरे से व्यवस्थित किया गया है।

### गृह मंत्री के स्वागत में काशी तैयार

भारतीय जनता पार्टी ने अमित शाह के स्वागत को यादगार बनाने के लिए कमर कस ली है। गृह मंत्री का स्वागत शहर के 11 स्थानों पर पारंपरिक अंदाज में किया जाएगा। ढोल-नगाड़े, शंखनाद, पुष्प वर्षा और डमरू दल के साथ पार्टी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के लोग स्वागत में जुटेंगे।

# रायबरेली पहुंचे मंत्री दयाशंकर सिंह, बोले, ओवर लोडिंग पर होती है सख्त कार्रवाई, पीएलडीटी से ट्रेस होगी वाहन की लोकेशन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

दुर्घटना करने के बाद कोई भी वाहन कानून के हाथों से नहीं बच सकेगा. इतना ही नहीं दुर्घटना के बाद वाहन और ड्राइवर बदलकर बीमा वसूलने वाले भी अब ऐसी हरकतों को अंजाम नहीं दे पाएंगे. दरअसल, प्रदेश सरकार वाहनों को ट्रैक करने के लिये सभी गाड़ियों में पीएलडीटी तकनीक मैंडेटरी करने जा रही है. परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह प्रतापगढ़ से लखनऊ लौटते वक्त शनिवार को रायबरेली में रुके. इस दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री का जोरदार स्वागत किया. प्रदेश में चल रहे ओवरलोड ट्रकों पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि अब इंट्री प्वाइंट पर कैमरे लगाए गए हैं, जिससे अब कोई भी ट्रक ओवर लोड करके नहीं चलता है. परिवहन मंत्री ने बताया कि परिवहन विभाग की सेवाएं अब सीएससी से जुड़ जाएंगी, जिससे लोगों को काफी सहूलियत हो जाएगी. प्रदेश सरकार में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के साथ पीएलडीटी युक्त वाहनों की रियल टाइम गतिविधि जानी जा सकेगी. उन्होंने कहा कि इसके लिये टेंडर प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही सभी गाड़ियों के लिये इसे अनिवार्य किया जायेगा. उन्होंने कहा कि हर जिले में ड्राइविंग और यातायात अनुसंधान संस्थान (आईडीटीआर) सेंटर नहीं हैं. उन्होंने कहा कि परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिये जल्द ही जिले में दो निजी मोटर ट्रेनिंग स्कूलों को अथराइज किया जायेगा. यहीं से ट्रेनिंग लेकर कोई भी अपना ड्राइविंग लाइसेंस बनवा सकेगा. लर्निंग लाइसेंस को लेकर उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों से विभाग से इस काम को लेकर ऑनलाइन किया जा चुका है. किसी को भी लर्निंग लाइसेंस बनवाना है वो घर बैठे अपने मोबाइल या जनसुविधा केंद्र से बनवा सकता है. उन्होंने कहा कि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा सोशल नेटवर्किंग साइट %ङ्ग% के जरिए देश भर में नए एनुअल फास्टैग पास को जारी करने का जो 15 अगस्त से ऐलान किया है उसे भी लागू किया जाएगा, जिसमें यूजर्स को साल भर में केवल एक बार 3000 रुपये की रकम खर्च करनी होगी. जिसके बाद यह पास यूजर को जारी कर दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि यह पास एक्टिव होने के बाद 1 साल या 200 यात्राओं (इसमें से जो भी पहले आए) तक के लिए वैलिड रहेगा. यानी यदि समय के पहले 200 ट्रिप्स पूरे हो जाते हैं तो यूजर्स को एक बार फिर से पास रिन्यू करना होगा. परिवहन मंत्री ने अवैध रूप से चल रहे आधे अधूरे डंपरों पर कार्रवाई की बात भी कही. पीएलडीटी फिलीपींस की मुख्य रूप से एक दूरसंचार और डिजिटल सेवा प्रदाता कम्पनी है जो परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में भी सेवाएं प्रदान करता है. पीएलडीटी एंटरप्राइज, पीएलडीटी की कॉर्पोरेट व्यवसाय शाखा, परिवहन और लॉजिस्टिक्स कंपनियों को कनेक्टिविटी समाधान और डिजिटल परिवर्तन में सहायता करती है. पीएलडीटी ने अपने आईपी परिवहन नेटवर्क को 5त्न-तैयार बनाने के लिए सिस्को के साथ साझेदारी की है, जो परिवहन क्षेत्र के लिए बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा. यूपी सरकार इस तकनीक को वाहनों पर लाने का विचार कर रही है. इसके जरिये वाहनों की सही लोकेशन का पता लग पाएगा.

## जिलाधिकारी के आदेश पर मात्र चार घंटे में मिला पट्टा आवंटन प्रमाण पत्र

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

डलमऊ में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने तहसील दिवस में आई दो महिला फरियादियो की समस्या को सुनकर मात्र चार घंटे में उनको आवासीय पट्टे का आवंटन उपजिलाधिकारी फरीद अहमद खान से करवाया। वृद्ध महिला रामकली पत्नी स्व. चौबेलाल निवासी थुलरई व निराश्रित महिला मंजू पत्नी कमलेश निवासी नरेंद्रपुर ,आज के दिन दोनों बेसहारा निराश्रित महिला समाधान दिवस में जिलाधिकारी के सामने अपनी समस्या लेकर आईं। फरियादियों की समस्या को सुनकर जिलाधिकारी के आदेश के बाद मात्र चार घंटे में पट्टा आवंटन प्रमाणपत्र उपजिलाधिकारी व तहसीलदार ने दिया।आवासीय पट्टा प्राप्त होने के बाद दोनों निराश्रित महिलाओं ने जिलाधिकारी के शतायु होने की कामना की।

# रायबरेली के राही ब्लॉक में उपकरणों की खरीद में घोटाले का आरोप

### एडीओ पंचायत ने डीपीआरओ से की जांच की मांग, तीन सदस्यीय जांच टीम गठित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली जनपद के राही विकास खंड में सरकारी उपकरणों की खरीद में बड़े घोटाले का पर्दाफाश होने की आशंका जताई जा रही है। इस मामले में वर्तमान एडीओ पंचायत संजीव शर्मा ने गंभीर आरोप लगाते हुए डीपीआरओ सौम्य शील को पत्र लिखकर जांच की मांग की है। मामला ब्लॉक कार्यालय में तीन नए एसी की खरीद से जुड़ा है, लेकिन सिर्फ एक एसी ही नया पाया गया, जबकि शेष दो या तो पुराने हैं या पूरी तरह अनुपलब्ध। भीषण गर्मी में कार्यालय के अन्य पुराने एसी भी खराब पड़े हैं, जिससे कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है।



**ऑफिस से लैपटॉप और बैटरी भी गायब!**

मामले की परतें और गहरी तब हो गईं जब कार्यालय से सरकारी लैपटॉप और बैटरी के गायब होने की भी पुष्टि हुई। इन उपकरणों की खरीदी व रख-रखाव में भारी अनियमितताएं सामने आ रही हैं।

**डीपीआरओ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गठित की जांच टीम**

जांच की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील ने तत्काल तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन कर दिया है। यह टीम पूरे प्रकरण की वस्तुनिष्ठ जांच करेगी। साथ ही तत्कालीन एडीओ पंचायत प्रेम पाल को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

**जिम्मेदारों पर गिरेगी गाज!**

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यदि घोटाले के प्रमाण मिलते हैं तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ विभागीय व विधिक कार्रवाई की जाएगी। जांच रिपोर्ट के बाद दोषियों पर बड़ी कार्रवाई तय मानी जा रही है।

# धूमधाम से मनाया गया मां मरहरा देवी का तीसरा स्थापना दिवस

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के पश्चिमी छोर पर स्थित मां मरहरा देवी मंदिर का तीसरास्थापना दिवस बड़ी ही धूम धाम से मनाया गया।हजारों वर्ष पुराने इस मंदिर का जीर्णोद्धार तीन वर्ष पहले क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया गया था।तृतीय स्थापना दिवस पर श्रद्धा म्यूजिकल ग्रुप ने अपने भक्ति रसों से ओतप्रोत भजनों के माध्यम से लोगों को आनंदित किया।स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।आयुर्वेदाचार्य आजाद ÷बैरागी÷ के द्वारा लोगों को निःशुल्क आयुर्वेदिक दवाएं वितरित की गई।बुजुर्गों की माने तो मां मरहरा देवी मंदिर का इतिहास द्वापर युग से संबंधित है। माना जाता है कि द्वापर युग में अर्जुन अज्ञातवास के समय आखेट खेलने इस स्थान पर आए थे तभी मां भगवती ने उनको दर्शन दिए थे उसी समय से यह मंदिर प्रसिद्धि में आया । लोगों की माने तो सिंहपुर ब्लॉक के करीब स्थित मां अहोरवा देवी और मां मरहरा देवी दोनों सगी बहनें हैं।मां मरहरा देवी मंदिर से हजारों लोगों की आस्थाएं आज भी जुड़ी हुई हैं।प्रत्येक सोमवार को सैकड़ों की संख्या में भक्त मंदिर पर प्रसाद चढ़ाने और आशीर्वाद लेने आते हैं।मंदिर के पुजारी आजाद ÷बैरागी÷ की माने तो आस्थावान भक्तों की हर मनोकामना मां मरहरा देवी पूरी करती हैं।सात सोमवार मंदिर की परिक्रमा पूरी करने से आंखों से संबंधित कई रोग ठीक होने का भी दावा किया जाता है। तृतीय स्थापना दिवस के अवसर पर कुकहा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनुज पाण्डेय,राघव सिंह,वेद प्रकाश मौर्य पूर्व प्रधान संत शरण शर्मा,अमित तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## एनटीपीसी ऊँचाहार में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

सीआईएसएफ कर्मियों के लिए एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। वर्ष 2025 की थीम ×ह्लश्ह्ल;एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग×ह्लश्ह्ल; पर आधारित इस सत्र का आयोजन योग प्रोटोकॉल के अनुरूप किया गया। योग प्रशिक्षक द्वारा उपस्थित जनो को पहले योग अभ्यास, फिर प्राणायाम एवं अन्य शारीरिक क्रियाओं का सूक्ष्म एवं प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ इस सत्र में भाग लेकर योग एवं प्राणायाम का लाभ उठाया। महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री आशुतोष बिस्वास ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर हम शरीर को स्वस्थ और मन को संतुलित रख सकते हैं। कार्यक्रम में कर्मचारियों, महिलाओं और बच्चों ने मंच पर विविध योगासनों का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

# लेखपाल की पन्नी ने समाधान दिवस में लगाई गुहार, पति की दूसरी शादी की साजिश पर सीओ ने दिया जांच का भरोसा

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

डलमऊ तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस इस बार एक घरेलू और कानूनी मामले का गवाह बना, जहां एक महिला ने अपने पति द्वारा दूसरी शादी रचाने की साजिश का खुलासा करते हुए न्याय की मांग की। शिकायतकर्ता विजय लक्ष्मी वर्मा ने खुलकर प्रशासन के सामने अपनी आपबीती सुनाई और कहा कि उनके पति पंकज वर्मा, जो पेशे से लेखपाल हैं, रायबरेली के ही सताव गांव की एक महिला से दूसरी शादी करने की तैयारी में हैं, जबकि वह अब भी उनकी विधिवत विवाहित पत्नी हैं। विजय लक्ष्मी वर्मा, जो कि रायबरेली जनपद के चक मलिक भीटी, थाना डलमऊ की निवासी हैं, ने बताया कि उन्होंने खुद सताव गांव जाकर तथ्यों की पुष्टि की और संबंधित महिला और उसके परिवार से बातचीत भी की। गांव के लोगों को उन्होंने यह बताया कि वह पहले से ही पंकज वर्मा की पत्नी हैं और इस तरह की दूसरी शादी पूरी तरह से अवैध है। इसके बावजूद उनके पति दूसरी शादी की कोशिश में लगे हैं और समाज और कानून दोनों को धोखा देने का प्रयास कर रहे हैं। संपूर्ण समाधान दिवस के मंच पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में हुई इस सुनवाई में कई शिकायतें दर्ज की गईं, लेकिन विजय लक्ष्मी वर्मा की शिकायत ने विशेष ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि कई बार अधिकारियों के चक्कर काटने के बावजूद उनकी बात नहीं सुनी गई, लेकिन इस बार जब उन्होंने मामले को क्षेत्राधिकारी डलमऊ के सामने रखा तो उन्हें गंभीरता से सुना गया और दो दिन के भीतर जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया। कानूनी दृष्टिकोण से देखा जाए तो हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार, जब तक पहली पत्नी जीवित है और तलाक नहीं हुआ है, तब तक दूसरी शादी अवैध मानी जाती है और यह भारतीय दंड संहिता की धारा 494 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। ऐसे में यदि आरोप सिद्ध होते हैं तो आरोपी लेखपाल के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही निश्चित रूप से हो सकती है। यह मामला प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता और जिम्मेदारियों की भी परीक्षा है। एक सरकारी कर्मचारी द्वारा यदि कानून का उल्लंघन होता है, तो यह समाज में गलत संदेश भेजता है। यही कारण है कि यह मामला सोशल मीडिया और स्थानीय खबरों में तेजी से वायरल हो रहा है और लोगों की सहानुभूति विजय लक्ष्मी के साथ दिखाई दे रही है। इस खबर का मुख्य बिंदु यह है कि एक महिला, जिसने अपने वैवाहिक अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर आवाज उठाई, अब प्रशासनिक भरोसे की उम्मीद में है। यदि इस मामले में समय रहते उचित कार्रवाई की जाती है, तो यह न केवल विजय लक्ष्मी के लिए न्याय होगा, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी एक मिसाल बन सकता है।

## दर्दनाक सड़क हादसे में मिनी ट्रक की टक्कर से किसान यूनियन कार्यकर्ता की मौत

**जन एक्सप्रेस । तिलोई अमेठी**

तहसील तिलोई अंतर्गत इन्हौना थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक तेज़ रफ्तार मिनी ट्रक ने सड़क किनारे खड़े भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं को रौंद दिया। हादसे में भाकियू के युवा कार्यकर्ता वसीउल्ला की मौत हो गई,जबकि महिला जिलाध्यक्ष समीमा सहित तीन अन्य लोग घायल हो गए।जानकारी के अनुसार सभी कार्यकर्ता संगठन की मासिक बैठक के बाद अपने घर लौट रहे थे और रास्ते में रुककर संगठन से जुड़ी चर्चाएं कर रहे थे। इसी दौरान एक बेकाबू मिनी ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वसीउल्ला की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो गई।पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


## आम तोड़ने पेड़ पर चढ़े व्यक्ति की गिरने से मौत

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

विकास खण्ड सिंहपुर क्षेत्र के ग्राम गढ़ी महाबल में एक दुखद घटना में रामकिशोर गुप्ता 55 वर्ष,पुत्र बाबादीन की आम तोड़ते समय पेड़ से गिरने के कारण मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार वह रविवार सुबह सुबह अपने खेत में आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़े थे,इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर पड़े।परिजन तत्काल उन्हें अस्पताल ले गए,लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर है।

# मुख्यमंत्री माटीकला ग्रामोद्योग रोजगार योजना के लाभ के लिये करें सम्पर्क

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संतोष कुमार गौतम ने बताया है कि प्रजापति समाज (मिट्टी का काम करने वाले) की आर्थिक स्थिति सुदृढ करने के लिए राज्य सरकार द्वारा राजस्व विभाग से मिट्टी निकालने हेतु प्राप्त पट्टा धारकों/परम्परागत कारीगरों (कुम्हारों) को आसान किस्तों में बैंकों के माध्यम से ऋण भी उपलब्ध कराया जायेगा। प्लास्टिक और थर्माकोल से बने पात्रो मे खाद्य वस्तुओं का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। तथा पर्यावरण के लिए भी नुकसान दायक है। जिसके लिए उ0प्र0 सरकार भी प्लास्टिक का चलन रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके स्थान पर मिट्टी के बर्तनो को बढ़ावा देने से प्रदूषण में कमी के साथ ही कुम्हारी कला से जुडे परिवारो की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। खादी ग्रामोद्योग विभाग से माटीकला बोर्ड की ओर से शुरू की गयी मुख्यमंत्री माटीकला ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत विभिन्न प्रकार के मिट्टी के बर्तन बनाने और बेचने का कार्य करने हेतु मु0 10.00 लाख रुपये तक का ऋण बैंक द्वारा दिलाया जाएगा। इसमें लाभार्थी को 5 प्रतिशत अंशदान स्वयं लगाना होगा तथा प्रोजेक्ट पर 95 प्रतिशत तक की धनराशि ऋण के रूप में बैंकों द्वारा स्वीकृत होगी। जिसमे कार्यशील पूंजी को छोड़कर शेष पूंजीगत ऋण धनराशि पर 25 प्रतिशत तक की धनराशि लाभार्थियों को मार्जिन मनी के रूप में अनुदान स्वरूप प्राप्त होगी। यह धनराशि तीन वर्ष बाद ऋण खाते मे कार्य करने की दशा में समायोजित होगी। इच्छुक अभ्यर्थी महिला/पुरुष अपने निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, फोटो, शैक्षिक योष्यता आदि प्रपत्रों के साथ अपना आवेदन जिला ग्रामोद्योग कार्यालय पुरानी तहसील रायबरेली में कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के मो0-7408410810 एवं आनंद कुमार के मो0-8318013131 पर सम्पर्क कर सकते है।


## जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा-06 में प्रवेश हेतु करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जवाहर नवोदय विद्यालय रायबरेली के प्रभारी-प्राचार्य एन.डी. रस्तोगी ने बताया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय रायबरेली में सत्र 2026-27 में कक्षा-06 में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 निर्धारित है। उन्होंने बताया कि केवल वही अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग कर पायेंगे जो ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करेंगे। अधिक जानकारी हेतु नवोदय विद्यालय समिति की अधिकारिक वेबसाइट डाउनलोड का अवलोकन कर सकते है। आवेदन की जानकारी हेतु इन नम्बरों 8318660476, 9653059158, 9415524308 पर भी संपर्क कर सकते है।

# ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए 14 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने बताया है कि पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए 'ओ' लेबल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना ऑनलाइन संचालित है। निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में उक्त योजना के संचालन हेतु समय सारणी प्राप्त हुई है।

उन्होंने बताया है कि योजनान्तर्गत भारत सरकार की अधिकृत संस्था 'नीलिट' से मान्यता प्राप्त एवं निदेशालय द्वारा चयनित 'ओ' लेवल/सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कराने वाली संस्थाओ के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों जिनके माता-पिता/अभिभावक की वार्षिक आय रू0 1.00 लाख तक है, द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश, की बेवसाइट backwardwelfare-up.gov.in पर दिये गये लिंक एवं obecomputertraining.upsdc.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन 14 जुलाई, 2025 तक किया जा सकता है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए अभ्यार्थी की न्यूनतम शैक्षिक अर्हता इण्टरमीडिएट निर्धारित है। प्रशिक्षणार्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक न हो तथा वह किसी शिक्षण संस्थान से छात्रवृत्ति न प्राप्त कर रहा हो। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के उपरान्त आवेदन की प्रति का प्रिंट आउट प्राप्त कर समस्त अभिलेखों / विवरणों को संलग्न करते हुए उसकी हार्डकापी 02 प्रतियो में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन रायबरेली के कार्यालय में दिनांक 14 जुलाई, 2025 के सायं 05ः00 बजे तक उपलब्ध कराये जाने पर ही आवेदन मान्य किया जायेगा। तत्पश्चात जनपद स्तरीय चयन समिति द्वारा चयन की कार्यवाही की जायेगी। विस्तृत दिशा-निर्देश/समय-सारणी उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दी गई है।

## धक्का देकर बस को किया गया स्टार्ट, पुलिसकर्मी भी दिखे मदद करते

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




जिले में रविवार को एक अनोखा नज़ारा देखने को मिला,जब यात्रियों से भरी सरकारी बस अचानक बीच रास्ते में बंद हो गई।चालक द्वारा कई प्रयासों के बाद भी जब बस स्टार्ट नहीं हुई,तो स्थानीय लोग और कुछ पुलिसकर्मी खुद आगे आए और धक्का लगाकर बस को चालू करने की कोशिश की।इस दौरान यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।लेकिन सहयोग की भावना देखने लायक थी।वर्दीधारी पुलिसकर्मी भी बस के पीछे से धक्का लगाते नजर आए।स्थानीय लोगों ने बताया कि बस की हालत काफी जर्जर है और यह अक्सर खराब हो जाती है।लोगों ने परिवहन विभाग से मांग की है कि बसों के रखरखाव पर ध्यान दिया जाए ताकि यात्रियों को असुविधा न हो।

## महिला सुरक्षा में देश भर में नंबर एक बना उत्तर प्रदेश

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव रविवार को अयोध्या पहुंची। वह यहां एक होटल में आयोजित यंग थिंकर्स मीट में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि यह युवाओं का कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में कई विषयों पर चर्चा हुई। यंग थिंकर्स मीट में महिलाओं पर भी चर्चा हुई। इसमें लोकल और ग्लोबल में महिलाओं की क्या भूमिका होगी, उस पर भी चर्चा की गई। आज महिलाएं देश के साथ विश्व में आगे बढ़ रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिया है। महिलाओं की प्रति सेक्सुअल ऑफेंस के निस्तारण में उत्तर प्रदेश नंबर वन हुआ है। इसमें आरोपियों को कितनी जल्दी सजा होती है, इस पर विशेष ध्यान दिया जाता है। पहले महिलाओं की सुरक्षा के मामले में उत्तर प्रदेश आठवें नंबर पर था और अब नंबर वन पर है। जब किसी व्यक्ति पर यौन शोषण का आरोप लगता है, चाहे वह किसी पद पर है, अगर उस पर आरोप लगता है और आरोप सिद्ध होते हैं तो उन पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## घटतौली के खिलाफ ग्रामीणों का हंगामा, कोटेदार पर गंभीर आरोप



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के विकास खण्ड संग्रामपुर क्षेत्र के उत्तर गांव में रविवार को ग्रामीणों ने राशन की दुकान के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कोटेदार सत्यनारायण यादव पर दो किलो तक राशन कम तौलने का आरोप लगाया है।प्रदर्शन के दौरान जमकर नारेबाज़ी भी की गई।ग्रामीणों का आरोप है कि सत्यनारायण यादव इलेक्ट्रॉनिक कांटे पर अंगूठा लगवाने के बाद पुराने कांटे से राशन तौलते हैं।जिससे हर कार्डधारक को कम अनाज मिलता है।लोगों ने बताया कि यह घटतौली कई महीनों से चल रही है,लेकिन अब सब्र का बांध टूट गया।प्रदर्शनकारियों की मांग है कि कोटेदार की जांच कर कार्रवाई की जाए।मौके पर राजस्व व खाद्य विभाग की टीम को बुलाने की मांग की गई है। यदि जल्द सुनवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पर धरना देने की चेतावनी दी है।

# वृक्षारोपण अभियान की व्यापक तैयारी एक से सात तक लगेंगे 43 लाख पौधे

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



पर्यावरण संरक्षण को लेकर अमेठी जिला प्रशासन और वन विभाग इस वर्ष एक बड़ी पहल करने जा रहे हैं। एक से सात जुलाई तक आयोजित होने वाले वृक्षारोपण महाअभियान के तहत जिले में 43 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए वन विभाग ने पहले से ही जिले की 28 नर्सरियों में करीब 62 लाख पौधों को तैयार कर लिया है।मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष का वृक्षारोपण अभियान विशिष्ट स्वरूप में आयोजित किया जाएगा। अभियान के दौरान जिले में कई विशेष वन वाटिकाओं की स्थापना की जाएगी,जिनमें अटल वन,शौर्य वन और एकता वन प्रमुख हैं। इन वाटिकाओं का उद्देश्य ना सिर्फ पर्यावरण की रक्षा करना है,बल्कि देश के महापुरुषों और वीरों की स्मृति को भी चिरस्थायी बनाना है।खास बात यह है कि इस बार भारतीय सेना के ÷ऑपरेशन सिंदूर÷ की सफलता के सम्मान में एक विशेष शौर्य वन वाटिका बनाई जाएगी,जिसमें सिंदूर के पौधे लगाए जाएंगे।यह पहल युवाओं में देशभक्ति और सैन्य बलों के प्रति सम्मान की भावना को भी प्रोत्साहित करेगी।प्रभागीय वन अधिकारी रणवीर मिश्र ने बताया कि अभियान को पूरी गंभीरता और शासन के निर्देशों के अनुसार संचालित किया जाएगा।उन्होंने कहा कि वन विभाग के अलावा अन्य विभागों,स्वयंसेवी संगठनों,स्कूलों और स्थानीय नागरिकों की भी इसमें सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है,बल्कि यह अमेठी को हरियाली से आच्छादित करने और भावी पीढ़ियों के लिए एक बेहतर पर्यावरणीय विरासत छोड़ने का सशक्त प्रयास भी है।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, सोमवार, 23 जून, 2025





**निर्धारित स्थानों पर ही रखे जायेंगे ताजिए...**


बछूपुर। कोतवाली बछूपुर प्रांगण में आगामी मोहर्रम को सफल बनाने के लिए कार्तिकेय सिंह एसडीम फतेहपुर की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई... शेष पेज 11 पर...

# कानपुर कार्डियोलॉजी में सरकार की स्वच्छ भारत योजना हुई धराशाही

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शहर में स्थित हृदय रोग संस्थान में मरीजों को अव्यवस्था व गंदगी के साथ अन्य बीमारियों का उपहार दिया जा रहा है। जहां उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को और शुद्रण करने में लगी है वहीं कानपुर शहर के जाने-माने हृदय रोग संस्थान का प्रबंध तंत्र सरकार की सभी मंसूबों पर पानी फेरता हुआ नजर आ रहा है।

कानपुर नगर के रावतपुर में स्थित देश का बड़ा हृदयरोग संस्थान जहां सिर्फ कानपुर के ही मरीज नहीं बल्कि देश भर से मरीज आते है। और शायद कानपुर में इकलौता होने के कारण ही वहां के कर्मचारी फिर चाहे वह डॉक्टर हो या फोर्थ क्लास का कर्मचारी कोई भी सीधे मुंह बात तक नहीं करता है। यदि नया मरीज आए तो उससे इधर से उधर भटकाने में वहां के कर्मचारी कोई कसर तक नहीं छोड़ते है जिसके कारण मरीज इधर से उधर भटकता रहता है। कार्डियोलॉजी अस्पताल जहां दिन भर में हजारों की तादात में दिल के मर्ज से परेशान लोगों का आना जाना लगा रहता है और जहां स्वच्छता अहम जरूरी है वही कुछ गैर जिम्मेदारों के कारण गंदगी की अत है आलम यह है कि कार्डियोलॉजी के बाहर स्थित मरीजों के लिए बने सार्वजनिक शौचालय में गंदगी की भरमार इतनी है कि वहां गंदगी सड़ांध के मारे कीड़े पड़ गए है और फिर भी मजबूरी में अस्पताल में आए हुए मरीज उसी शौचालय में जाने को मजबूर है क्योंकि आसपास अन्य कोई शौचालय उपलब्ध नहीं है इससे यह तो निश्चित है कि यहां मरीज अपने हृदय का इलाज तो करने आते है किंतु उसके आलावा यहां की गंदगी से अन्य कई संक्रमित बीमारियां अपने संग ले जाते है।अब सवाल यह उठ रहा है कि सरकार की स्वच्छ भारत योजना क्या इस अस्पताल में नहीं चलती या फिर इस अस्पताल में सब अपनी ही मनमानी से चलते रहेंगे और जिम्मेदार इन पर ध्यान तक नहीं देंगे।



### जल्दी उपचार हेतु दलाल है सेट

हृदय रोग संस्थान में दिन भर हजारों की भीड़ लगी रहती है जिसके कारण आम जन अपनी बारी का घंटों इंतजार करते है लेकिन वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ दलाल ऐसे भी सेट है जिनकी साथ गांठ डायरेक्ट मुख्य लोगों से है और जिसके चलते वह अतिरिक्त शुल्क लेके बाद में आए हुए लोगो को पहले दिखवा देते है और पहले से इंतजार कर रहे लोग लाइन में खड़े इंतजार ही करते रह जाते है क्या मरीजों में ये भेदभाव करना उचित है।

## बिना गुरु कृपा के मोक्ष संभव नहीं सुधांशु जी महाराज

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




**बिठूर।** सिद्ध धाम सुधांशु आश्रम बैकुंठपुर बिठूर मैं गुरु पूर्णिमा महोत्सव के पूर्व आश्रम में पधारे सुधांशु जी महाराज ने प्रातः काल के सत्र में लगभग 100 महिला पुरुषों को गुरु दीक्षा दी। इसके पश्चात महाराज जी ने लगभग 200 महिला पुरुष भक्तों को अलग से दर्शन दिए इस आयोजन को कानपुर मंडल की सेवा समिति ने परिसर में स्थित सत्संग स्थान में आयोजित किया था। महाराज ने सभी भक्तों को हमारे देश की संस्कृति सभ्यता अचार्य विचार रहन सहन को संसार के सभी देशों में सर्वश्रेष्ठ बताया उन्होंने कई देश के उदाहरण देकर भक्तों को संतुष्ट कर दिया कि वास्तव में हमारा देश भारत देश सर्वश्रेष्ठ है। सांय कॉल के सत्र में महाराज जी ने आए हुए सभी भक्तों को सबसे पहले गुरु की महिमा के बारे में विस्तार से बताया महाराज ने सभी भक्तों से कहा कि माता-पिता दादा दादी तो कुछ सालों तक आपका साथ देकर चले जाते हैं किंतु केवल आपके सद्गुरु ही है जो सात जन्मों तक आपका साथ देता है अपने उद्बोधन में महाराज जी ने इसी परिसर में 12 ज्योतिर्लिंग की स्थापना भी करने का संकल्प लिया महाराज जी ने कहा कि जब भी आप विषम परिस्थिति में होते हैं अथवा बीमार होते हैं तो अंदर से एक शक्ति का दिया जलता है और आवाज आती है कि घबराना मत ठीक हो जाओगे यह शक्ति सद्गुरु ही देता है उन्होंने पितरों को हमेशा याद रखने की सलाह दी और कहा कि कभी भी कोई शुभ कार्य करो तो पितरों को हमेशा याद करो कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कानपुर मंडल के प्रधान आरपी सिंह जी सचिव किशोर काया श्रीमती मधु काया राम शंकर चौरसिया रामनाथ आचार्य रजनीश जी कमलेश तिवारी अमित श्रीवास्तव राम सजीवन अरविंद मिश्रा आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## नेवी कर्मी ने शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

नेवी में काम करने वाले युवक ने शादी का झांसा देकर युवती को होटल में ले गया यहां नशीला जूस पिलाकर दुष्कर्म किया। युवती को जब होश आया तो उसने विरोध किया तो आरोपी ने कहा मैं शादी कर लूंगा फिर उसने कई बार शारीरिक संबंध बनाए फिर शादी करने से मना कर दिया पीड़िता ने मामले में अधिकारियों से लेकर प्रधानमंत्री तक को कार्रवाई करने के लिए शिकायती पत्र भेजा है। मूल रूप से कानपुर देहात की रहने वाली पीड़िता काकादेव में हॉस्टल में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है पीड़िता के मुताबिक उसके भाई का सचेडी के रहने वाले नेवी कमी के घर आना जाना था। पीड़िता के मुताबिक आरोपी पिछले 4 साल से युवती के पीछे पड़ा था जब वह घर पर आता था तो युवती से बात करने का प्रयास करता था इसके बाद जब भाई घर पर नहीं होता था तो उसमें आना-जाना शुरू कर दिया था। पीड़िता के मुताबिक एक बार भाई घर पर नहीं था तो आरोपी आया और भाई के बारे में पूछा पीड़िता ने कहा कि वह घर पर नहीं है तो आरोपी ने पीड़िता से कहा कि वह उससे दोस्ती करना चाहता है इस तरह से दोनों के बीच बात शुरू हो गई। पीड़िता के मुताबिक कुछ दिन बाद आरोपी ने कहा कि वह उसे पसंद करता और शादी करना चाहता है इस बहाने से उसे बाहर मिलने के लिए बुलाया पीड़िता भी उसके बुलाने पर चली गई। पीड़िता के मुताबिक वह आरोपी रावतपुर इलाके में मिली जहां पर उसने नशीला पदार्थ है मिलकर उसे जूस पिला दिया। एक निजी स्कूल के सामने बने ओयो रूम में जाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया पीड़िता के मुताबिक जब उसे होश आया तो उसने विरोध किया। पीड़िता के मुताबिक आरोपी से विरोध करने पर उसने कहा कि हमें सादिक तो करनी है फिर कैसी शर्म इसके बाद सन 2022 से अब तक उसने कई बार अलग-अलग स्थान पर बुलाकर शादी का झांसा देते हुए रेप के घटना को अंजाम दिया है। 5 मार्च 2025 को फजलगंज स्थित एक ओयो रूम में बुलाकर आरोपी ने जब उसके साथ संबंध बने तब पीड़िता ने उसे पर शादी करने का दावा बनाया इस पर आरोपी ने साफ मना कर दिया साथ ही पीड़िता को धमकी देते हुए कहा कि अगर उसने जबरन दवा बनाया तो उसकी पर्सनल फोटो और वीडियो वायरल कर देंगे पीड़िता के मुताबिक उसने पुलिस अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक प्रार्थना पत्र भेजा है उसका कहना है कि आरोपी को इस मामले में सजा मिलनी चाहिए और वह उसे जेल भिजवाकर ही मानेगी।

## औरंगपुर सांभी गांव में संदिग्ध में फांसी पर लटकी मिली थी महिला, पति को भेजा जेल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



**बिल्हौर।** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के औरंगपुर सांभी गांव में बीते दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में महिला फांसी के फंदे पर लटकी मिली थी। पारिवारीजनों की सूचना पर मायके पक्ष के लोगों ने पहुंचकर हंगामा काटा और हत्या का आरोप लगाया था। कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने पहुंचकर पारिवारीजनों को समझाया मृतका के भाई के प्रार्थना पत्र के आधार मायके पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया था शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया था रविवार को थाना पुलिस की सतर्कता के चलते पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया । 20. 6.25 को ग्राम औरंगपुर सांभी में संदिग्ध परिस्थियों में अंशिका पुत्री शिव प्रकाश पाल की मृत्यु हो गई थी। जिसके शव को पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई। मृतका के भाई विकास पाल की तहरीर के आधार पर दहेज़ हत्या का अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त पति राजप्रताप सिंह उर्फ़ अंकित पाल पुत्र बाबूराम 29 वर्षीय निवासी औरंगपुर सांभी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय चालान किया गया है।

## पंडित कालीशंकर मिश्रा मार्ग का भव्य लोकार्पण

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




कानपुर नगर के विकास में एक और सुनहरा अध्याय जुड़ गया है। पी रोड स्थित सीसामऊ में पंडित काली शंकर मिश्रा मार्ग का नामकरण मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और महापौर प्रमिला पांडे ने किया। इस मौके पर एमएलसी सलिल विश्नोई भी मौजूद रहे। इस मार्ग का नामकरण पंडित काली शंकर मिश्रा मार्ग के नाम से किया गया।लोकार्पण के दौरान सतीश महाना ने कहा, ÷पंडित काली शंकर मिश्रा का नाम इस मार्ग से जुड़ना हम सभी के लिए गर्व की बात है। उनका योगदान समाज और शिक्षा जगत में अमूल्य रहा है। यह मार्ग शहर की प्रगति का प्रतीक बनेगा। महापौर प्रमिला पांडे ने नगर निगम की ओर से सभी नागरिकों को बधाई देते हुए कहा, हमारा निरंतर प्रयास है कि कानपुर को एक स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक शहर के रूप में विकसित किया जाए। यह मार्ग उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर मनोज मिश्रा, संजय मिश्रा, पंकज मिश्रा, हिमांशु मिश्रा गुड्डन श्रीवास्तव शंकर सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बिल्हौर कस्बे में गृह स्वामी गए दार्जिलिंग घूमने चोरों ने लाखों का माल किया पार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर कस्बे में ककवन रोड किनारे भाजपा नेता वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम मिश्रा व उनके भाई पोरस मिश्रा 20 जून को परिवार सहित दार्जिलिंग गए हुए। ड्राइवर सेठ कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर परिवार को छोड़ने गया था। भाजपा नेता परिवार सहित ट्रेन द्वारा दार्जिलिंग गए हुए हैं । उनके विश्वसनीय ड्राइवर रामशरण गुप्ता उर्फ सेठ लगभग 25 साल से उनके साथ काम कर रहा है। ड्राइवर सेठ के अनुसार 21 जून को शाम को मकान को देखकर लाइट जला कर चला गया था 22 जून को जब वह लगभग 5ः00 बजे मकान में लाइट जलाने और देखने आया तो अंदर एक दरवाजे से लाइट आती दिखाई पड़े धक्का दिया तो दरवाजा खुल गया और अंदर चला गया और पीछे तक गया तो पीछे वाला गेट भी खुला था उसको देखकर उसके होश उड़ गए वह चिल्लाता हुआ मकान से बाहर सीमेंट सरिया की दुकान पर जाकर बताया मोहल्ले के लोग दौड़कर पहुंचे और उन्होंने देखकर हतप्रभ रह गए और उन्होंने भाजपा नेता विक्रम मिश्रा को सूचना दी देखते-देखते बिल्हौर कस्बे के छोटे बड़े नेता और अधिवक्ता पहुंच गए मौके पर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज सहित भारी संख्या में फोर्स भी पहुंच गया गहनता से जांच शुरू हुई। सैकड़ो की संख्या में लोग और पुलिस फोर्स मौजूद थी लाखों रुपए नुकसान की बात मकान मालिक ने कही है वहीं पर उनके आने पर ही पता चल सकेगा कि कितना जेवर और कितना नगद माल गया हुआ है।

## होम लोन किस्त को लेकर कलह, रेलवे कर्मी की पत्नी ने दी जान



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

रायपुरवा थानाक्षेत्र में होम लोन की किस्त को लेकर रेलवे कर्मी का पत्नी से झगड़ा हो गया। नाराज पत्नी ने शनिवार देर रात दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मूलरूप से बिहार के जलालपुर निवासी अमित राज रेलवे लोको में हेल्पर हैं। उनके अनुसार दो वर्ष पूर्व उन्होंने बिहार के अरवल निवासी ज्योति कुमारी (24) से शादी की थी। उन्हें 15 माह का बेटा अनय है। वह अनवरगंज स्थित तेजाब मिल कैंपस में रहते हैं। अमित के अनुसार पिता सुरेश ने गांव में मकान बनवाने के लिए पांच लाख का होम लोन लिया था।किस्त पिता और बड़े भाई संतोष दोनों नहीं जमा कर रहे हैं इसलिए किस्त उसे जमा करनी पड़ती है। इस बात को लेकर पत्नी से आए दिन कलह करती थी। उसका कहना था कि जिसने होम लोन लिया है वही किस्त जमा करे। शनिवार रात पत्नी ने फिर उसी बात को लेकर कलह की। पत्नी गुस्से में बेटे को सुलाकर बाहर के कमरे में फंदे पर लटक गई। रविवार सुबह जब फंदे से लटका शव देखा तो उनके होश उड़ गए। रायपुरवा इंस्पेक्टर संतोष गौड़ मौके पर पहुंचे और जांच की। उन्होंने बताया कि अगर परिजन तहरीर देते हैं, तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## प्लॉट पर निर्माण कराने के नाम पर मांगी पांच लाख की रंगदारी, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

रायपुरवा थानाक्षेत्र में प्लॉट पर निर्माण कराने के नाम पर आरोपियों ने युवक से पांच लाख रुपये रंगदारी मांगी। विरोध करने पर गालीगलौज कर मालिक व गार्ड की पिटाई कर दी। किदवईनगर एन-ब्लॉक निवासी मंदीप सिंह के अनुसार पिछले साल जून में भन्नानापुरवा में एक प्लॉट खरीदा था। प्लॉट पर निर्माण कराने पहुंचे तो राजू अवस्थी व सरवन गौतम ने पांच लाख रुपये रंगदारी मांगी। विरोध करने पर आरोपियों ने फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। आरोप है कि 19 जून को प्लॉट की देखरेख कर रहे गार्ड देवनारायण से राजू अवस्थी, उसके बड़े और छोटे बेटे शिवम ने मारपीट की, प्लॉट में तोड़फोड़ भी की। जानकारी पर पहुंचे तो आरोपियों ने उनसे भी मारपीट कर स्कूटी फूंकने की कोशिश की। आरोपी राजू अवस्थी खुद को एक जनप्रतिनिधि का भतीजा और अन्य सत्ताधारी दल के नेताओं का खास बताकर धमकाता है। रायपुरवा इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर पर आरोपी व उसके दो पुत्रों समेत एक अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## इंश्योरेंस कर्मी बनकर रिटायर्ड सैन्य अधिकारी की पत्नी से 99 हजार ठगे

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

इंश्योरेंस कंपनी का कर्मचारी बनकर साइबर ठगों ने रिटायर्ड सैन्य अधिकारी की पत्नी से 99 हजार रुपये की ठगी कर ली। कोहना में आनंद वाटिका निवासी रिटायर्ड कर्नल वीरेंद्र नाथ त्रिवेदी की 76 वर्षीय पत्नी अरुणा के पास रिलायंस नियान लाइफ इंश्योरेंस की बीमा पॉलिसी है। उनके पास एक कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को इंश्योरेंस कंपनी का कर्मचारी बताकर उन्हें प्रीमियम जमा करने के लिए कहा। युवक के परिचय देने पर वह झांसे में आ गईं। इसके बाद उसे कई बार में 99 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी वह आरोपी अतिरिक्त रुपये की मांग करते रहे। इस पर उन्हें अपने साथ साइबर ठगी का अहसास हुआ। कोहना इंस्पेक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले में साइबर सेल से मदद ली जा रही है।

## तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, चालक की मौत और तीन सवारियां घायल, अस्पताल में भर्ती

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कानपुर के ग्वालटोली थानाक्षेत्र में रविवार सुबह एफएम कॉलोनी में तेज रफ्तार कार ने पीछे से ई-रिक्शे में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार सवार मौके से भाग निकला। राहगीरों ने ई-रिक्शा चालक व तीन घायल यात्रियों को उर्सला अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने ई-रिक्शा चालक को मृत घोषित कर दिया। पीड़ित परिवार ने कार चालक के खिलाफ तहरीर दी है। खलासी लाइन निवासी संजय कुमार सोनकर (50) ई-रिक्शा चलाते थे। इकलौते बेटे आयुष ने बताया कि पिता रविवार सुबह पौने सात बजे ई-रिक्शे में तीन सवारियां बैठाकर सिविल लाइन की ओर जा रहे थे। तभी खलासी लाइन में पिछले से आ रही काले रंग की तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे ई-रिक्शा पलट गया, जिससे तीन सवारियों व ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

### घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल

हादसे के बाद आरोपी चालक कार समेत फरार हो गया। पुलिस ने सभी को उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने ई-रिक्शा चालक संजय कुमार को मृत घोषित कर दिया। ग्वालटोली इंस्पेक्टर अमान सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है। घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो गया। जांच की जा रही है।

### संदिग्ध हालात में कमरे में पड़े मिले मां-बेटे के शव, हत्या का आरोप

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। संदिग्ध हालात में कमरे के अंदर मां-बेटे के शव पड़े मिले। कमरे के कुंडे से साड़ी का टुकड़ा लटक रहा था। मां-बेटे के गले में फंदे के निशान मिले हैं और आधी साड़ी का टुकड़ा महिला के ऊपर पड़ा मिला। घटना के बाद ससुरालीजन फरार हो गए। मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद मायके पक्ष को समझाकर शांत कराया। बेटे को फंदे पर लटकाने के बाद मां के फंदा लगाने के कयास लगाए जा रहे हैं। क्षेत्र के ग्राम चौखटा निवासी अनुज कुमार उर्फ रंजीत मजदूरी करते हैं। उसके परिवार में पत्नी पिंकी (26) और तीन साल का बेटा मोहित थे।

## बदलाव : पोर्टल कामकाज को पारदर्शी बनाएगा एमसीए का वर्जन तीन




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर में भारतीय कंपनी सचिव संस्थान कानपुर चैप्टर की ओर से शनिवार को गुमटी प्लाजा स्थित कार्यालय में एमसीए पोर्टल वर्जन तीन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि एमसीए (कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय) का नया पोर्टल वर्जन तीन कंपनियों के कामकाज को सरल और पारदर्शी बनाएगा। चैप्टर की सचिव सीएस ईशा कपूर ने बताया कि वर्जन तीन पोर्टल एक नया, आधुनिक और उपयोगकर्ता के लिए बेहद अनुकूल पोर्टल है। एक बार पूरी प्रक्रिया करने के बाद वर्जन दो पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। ये पोर्टल ई-फाइलिंग प्रक्रिया को सरल और कुशल बनाता है और डाटा के बेहतर उपयोग और प्रबंधन की अनुमति देता है। कंपनियों और अन्य हितधारकों के लिए विभिन्न प्रक्रियाओं को आसान बनाता है। .उद्देश्य ई-फार्म में त्रुटि और चूक की संभावनाओं को कम करना है उद्देश्य मुख्य वक्ता सीएस गोपेश साहू ने बताया कि एमसीए वर्जन तीन पोर्टल का मुख्य उद्देश्य पेशेवरों और हितधारकों को कई नई सुविधाओं और सुधारों के साथ विश्वसनीय, हेल्पडेस्क पोर्टल की सुविधा प्रदान करना है। इसका उद्देश्य ई-फार्म में त्रुटि और चूक की संभावनाओं को कम करना है। इस मौके पर सीएस रीना जाखोदिया, वैभव अग्निहोत्री, कौशल सक्सेना, साकेत शर्मा, राहुल मिश्रा, हेमंत सजनानी, मनीष शुक्ला, स्पर्श गुप्ता, ईशा तनेजा, मनोज यादव, रिंकी अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## कुएं में डूबे बेटे का पंचनामा भर रही थी पुलिस, कैंसर पीड़ित पिता ने भी तोड़ दिया दम



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

टंडौना गांव में खेत गए युवक की कुएं में गिरकर मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर पहुंच गए। जानकारी पर पहुंची पुलिस पंचनामे की कार्रवाई कर रही थी, इसी दौरान मृतक के कैंसर पीड़ित पिता ने भी दम तोड़ दिया। टंडौना निवासी शोभित सिंह उर्फ मदने (25) खेती करता था। गांव में ही स्थित उसके खेत के पास कुआं है। ग्रामीणों के मुताबिक शनिवार देर रात वह खेत जाने को घर से निकला था। इसी दौरान कुएं में गिर गया। आस पास खेतों में मौजूद ग्रामीणों ने उसे कुएं में गिरते देखा तो परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से कुएं में रस्सी डालकर उसे निकालने की कोशिश की, लेकिन अंदर से कोई आहत नहीं मिली। पड़ोसी गांव का एक युवक मौके पर पहुंचा और कुएं के अंदर उतर गया। वह मदने का शव लेकर बाहर निकला। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। उसका शव घर ले जाया गया। जानकारी पर पिहानी कोतवाली की पुलिस भी मौके पर पंचनामा भरने पहुंची। घर में शोभित के पिता कैंसर पीड़ित जदुवीर सिंह (65) भी मौजूद थे। बेटे की मौत का पता चलने पर उनकी भी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।







**तनाव के बीच ईरान से 311 और भारतीय पहुंचे...**

इस्राइल और ईरान के बीच दिन-प्रतिदिन तनाव और घातक होता हुआ जा रहा है। संघर्ष के बढ़ते स्वरूप को देखते हुए पिछले कई दिनों से ईरान में फंसे भारतीयों को वापस स्वदेश लाने के लिए भारत सरकार की तरफ से चलाया गया ऑपरशन सिंधु जारी है...

पढ़ें पेज 12 पर...



# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# योग सिंधु में संघ की जलधारा


**योग और संघ का संबंध केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मनियंत्रण, सामाजिक सेवा, समरसता और आध्यात्मिक जागरण से भी जुड़ा है। संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार स्वयं योग साधक थे और उन्होंने शाखा पद्धति में योग को अनिवार्य रूप से जोड़ा। संघ के दूसरे सरसंघचालक श्रीगुरुजी ने भी योग को आंतरिक तप और अनुशासन के अंग के रूप में देखा। उनका कहना था, 'यदि स्वास्थ्य-रक्षा तथा रोग-प्रतिकार करने के लिए योगासनों के अभ्यास की ओर लोगों ने ध्यान दिया तो सर्वसाधारण जनता के स्वास्थ्य में सुधार हो कर उनका औषधियों पर होने वाला व्यय कम होगा तथा सब दृष्टि से उनका कल्याण होगा।'**

*भारत की सनातन संस्कृति की तरह योग भी सनातन है, अविरल है। यह तो संभव है कि आकाश के तारे गिन लिए जाएं या धरती के कणों की सही-सही संख्या का पता लगा लिया जाए परन्तु योग के सिंधू कितनी जलधाराएं मिलीं, कितने नद समाहित हुए इसका अनुमान लगाना भी असंभव है। इन्हीं अनन्त जलराशियों में शामिल है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिसका उद्देश्य व्यक्ति उत्थान से राष्ट्रोत्थान रहा है और संघ ने योग को अपने इस काम का साधन बनाया है। सृष्टि के प्रारम्भ से ही भगवान शिव को 'योगेश्वर' माना गया है। अनेक योग परंपराएँ जैसे नाथयोग, हठयोग, मंत्रयोग, लययोग, राजयोग, आदि सभी भगवान शिव से ही प्रारंभ मानी जाती हैं। गुरु गोरखनाथजी के सम्प्रदाय में शिव को 'आदिनाथके रूप में पूजा जाता है और ध्यान मुद्रा में उनकी उपासना की जाती है। नाथ संप्रदाय में योग को शिवविद्या या महायोगविद्या कहा गया है, जिसमें आत्मा और ब्रह्मांड के सामरस्य की अनुभूति प्रमुख है। शिवगीता में भगवान शिवजी ने भगवान राम को योग का दिव्य उपदेश दिया, जब वे सीता-वियोग से व्याकुल थे। उन्होंने आत्मज्ञान, चित्त की एकाग्रता, और भौतिक आसक्ति से विरक्ति का विस्तार से निरूपण किया। भगवान शिव को ध्यानमग्न योगी के रूप में भी दर्शाया गया है, जिनका ध्यान जीवन के परम लक्ष्य 'मोक्षकी ओर उन्मुख करता है। वेदों में वर्णित शिवसंकल्पसूक्त योग के लिए वैदिक प्रेरणा का आधार है, जो भगवान शिव की चेतना और व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाता है। रामायणकाल में महर्षि वसिष्ठ ने भगवान श्रीराम को गहन अद्वैत वेदान्त के सिद्धांतों के माध्यम से योग का मार्ग बताया है। राम को उपदेश करते हुए महर्षि वसिष्ठ कहते हैं - द्वौ क्रमौ चित्तनाशस्य योगो ज्ञानं च राघव। योगो वृत्तिनिरोधो हि ज्ञानं सम्यगवेक्षणम्। महर्षि वसिष्ठ योग के अत्यंत प्राचीन और समग्र दृष्टा माने जाते हैं। वे सप्तर्षि-मंडल में स्थित रहकर आज भी विश्वकल्याण में लगे हुए हैं। महाभारत में योग को आत्मसाधना और अंतःकरण की शुद्धि का मार्ग माना गया है। महर्षि वेद व्यासजी ने ध्यानयोग के लिए द्वादश साधनों (देश, कर्म, आहार, दृष्टि, मन आदि) के संयम को अनिवार्य बताया है। इसके शान्ति पर्व में ऋषियों को योग की 12 विधियों से ध्यानयोग का अभ्यास करते बताया गया है। भगवान श्रीकृष्ण को भी 'योगेश्वर' कहा गया है क्योंकि वे न केवल योग के आचार्य हैं बल्कि स्वयं योग के मूर्तिमान स्वरूप भी हैं। भगवद्गीता को स्वयं भगवान की साक्षात योगयुक्त वाणी कहा गया है, जो आज भी अज्ञान और मोह का नाश कर आत्मबोध करा सकती है। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को विभिन्न योगों का उपदेश दिया - कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्ति योग, और ध्यानयोग। 'समत्वं योग उच्यते' और 'योगः कर्मसु कौशलम' जैसे श्लोक योग को जीवन की कुशलता और समत्व की दशा से जोड़ते हैं। इसी तरह महर्षि पतंजलि, महर्षि चरक, आदिगुरु शंकराचार्य जी से लेकर आधुनिक काल के योग गुरुओं, शिक्षकों व साधकों सहित अनेक ज्ञात-अज्ञात जलनद योग के सिंधू को अपने ज्ञान से समृद्ध करते रहे हैं। इन्हीं जलधाराओं में एक सम्मानित नाम है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जो अपने जन्म से ही भारतीय संस्कृति व अपने सांस्कृतिक मानबिन्दुओं की पुनर्स्थापना के काम में लगा है। संघ की स्थापना 1925 में डॉ. हेडगेवार द्वारा की गई थी, जिनका उद्देश्य था राष्ट्रभक्ति, शारीरिक और मानसिक विकास और आत्मानुशासन के माध्यम से भारत के युवाओं को संगठित करना। योग को संघ के आद्यात्मिक और शारीरिक प्रशिक्षण के अनिवार्य भाग के रूप में अपनाया गया। संघ की शाखाओं में सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ध्यान और आसनों का नियमित अभ्यास कराया जाता है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**योगासन और ध्यान इसी के उपकरण हैं। व्यक्तित्व की पूरी ऊर्जा को एकाग्र करने का नाम अभ्यास है। फिर वैराग्य बताते हैं, ऐन्द्रिक सुखों की तृष्णा में सजग प्रयास से भोग आसक्ति के प्रति वितृष्णा वैराग्य की प्रथम अवस्था है, पुरुष के अंतरतम का बोध होने पर सभी इच्छाओं का विलीनीकरण वैराग्य की पूर्णता है। (वही 15 व 16) श्रीकृष्ण ने कहा, असंयत के लिये योग कठिन है, लेकिन संयत व्यक्ति संकल्पबद्ध होकर योगलब्ध हो जाता है। (गीता 6.36) अभ्यास, वैराग्य, असंयत और संयत चित्त मनुष्य की अंतर्यात्रा के पड़ाव हैं। पतंजलि योग सूत्र सुव्यवस्थित दर्शन है और यथार्थ विज्ञान भी। दर्शन के आत्मिक अनुभव में मन की चंचलता बाधा है। बाधाएं और भी हैं।**

# प्रधानमंत्री का धन्यवाद, दुनिया में बज रहा योग दर्शन का नगाड़ा



हृदयनारायण दीक्षित

**प्राण का कम होना जीवनी शक्ति का घटना है। आलस्य प्राण शक्ति घटाता है, आसक्ति बढ़ाता है। भ्रान्ति और अस्थिरता मन विक्षेप लाते ही हैं। पतंजलि ने मनुष्य का रहस्यपूर्ण विवेचन किया है और परम स्वास्थ्य के प्राचीन दर्शन को पुनर्जीवित किया है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्म से स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। आनंदित व्यक्ति सृजन करता है और तनावग्रस्त व्यक्ति ध्वंस। योग तनावग्रस्त विश्वमानवता को भारत का प्रशांत उपहार है।**

योग आनंद का विज्ञान है। पतंजलि के योगसूत्र में चित्तवृत्ति के निरोध को ही योग कहा गया है। चित्तवृत्ति के प्रभाव में ही संसार दुखमय है। आधुनिक विश्व में गलाकाट प्रतिस्पर्धा है। तनाव और अवसाद बढ़े हैं। क्रोध उफना रहा है। मनुष्य अकेला है। परिवार टूट रहे हैं। आस्थाएं धीरज नहीं देती। आत्महत्याएं बढ़ी है। हिंसा युद्ध रक्तपात भी लगातार बढ़ रहे हैं। दुनिया में अनेक आस्थाएं हैं और अनेक विश्वास। सबके अपने सत्य और विश्वास हैं। आस्था और विश्वास को लेकर हो रहे रक्तपात विश्वमानवता के लिए खतरा है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का युग है लेकिन वैज्ञानिक शोधों ने हत्या और हिंसा के नए उपकरण दिए हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सत्य का पथ आसान हुआ है लेकिन जीवन का शिव और सुन्दर फिसल गया है। वैज्ञानिक शोधों की अन्तरराष्ट्रीय चर्चा होती है। चिकित्सा विज्ञान के शोध मनुष्य के लिए हितकर भी है। अन्य वैज्ञानिक शोध भी विश्व स्तरीय चर्चा का विषय बने हैं लेकिन आज जैसी अन्तरराष्ट्रीय चर्चा योग दर्शन की है वैसी चर्चा यूनानी दर्शन के दिग्गजों के निष्कर्षो की भी नहीं हुई-न अरस्तू, सुकरात या प्लेटो की और न ही थेल्स, अनसिक्मेनस, हिराक्लिटस या पाइथागोरस की ही। कांट दर्शन की भी अंतरराष्ट्रीय चर्चा नहीं हुई लेकिन योग दर्शन का नगाड़ा बज रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी को धन्यवाद। दुनिया ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया है। समूचा भारत योग गंध से हहरा रहा है। योग ऋग्वेद के उगने के पहले से परम स्वास्थ्य का मार्ग था। गीता (6.21) में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को योग का लाभ बताया योग से प्रशान्त हुआ आत्म बुद्धि द्वारा ग्रहण किए जाने योग्य सुख प्राप्त करता है। बुद्धि और इन्द्रिय सुख से परे परम आनंद को भी प्राप्त करता है। योग साधक संसार को दुखमय नहीं आनंदमय देखता है। आनंद पाता है और आनंद बांटता भी है। योग आनंद का विज्ञान है। भारत के आठ दर्शनों में एक योग दर्शन भी है। प्रकृति आनंद से भरीपूरी है लेकिन मनीषियों ने संसार को दुखमय बताया है। दुख और आनंद साथ-साथ नहीं रह सकते। संसार वस्तुतः हमारे मन का सृजन है। प्रकृति सदा से है। आनंद से भरीपूरी होने के कारण ही वह सतत् सृजनरत है। संसार इसी का भाग है। तो भी हम आनंद के स्रोत से वंचित हैं। ऐसा क्यों है? बीच में चित्त की बाधा है। योग चित्त अतिक्रमण का ही तंत्र है। चित्तवृत्ति का परदा उठे तो आनंद ही आनंद। पतंजलि ने योग सिद्धि के अनेक लाभ बताएं हैं। सुन्दर स्वास्थ्य प्राथमिक है। बुद्धि का अनंत प्रज्ञा से जुड़ना बड़ा लाभ है। पतंजलि ने इसके लिए आधे से भी छोटा श्लोक लिखा है-ऋतम्भरा तत् प्रज्ञाः। तब प्रज्ञा ऋत से भर जाती है। ऋत प्रकृति का संविधान है। यही सत्य भी है लेकिन ऋतम्भरा में सत्य के साथ सौन्दर्य और शिव भी है। योग सिद्ध व्यक्ति की लाभ हानि सोंचने की परिभाषा बदल जाती है। श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, योग से प्राप्त आनंद से बड़ा कोई दूसरा लाभ नहीं। (गीता 6.22) वे आगे योग की खूबसूरत परिभाषा करते हैं, दुख संयोगं वियोग योगं संज्ञिज्ञम्-दुख संयोग से वियोग हो जाना ही योग है। (वही 6.23) श्रीकृष्ण और अर्जुन के साथ हुए मित्रवत सम्वाद में योग विज्ञान की सरलतम झांकी है। लेकिन अर्जुन तो भी संतुष्ट नहीं होता। अर्जुन हमारे आपके जैसा सामान्य व्यक्ति था। योग विज्ञान सुनने से ही नहीं समझा जा सकता। योग बातों-बातों का बतरस नहीं है, इसके लिए प्रगाढ़ अभ्यास चाहिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से पूछा, आपने जो समत्व भाव वाला योग समझाया है, मनचंचलता के कारण मुझे उसका कोई मजबूत आधार नहीं दिखाई पड़ता। मन चंचल होता है, शक्तिशाली और हठी होता है, मन को वश में करना वायु को वश में करने की तरह बहुत कठिन है। (वही 33 व 34) अर्जुन बेशक योद्धा है, लेकिन मन चंचलता के रहस्यों से परिचित है। मन स्थिरिता आसान कर्म नहीं है। मन अपनी चलाता है, बुद्धि उसी की पिछलग्गू हो जाती है, हम मनमानी करते हैं, हमारी बुद्धिमानी भी मनमानी की पूरक होती है। मन की ताकत बड़ी है। उसे प्रशिक्षित करने के बाद ही बुद्धि के अनुरूप लाया जा सकता है। वरना मन मनमानी ही कराता है। श्रीकृष्ण ने मनचंचलता की बात स्वीकार की निस्संदेह मन को वश में करना बहुत कठिन है, यह चंचल है लेकिन इसे अभ्यास और वैराग्य से वश में किया जा सकता है-अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते। (वही 35) गीता का यह श्लोक पतंजलियोगसूत्र से मिलता-जुलता है। पतंजलि का योग चित्तवृत्ति निरोध है। श्रीकृष्ण का योग मनोनिग्रह है। दोनो का मन्तव्य एक है।




**पतंजलि ने योग सूत्र (30) में बताया है, रोग, प्राणहीनता, संशय, प्रमाद, आलस्य, आसक्ति, भ्रान्ति और अस्थिरता बाधाएं हैं। दुख, निराशा, कपकपी और अनियमित श्वसन लक्षण हैं। यहां रोग ध्यान देने योग्य हैं। पतंजलि वैद्य या चिकित्सक नहीं थे।**

श्रीकृष्ण अभ्यास और वैराग्य का मन्त्र देते हैं। पतंजलि की भाषा भी वही है अभ्यास वैराग्याभ्यां तन्निरोधः-अभ्यास और वैराग्य से इन वृत्तियों का नियंत्रण संभव है। (पतंजलियोगसूत्र 1.12) पतंजलि की शैली वैज्ञानिक है, वे आगे अभ्यास की परिभाषा बताते हैं, इन दो (अभ्यास, वैराग्य) में अभ्यास स्वयं में दृढ़ता से प्रतिष्ठित होने का प्रयास है-तत्रस्थितौ यत्नो अभ्यासः। (वही 13) यहां अभ्यास का मतलब योगासन नहीं, स्वयं के कर्म में स्थिर होने का प्रयास है। अभ्यास स्वयं के प्रति सजग चेष्टा है, वैराग्य इच्छा शून्यता है। अभ्यास और वैराग्य चित्त को संयत करते हैं। असली बात है संयत चित्त। योगासन और ध्यान इसी के उपकरण हैं। व्यक्तित्व की पूरी ऊर्जा को एकाग्र करने का नाम अभ्यास है। फिर वैराग्य बताते हैं, ऐन्द्रिक सुखों की तृष्णा में सजग प्रयास से भोग आसक्ति के प्रति वितृष्णा वैराग्य की प्रथम अवस्था है, पुरुष के अंतरतम का बोध होने पर सभी इच्छाओं का विलीनीकरण वैराग्य की पूर्णता है। (वही 15 व 16) श्रीकृष्ण ने कहा, असंयत के लिये योग कठिन है, लेकिन संयत व्यक्ति संकल्पबद्ध होकर योगलब्ध हो जाता है। (गीता 6.36) अभ्यास, वैराग्य, असंयत और संयत चित्त मनुष्य की अंतर्यात्रा के पड़ाव हैं। पतंजलि योग सूत्र सुव्यवस्थित दर्शन है और यथार्थ विज्ञान भी। दर्शन के आत्मिक अनुभव में मन की चंचलता बाधा है। बाधाएं और भी हैं। पतंजलि ने योग सूत्र (30) में बताया है, रोग, प्राणहीनता, संशय, प्रमाद, आलस्य, आसक्ति, भ्रान्ति और अस्थिरता बाधाएं हैं। दुख, निराशा, कपकपी और अनियमित श्वसन लक्षण हैं। यहां रोग ध्यान देने योग्य हैं। पतंजलि वैद्य या चिकित्सक नहीं थे। चरक संहिता आयुर्विज्ञान की प्रख्यात ग्रंथ है। बताते हैं-बिना रोग का होना सुख है और रोग दुख है। आगे स्वास्थ्य के बारे कहते हैं जब मन और बुद्धि का समान योग रहता है तब मनुष्य स्वस्थ रहता है जब इनका अतियोग, अयोग और मिथ्या योग होता है तब रोग। रोग मन और बुद्धि के अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग के परिणामी है। योग परम स्वास्थ्य है। प्राण और शरीर का योग जीवन है।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | त्रयोदशी 22:09 तक |
| नक्षत्रः | कृत्तिका 15:15 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | धृति, 13:14 |
| सूर्योदयः | 05:28 |
| सूर्यास्तः | 19:17 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 17:11-08:55 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मासः | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:55-12:50 |

## जन एक्सप्रेस

### बिन बुलाए बार बार !

*ठुकराया है ट्रंप को ।*
*पूरा भारत देश ।।*
*रह रह कर शिगूफा लेकिन ।*
*है उनका विशेष ।।*
*बिन बुलाए बार बार ।*
*बन रहे मेहमान ।।*
*स्वयं के कसीदे ।*
*बार बार गुणगान ।।*
*चीख हो गई तेज ।*
*नोबेल पुरस्कार ।।*
*व्हाइट हाउस में भी अब ।*
*बंट रहा उपहार ।।*
*खुल रही है कलई ।*
*सामने सच आया ।।*
*शांति पुरस्कार की ।*
*है सारी ये माया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# परिवार में डायबिटीज है तो जरूर कराएं मेडिकल टेस्ट

**अगर** आपके परिवार में डायबिटीज का इतिहास है, तो आपको अपनी सेहत पर और ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है जो आनुवांशिक कारणों से एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में जा सकती है। अगर माता-पिता, भाई-बहन या करीबी रिश्तेदार को डायबिटीज है, तो यह आपके लिए भी रिस्क फैक्टर बन सकता है। ऐसे में जरूरी है कि आप समय-समय पर जरूरी मेडिकल टेस्ट करवाकर अपनी सेहत पर नजर रखें ताकि बीमारी की शुरुआती अवस्था में ही इसका पता चल सके और समय पर कंट्रोल किया जा सके। ये टेस्ट आपको न केवल डायबिटीज के खतरे का आंकलन करने में मदद करेंगे, बल्कि इसके असर से बचाने में भी मदद करेंगे।इस लेख में हम ऐसे 5 जरूरी मेडिकल टेस्ट के बारे में जानेंगे, जो हर उस व्यक्ति को कराने चाहिए, जिनके परिवार में डायबिटीज का इतिहास रहा है।

**फास्टिंग ब्लड शुगर टेस्टः** फास्टिंग ब्लड शुगर टेस्ट, खाली पेट ब्लड ग्लूकोज लेवल को मापता है। यह शुरुआती डायबिटीज या प्री-डायबिटीज की पहचान करने में मदद करता है। अगर आपका शुगर लेवल 100-125 mg/dL है, तो यह प्री-डायबिटीज का संकेत हो सकता है। समय पर यह टेस्ट कराने से आप डायबिटीज को बढ़ने से रोक सकते हैं।



**एचबीए1सी टेस्टः** एचबीए1सी टेस्ट से पिछले 2-3 महीनों का औसत ब्लड शुगर लेवल का पता चलता है। यह डायबिटीज के कंट्रोल या जोखिम को समझने का सबसे सटीक तरीका है। 5.7 से 6.4 त्न के बीच का रिजल्ट प्री-डायबिटीज का संकेत देता है। यह टेस्ट साल में कम से कम 2 बार करवाना चाहिए, खासकर अगर परिवार में डायबिटीज का इतिहास हो।

**लिपिड प्रोफाइल टेस्टः** डायबिटीज के साथ कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स का लेवल भी बिगड़ सकता है। लिपिड प्रोफाइल टेस्ट से हार्ट डिजीज के जोखिम का भी आंकलन होता है। यह टेस्ट हाई कोलेस्ट्रॉल और बैड फैट्स की पहचान करता है। समय पर लिपिड कंट्रोल से हार्ट और डायबिटीज दोनों से बचाव संभव है।

**यूरिन माइक्रो एल्ब्यूमिन टेस्टः** यह टेस्ट किडनी की सेहत जांचने के लिए किया जाता है क्योंकि डायबिटीज किडनी पर असर डाल सकती है। यूरिन में माइक्रो एल्ब्यूमिन की मौजूदगी शुरुआती किडनी डैमेज का संकेत हो सकती है। समय रहते पहचान होने पर किडनी डैमेज को रोका जा सकता है। अगर फैमिली हिस्ट्री है, तो यह टेस्ट साल में 1 बार कराना चाहिए।

**आई एग्जामिनेशनः** डायबिटीज आंखों की रेटिना पर असर डाल सकती है, जिससे डायबिटिक रेटिनोपैथी का खतरा होता है। समय-समय पर आई एग्जाम कराना आंखों की सेहत के लिए जरूरी है। आंखों में धुंधलापन, ब्लर विजन या अचानक नजर कमजोर होना इस टेस्ट की जरूरत का संकेत है। डायबिटीज फैमिली हिस्ट्री वालों को हर साल रेटिना चेकअप जरूर कराना चाहिए। अगर आपके परिवार में डायबिटीज का इतिहास है, तो इन 5 मेडिकल टेस्ट को रूटीन में शामिल करना आपकी सेहत की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। यह टेस्ट न केवल बीमारी की शुरुआती अवस्था को पहचानने में मदद करते हैं बल्कि सही लाइफस्टाइल अपनाकर डायबिटीज से बचने का मौका भी देते हैं। उम्मीद करते हैं कि आपको यह जानकारी पसंद आई होगी। इस लेख को शेयर करना न भूलें।

## एक्सप्रेस विशेष

# विश्व वर्षावन दिवस: चेतना, चुनौती और परिवर्तन की घड़ी



प्रो. आरके जैन

**एक पौधा लगाइए, टिकाऊ उत्पादों को अपनाइए, अपने समुदाय में जागरूकता की लहर फैलाइएध् हर छोटा प्रयास इस ग्रह की रक्षा का मजबूत कदम है। इस विश्व वर्षावन दिवस पर एक अटल संकल्प लें कि हम इन हरे खजानों को बचाएंगे।**

**पृथ्वी** की धड़कन, हरे-भरे वर्षावन, आज हमारे सामने एक चेतावनी के साथ खड़े हैंध्या तो हम इन्हें बचा लें, या अपनी सभ्यता का अंत देखने को तैयार रहें। 22 जून को मनाया जाने वाला विश्व वर्षावन दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक वैश्विक आह्वान है, जो हमें इस ग्रह के सबसे कीमती खजानेध्हमारे वर्षावनोंध्के संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपता है। ये जंगल, जो पृथ्वी की सतह का मात्र 6त्न हिस्सा कवर करते हैं, विश्व की 50त्न से अधिक जैव विविधता को आश्रय देते हैं और मानव जीवन के लिए अपरिहार्य हैं। ये पृथ्वी के फेफड़े हैं, जो हर सांस के साथ ऑक्सीजन देते हैं, कार्बन डाइऑक्साइड सोखते हैं, और जलवायु को संतुलित रखते हैं। लेकिन, जब हर मिनट फुटबॉल मैदान जितना जंगल काटा जा रहा हो, तो क्या हम सचमुच इनकी रक्षा के लिए पर्याप्त कर रहे हैं? आइए, इस विश्व वर्षावन दिवस पर इन जंगलों की महिमा को समझें, उनकी चुनौतियों का सामना करें, और एक ऐसी दुनिया के लिए कदम उठाएं जहां प्रकृति और मानव एक साथ पनप सकें। वर्षावन पृथ्वी के सबसे जीवंत और जटिल पारिस्थितिक तंत्र हैं। अमेज़न, कांगो बेसिन, बोर्नियो, और मेडागास्कर जैसे क्षेत्रों में फैले ये जंगल न केवल लाखों प्रजातियों का घर हैं, बल्कि ग्रह के पर्यावरणीय स्वास्थ्य की रीढ़ हैं। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) के अनुसार, अमेज़न वर्षावन में 400 बिलियन पेड़ और 16,000 से अधिक पौधों की प्रजातियां मौजूद हैं। ये जंगल वैश्विक ऑक्सीजन का 20त्न से अधिक उत्पादन करते हैं और प्रतिवर्ष 20 बिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करते हैं, जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक प्राकृतिक ढाल प्रदान करते हैं। नासा के शोध बताते हैं कि अमेज़न वर्षावन वैश्विक जलवायु पैटर्न को नियंत्रित करता है और 20त्न ताजे पानी का स्रोत है। ये जंगल नमी छोड़ते हैं, जो वर्षा के रूप में दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंचती है, जिससे वैश्विक कृषि और जल संसाधन निर्भर हैं। लेकिन, जब हर साल 15 मिलियन हेक्टेयर जंगल वनों की कटाई के कारण नष्ट हो रहे हैं, तो यह स्पष्ट है कि हम इन अनमोल संसाधनों को खोने की कगार पर हैं। वर्षावनों का महत्व केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं है; ये मानव सभ्यता के लिए भी अपरिहार्य हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, 25त्न आधुनिक दवाएं वर्षावनों से प्राप्त पौधों पर आधारित हैं। मलेरिया के इलाज में उपयोगी क्विनाइन, कैंसर के उपचार में मददगार विंका पौधा, और कई अन्य औषधियां इन जंगलों की देन हैं। इसके अलावा, कॉफी, कोको, केले, और ताड़ का तेल जैसे उत्पाद भी वर्षावनों से आते हैं। इन जंगलों में रहने वाले 350 मिलियन से अधिक स्वदेशी लोग अपनी आजीविका, संस्कृति, और आध्यात्मिकता के लिए इन पर निर्भर हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, स्वदेशी समुदायों का पारंपरिक ज्ञान वर्षावनों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, लेकिन वनों की कटाई के कारण उनकी संस्कृति और अस्तित्व भी खतरे में है। विश्व वर्षावन दिवस की शुरुआत 22 जून, 2017 को रेनफॉरेस्ट पार्टनरशिप द्वारा की गई थी, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर वर्षावनों के संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाना है। यह संगठन, जो संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद से संबद्ध है, 70 से अधिक वैश्विक भागीदारों के साथ मिलकर कार्य करता है। 2021 में शुरू हुए विश्व वर्षावन शिखर सम्मेलन ने इस मिशन को और मजबूती दी, जिसमें सरकारें, वैज्ञानिक, और सामाजिक संगठन एक साथ आए। यह दिन हमें वनों की कटाई, अवैध शिकार, और खनन जैसी समस्याओं के खिलाफ कार्रवाई करने की प्रेरणा देता है। लेकिन चुनौतियां कम नहीं हैं। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के अनुसार, 2022 में अकेले अमेज़न में 11,088 वर्ग किलोमीटर जंगल नष्ट हुआ, जो पिछले दशक की तुलना में 11त्न अधिक है। कांगो बेसिन में अवैध लकड़ी व्यापार और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाम ऑयल के लिए जंगल साफ करना जैव विविधता को खतरे में डाल रहा है। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। हम टिकाऊ उत्पादों का उपयोग करके, पुनर्चक्रण को बढ़ावा देकर, और वृक्षारोपण में भाग लेकर बदलाव ला सकते हैं। उदाहरण के लिए, पाम ऑयल जैसे उत्पादों का बहिष्कार और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प चुनना वनों की कटाई को कम कर सकता है। सरकारों को कठोर नीतियां लागू करने, अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने, और स्वदेशी समुदायों के अधिकारों की रक्षा करने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी-15) में स्थलीय पारिस्थितिक तंत्रों के संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है, और हमें इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे।

**ये जंगल महज पेड़ों का समूह नहीं, बल्कि हमारी धरती का जीवंत हृदय हैं, जिनकी हर धड़कन में जीवन की सांस बसी है। ये वो हरे फेफड़े हैं, जो हमें ऑक्सीजन देते हैं, जलवायु को संतुलित रखते हैं, और हमारी सभ्यता को पनपने का आधार प्रदान करते हैं। यदि हम आज इन वर्षावनों को नहीं बचाएंगे, तो हम अपनी आने वाली पीढ़ियों से न केवल उनका हक, बल्कि उनके जीने का अधिकार भी छीन लेंगे।**

# ब्रिटिश काल की ऐतिहासिक धरोहर धराशायी

## पीलीभीत में नहर के ऊपर नहर वाला साइफन पुल ढहा

- हजारों एकड़ फसल पर सिंचाई संकट माधोटांडा क्षेत्र में हरदोई ब्रांच नहर का डगा साइफन पानी के तेज बहाव में टूटा
- इसी के साथ प्रशासन और सिंचाई विभाग हुआ अलर्ट,आगामी बारिश में बढ़ सकती है मुश्किलें



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत/पूरनपुर**

जिले में ब्रिटिश शासनकाल की ऐतिहासिक धरोहरों में से एक नहर के ऊपर नहर का साइफन पुल शनिवार को अचानक पानी के तेज बहाव के कारण टूटकर ढह गया। यह हादसा माधोटांडा थाना क्षेत्र के हरदोई ब्रांच नहर पर हुआ। बताया जा रहा है कि यह डगा साइफन पुल करीब 1982 में निर्मित हुआ था, जो बीते कई दशकों से क्षेत्र के लगभग 10,000 एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान कर रहा था। पुल के ध्वस्त होने से न सिर्फ हजारों किसानों की फसल पर संकट खड़ा हो गया है, बल्कि सिंचाई विभाग की चिंता भी बढ़ गई है। यह नहर लगभग 17 छोटी नहरों को भी जोड़ती थी, जिससे क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था निर्बाध रूप से चल रही थी। अब इस पुल के टूटने से कई गांवों की कृषि निर्भरता पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

### ऐतिहासिक संरचनाओं पर संकट लगातार जारी

यह कोई पहली घटना नहीं है, जब ब्रिटिश काल की नहर संरचना ध्वस्त हुई हो। इससे पूर्व पीलीभीत–खटीमा मार्ग पर स्थित डगा पुल में दरार आने के कारण वहां आवागमन पूरी तरह रोक दिया गया था। इसी तरह कलीनगर–माधोटांडा मार्ग पर स्थित पुल में भी दरार आने से प्रशासन ने आवागमन बंद करवाया था। इन घटनाओं ने प्रशासन को सतर्क कर दिया है, लेकिन अब लगातार हो रही क्षतियों से सिंचाई व्यवस्था पर बड़ा संकट मंडराने लगा है।

### आगामी बारिश में बढ़ सकती है मुश्किलें

सिंचाई और नहर विभाग को इस क्षति से जूझने के लिए गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, विशेषकर जब मानसून का दौर नजदीक है। यदि समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में यह समस्या और भयावह रूप ले सकती है।

### विभागीय अधिकारी का बयान

इस संबंध में शारदा सागर खंड के सिंचाई विभाग निरीक्षक ने बताया, यहां एक स्ट्रक्चर बना हुआ था, जिससे किसानों को सिंचाई दी जाती थी। इस नहर से लगभग 10,000 एकड़ फसल की सिंचाई होती है और 17 छोटी नहरों का संचालन भी होता है। पुल के ढहने से किसानों की सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो गई है। जल्द ही मरम्मत व वैकल्पिक उपायों की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। ग्रामीणों व किसान संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस ऐतिहासिक पुल का पुनर्निर्माण किया जाए और किसानों की फसल को जल संकट से बचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था लागू की जाए।

### गहराई तक धंसी जमीन, तेज बहाव बना कारण

स्थानीय लोगों के अनुसार शनिवार सुबह अचानक पानी का तेज बहाव आया, जिसके कारण नहर की सतह टूटती चली गई। कुछ ही पलों में पुल का एक हिस्सा कटकर खारजा नहर में समा गया, जिससे लगभग 20 से 30 फीट गहरा गड्ढा हो गया। यह दृश्य देखकर मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। तुरंत सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

# वरिष्ठ पत्रकार जनार्दन प्रसाद मिश्रा का निधन, क्षेत्र में की शोक की लहर

- मोतीपुर में इलाज के दौरान पत्रकार जनार्दन प्रसाद मिश्रा ने तोड़ा दम

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



नीमगांव क्षेत्र में पत्रकारिता जगत को बड़ा झटका लगा है। लखीमपुर के वरिष्ठ पत्रकार जनार्दन प्रसाद मिश्रा (जेपी मिश्रा) का शनिवार रात को निधन हो गया। उन्हें रात करीब 3-4 बजे अपने ससुराल रसूलपुर गांव में हृदय का दौरा पड़ा। परिजन तुरंत उन्हें मोतीपुर अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।जेपी मिश्रा सोशल मीडिया पर रीयल बुलेटिन ऐप चलाते थे। वे अपनी बेबाक बातचीत और निडर पत्रकारिता के लिए जाने जाते थे। उनका पत्रकार साथियों के साथ मजबूत रिश्ता था और वे हमेशा उनका साथ देते थे।रविवार सुबह उनका पार्थिव शरीर को लखीमपुर गांव लाया गया। अंतिम संस्कार में सैकड़ों ग्रामीण, क्षेत्र के पत्रकार और गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी। उनके परिवार में पत्नी, दो छोटी बेटियां, वृद्ध मां और बड़ी बहन हैं।जेपी मिश्रा राजनीति में भी सक्रिय थे। उन्होंने विधानसभा और लोकसभा चुनाव लड़ा था। वे आगामी पंचायत चुनाव में ब्लॉक प्रमुख पद के लिए चुनाव लड़ने की योजना बना रहे थे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और समाजवादी पार्टी से जुड़े होने के कारण धौरहरा लोकसभा क्षेत्र में उनकी अच्छी पहचान थी। पत्रकारिता में भी जेपी मिश्रा ने एक अलग छाप छोड़ी थी जिस कारण उनकी गिनती वरिष्ठ पत्रकार के रूप में की जाती है दिवंगत पत्रकार की निराश्रित बेटियों और पत्नी की प्रशासन करेगा मदद जेपी मिश्रा की दोनों बेटियों को स्पांसरशिप योजना के तहत चार-चार हजार रुपए महीना निराश्रित महिला पेंशन के एक हजार रुपए पत्नी को दिए जाएंगेसूचना विभाग की ओर से पहुंचे लोकेश गुप्ता ने परिवार से की मुलाकात कर दी जानकारी।

# नाबालिग युवती को युवक बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया

**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी**

निघासन कोतवाली क्षेत्र की एक नाबालिग युवती को दूसरे जिले के युवक के द्वारा बहला-फुसलाकर कर भगा ले जाने का मामला सामने आया है।निघासन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक युवती को पीलीभीत जिले के युवक के द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले गया है ,पिड़ित पिता का पुलिस पर आरोप है कि 22 दिन का समय बीत जाने के बाद भी निघासन पुलिस उनकी पुत्री को बरामद नहीं कर पा रही है। पीड़ित पिता ने अपने आरोप में कहा है कि नाबालिक पुत्री को 23 दूसरे जिले का युवक हमारे घर से बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया हैं , इस मामले में मेरे द्वारा पुलिस को तहरीर दी थी आरोप है कि उनके द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में लड़की की उम्र 18 वर्ष लिखवा दी हैं,और नाबालिग शब्द को भी हटवा दिया गया हैं जब कि युवती की टीसी में दर्ज उम्र के अनुसार युवती अभी नाबालिक हैं,पिड़ित पिता के द्वारा पुलिस अधीक्षक व मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई गई है,इसके बावजूद पुलिस नाबालिग युवती को बरामद नहीं कर पाई हैं , पीड़ित पिता का कहना है कि उनकी पुत्री को गुरविंदर सिंह पुत्र जरनैल सिंह निवासी,कुमोनगर वार्ड 4 जिला पीलीभीत नामक युवक के द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले गया है,पिता का आरोप है कि पुलिस उनकी पुत्री को बरामद नहीं कर पा रहे हैं, जिससे वे दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि टीसी में दर्ज जन्मतिथि के अनुसार युवती अभी नाबालिक है, आरोपी के खिलाफ धाराएं बढ़ाई जा रही हैं युवती को बरामद करने का प्रयास जारी है जल्द ही आरोपी सहित युवती को बरामद कर लिया जायेगा।

# एक्सप्रेस खबरें...

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** जनपद के खीरी थाना के सहजनी गांव में शनिवार की देर रात एक युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान हरिपाल के रूप में हुई है, जो नन्नू का पुत्र था।बीती रात को गांव के बाहर खेत में एक पेड़ से युवक का शव लटका मिला। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही खीरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को रात में ही कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। खीरी थाना प्रभारी विवेक कुमार उपाध्याय ने रविवार की सुबह करीब 10 :30 बजे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। युवक ने आत्महत्या क्यों की, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## थाना प्रभारी ने मीडियाकर्मियों के साथ की बैठक

**जन एक्सप्रेस। सम्पूर्णानगर खीरी।** नवागत थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने मीडियाकर्मियों से रूबरू होते हुए हाल चाल जाना और मीडियाकर्मियों से किसी भी समस्याओं पर खुलकर बात रखने की बात की यही नही किसी भी दबाव और गलत व्यवहार पर पुलिस कर्मियों पर भी कार्रवाई की जाएगी और अगर कोई मीडियाकर्मियों की तरफ से आपसी गिले शिकवे स्वागत उसे भी आपस में सभी की मौजूदगी में हर निकाला जाएगा जिससे सभी लोगों में ताल-मेल अच्छा रहे इस दौरान सम्पूर्णानगर के तमाम पत्रकार मौजूद रहें। वहीं नवागत थाना के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने स्टाफ के साथ बैठक कर अपने से अलग-अलग कमरों का निरिक्षण किया। उन्होंने कहा कि कहानी वाले फरियादियों के साथ मित्रवत व्यवहार किया जाएगा, पीड़ित व्यक्ति की समस्या का स्तर एवं निर्धारण निश्चित रूप से किया जाएगा। साथ ही थाना क्षेत्र के अंतर्गत शांति व्यवस्था एवं चाक चौबंद रखना प्रमुख उद्देश्य है। ला एंड स्ट्रांग स्ट्रॉन्ग इस पर बेहतर ढंग से काम किया जा रहा है, शासन के पेशेवरों के साथ जुड़े लोगों को तत्काल और गुणवत्तापूर्ण न्याय उपलब्ध कराया जा रहा है। अपराधी भी कहानियां क्यों ना हो उसे बक्शा नहीं जाएगा, हर आपराधि अपराध एवं कहानियां पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी और अपराधी और आम नागरिक की रक्षा एवं सुरक्षा के लिए सम्पूर्णानगर पुलिस काम करेगी। हम आपकी सेवा में 24 घंटे तत्पर हैं।

## अहमद नगर को हरा कर लघुची टीम ने जीता फाइनल

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** क्षेत्र के ग्राम छतौनिया में स्वर्गीय रामकुमार वर्मा की स्मृति में चल रहे सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला लगुची बनाम अहमदनगर के बीच हुआ। जिसमें अहमदनगर ने 10 ओवर में 101 रन का लक्ष्य रखा। इसमें अहमदनगर की टीम 10 ओवर में 78 रन मात्र बना सकी। अलवक्ता लघुची टीम नें फाइनल टूर्नामेंट में विजय श्री अपने नाम दर्ज करा ली। टूर्नामेंट का सफल संचालन सफी ने किया। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि गोला विधायक अमन गिरि, पटेल अशोक कनौजिया प्रदेश मंत्री युवा उद्योग व्यापार मंडल,सतीश वर्मा तहसील अध्यक्ष व्यापार मंडल,वारिस अली अंसारी जिला पंचायत सदस्य,आलोक जायसवाल प्रतिनिधि प्रधान लंदनपुर, मनोज राज प्रधान, रामदीप वर्मा, बृजकिशोर भारती डायरेक्ट गन्ना समिति गोला,वीरेंद्र कुमार,बांकेगंज,अनुज वर्मा, जगदीश वर्मा, उमेश वर्मा, डॉ किशोरी लाल राठौर, कपिल वर्मा, रिंकू भारती एवं सभी ग्राम व क्षेत्रबासी मौजूद रहे। अतिथियों ने विजेता टीम को 11000 रुपए नगद,ट्राफी एवं पुरस्कार दे कर सम्मानित किया है। टूर्नामेंट के आयोजक रोहित वर्मा (फौजी) एवं अमन वर्मा ने दोनों टीमों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



## पंचायत सचिवालय में घुसा अजगर, ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** विकासखंड पूरनपुर की ग्राम पंचायत चंदिया हजारा में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब पंचायत सचिवालय में एक अजगर घुस आया। सचिवालय में काम के लिए पहुंचे ग्रामीणों की नजर जैसे ही अजगर पर पड़ी, वहां अफरा-तफरी मच गई।ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रधान वासुदेव कुंडू को दी, जिनके निर्देश पर वन विभाग को बुलाया गया। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अजगर को रेस्क्यू किया और जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया।गांव जंगल से सटा हुआ है, जिस कारण यहां अक्सर वन्यजीवों की चहलकदमी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के चलते अजगर जैसे सरीसृप जीव अब रिहायशी क्षेत्रों में भी घुस रहे हैं। घटना के बाद सचिवालय में काम कर रहे लोग डरे-सहमे नजर आए।

## नहर का पानी रोके जाने से किसानों की फसल संकट में

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** ग्राम भीममपुर, पतावोझी, टांडा छत्रपति व अभयपुर क्षेत्र के किसानों ने सिंचाई विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए नहर का पानी रोके जाने की शिकायत की है। किसानों का कहना है कि गुलड़िया माइनर नं. 2 से निकलने वाली नहर को ग्राम भीकमपुर के कुछ लोगों ने फर्जी कुलावा बनाकर बीच में ही रोक लिया है।आरोप है कि कुछ सिक्ख समुदाय के लोग इस नहर से निजी लाभ के लिए सिंचाई करते हैं और आगे के गांवों को पानी नहीं पहुंचने देते। ग्रामीणों ने बताया कि सिंचाई विभाग के जेई व ओवरसियर इन लोगों से धन उगाही करते हैं, इसलिए कोई कार्यवाही नहीं होती।पानी न मिलने से किसानों की फसलें सूख रही हैं और उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। इसको लेकर ग्राम प्रधानों ने कई बार शिकायत की, पर कोई समाधान नहीं निकला। किसानों ने फर्जी कुलावों को हटवाने और पटरी निर्माण कराने की मांग की है।

## कोतवाली की दीवार पर राम दरबार की मूर्ति लगाने पर विरोध

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** नगर कोतवाली की दीवार पर श्रीराम दरबार की मूर्ति लगाए जाने पर हिंदू संगठनों ने तीव्र आपत्ति दर्ज की है। संगठनों ने इसे धार्मिक भावना के विरुद्ध बताते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और तत्काल मूर्ति हटाने की मांग की।ज्ञापन में कहा गया है कि श्रीराम दरबार एक पूजनीय धार्मिक प्रतीक है, जिसे मंदिरों या पवित्र स्थानों पर स्थापित किया जाता है। कोतवाली की दीवार पर, जहां आमतौर पर गंदगी और थूक लगी रहती है, ऐसी मूर्ति का लगना धार्मिक अपमान है। हिंदू संगठनों ने इसे राजनीति से प्रेरित बताते हुए तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है। चेताया कि अगर मूर्ति नहीं हटाई गई तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में त्रिभुवन शर्मा, नित्यानंद, विनोद शर्मा, गंगाशरण, प्रवीण कुमार सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# आज स्वामी अलखनंद अक्रिय महाराज जी की पुण्यतिथि पर होगा भक्ति और श्रद्धा का आयोजन

- श्री परम अक्रिय धाम में स्वामी प्रवक्तानंद जी देंगे प्रवचन, भंडारे में उमड़ेंगे श्रद्धालु

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र स्थित श्री परम अक्रिय धाम में सोमवार को ब्रह्मलीन स्वामी अलखनंद अक्रिय महाराज जी की पुण्यतिथि श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर उनके परम शिष्य एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद जी महाराज की ओर से विशेष प्रवचन और भजन-सत्संग का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा, जिसमें स्वामी प्रवक्तानंद जी अपने पूज्य गुरुदेव की शिक्षाओं और उनके आध्यात्मिक योगदान पर प्रकाश डालेंगे। प्रवचन के



बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

स्वामी प्रवक्तानंद जी ने बताया कि आज ही के दिन 23 जून को ब्रह्मलीन हुए महामंडलेश्वर अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 स्वामी अलखनंद अक्रिय महाराज जी की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वामी अलखनंद अक्रिय महाराज जी अक्रिय योग के प्रमुख साधक और समाज को आत्मज्ञान का मार्ग दिखाने वाले संत थे। वे ब्रह्मश्रोत्रीय अवधूत परंपरा के प्रतिनिधि माने जाते थे और जीवनभर उन्होंने सेवा, संयम और भक्ति के पथ पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर आसपास के गांवों और नगरों से संत-महात्मा, श्रद्धालु और समाजसेवी बड़ी संख्या में पहुंचेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पुण्यतिथि समारोह को सफल बनाएं। यह कार्यक्रम श्री परम अक्रिय धाम, श्री अलखेश्वर महादेव मंदिर, निकट खमरिया पुल, पीलीभीत समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्रवचन व सत्संग तथा तत्पश्चात विशाल भंडारा और प्रसाद वितरण के साथ संपन्न होगा।

# योग दिवस पर श्री जी पैलेस में हुई काव्य गोष्ठी, कवियों ने बांधा समां

- 'योग से जीवन में आता संतुलन', कवियों ने कविता के माध्यम से दिया संदेश

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर स्थित श्री जी पैलेस में एक भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि सुरेंद्र मिश्रा ने की और संचालन कवि व शिक्षक विकास आर्य स्वप्न ने किया। काव्य पाठ की शुरुआत संजीता सिंह की वाणी वंदना से हुई। उन्होंने अपनी कविता में समाज में बढ़ रही घरेलू हिंसा और पत्नियों की भूमिका पर करारा व्यंग्य किया। विकास आर्य ने महिला विषयों पर प्रभावशाली मुक्तक पढ़े तो डॉ. नीरजना शर्मा ने पर्यावरण और तापमान पर आधारित रचना 'इक पेड़ लगा लो' सुनाकर तालियां बटोरीं। कवि अंशुमाली दीक्षित, डॉ. यू आर मीत, सतीश मिश्र अचूक, रामनरेश शर्मा, गीता राठौर, राजेश राठौर सहित अन्य रचनाकारों ने भी श्रोताओं को बांधे रखा। कार्यक्रम में मौजूद श्रोताओं ने करतल ध्वनि से कवियों का उत्साहवर्धन किया। अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा ने ऐसी गोष्ठी नियमित अंतराल पर कराने का सुझाव दिया।

# युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले गया युवक, पुलिस से शिकायत

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव का ही युवक तीन दिन पहले उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है।महिला ने बताया कि युवती रात से घर में नहीं थी, सुबह गायब मिली तो परिजनों के होश उड़ गए। परिजन तीन दिन से लगातार खोजबीन कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और युवक की तलाश की जा रही है।

# प्रशासनिक कार्रवाई न होने पर युवक ने गांव छोड़ने की अधिकारियों से मांगी अनुमति

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

एक गांव युवक ने प्रशासन की कार्रवाई से असंतुष्ट गांव छोड़ने की अनुमति मांगी है। कस्बा मैलानी इलाके की ग्राम पंचायत ग्रंट नंबर 11 के मजरा ग्राम उदयपुर निवासी दिनेश कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर एसडीएम को पत्र दिया जिसमें कहा गया है कि उसके पिता ने अपने खेत की पैमाइश को न्यायालय उप जिला अधिकारी के यहां 17 मार्च 2015 को वाद योजित किया था। एसडीएम ने वाद का निस्तारण करते हुए 30 मई 2017 को पक्की मेडबंदी का आदेश पारित किया था। राजस्व टीम व पुलिस बल ने 07 मई 2018 को पक्की मेडबंदी कराई थी, किंतु पड़ोसी चकदार विपक्षीगण अजय, अजीत, अनीश, पुत्र गण बहादुर, पंछी पुत्री बहादुर, राजेश्वरी पत्नी बहादुर और राजाराम पुत्र रामदयाल निवासी उदयपुर ने दबंगई के चलते मेड तोड़ दी थी। जिसकी शिकायत पर 6 साल बाद 23 मार्च 2024 को पुनः पक्की मेडबंदी हुई। किंतु विपक्षी गण ने फिर से मेड तोड़ दिया। एसडीएम के आदेश पर 12 फरवरी 2025 को एफआईआर दर्ज हुई तब से उनका रहना मुश्किल हो गया है। जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। दिनेश का कहना है कि अजय तहसील में प्राइवेट मुंशी है। उप जिलाधिकारी व अन्य उच्च अधिकारियों व पुलिस प्रशासन को पुनः मेड़बंदी कराए जाने व विपक्षी गण के विरुद्ध कार्रवाई के संबंध में लगातार प्रार्थना पत्र दे रहा है। किंतु कोई कार्रवाई होने के बजाय पुलिस द्वारा उस पर ही शांति भंग का मुकदमा दर्ज कर दिया जाता है। अब उसे न्याय की उम्मीद नहीं रही है। वह अपनी जान खोना नहीं चाहता है।उसका कहना है कि विपक्षी गण की मार से उसके पिता की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है।

# बाघिन के हमले से बाल-बाल बचा किसान भाग कर बचाई जान, ग्रामीणों में दहशत

**जन एक्सप्रेस। हजारा/पूरनपुर**



शावको के साथ घूम रही बाघिन ने खेत में शौच करने गए किसान पर हमला वर हो गयी और किसान पर छलांग लगा दी लेकिन गनीमत यह रहा कि किसान शोर मचाते हुए भाग निकला और बाल-बाल उसके हमले से बच गया।बफरजोन संपूर्णानगर वन रेंज लखीमपुर-खीरी की हजारा वन बीट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शास्त्री नगर निवासी धनेश पुत्र राधेश्याम ने जानकारी देते हुए बताया कि वह रविवार की सुबह पांच बजे अपने खेत में शौच करने गया था तभी शावकों के साथ घूम रही बाघिन वहां आ गई जैसे वह संभलता तब तक बाघिन ने पीछे से उसके ऊपर छलांग लगा दी लेकिन उससे पहले वह वहां से भाग लिया और शोर मचाने लगा शोर की आवाज से बाघिन वहीं रुक गयी।शोर की आवाज पर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और बाघिन को शोर मचा कर बामुश्किल बाघिन को भगाया नहीं तो एक बहुत बडा हदसा हो जाता।घटना की सूचना वन विभाग को दे दी गई है लेकिन खबर लिखे जाने तक वन विभाग की टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी।आए दिन बाघ और तेंदुए की चहल कदमी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है लेकिन वन विभाग तेंदुए और बाघ से बचाव का कोई इंतजाम नहीं कर पा रहा है जिस कारण ग्रामीणों में वन विभाग के खिलाफ काफी नाराजगी एवं आक्रोश पैदा होता जा रहा है।

### वन विभाग के पास नहीं है संसाधन कैसे हो बाघों पर नियंत्रण

बफरजोन संपूर्णानगर वन रेंज कार्यालय में समुचित संसाधन की उपलब्धता नहीं होने के कारण बाघ एवं तेंदुओं सहित अन्य हिंसक वन्यजीवों पर नियंत्रण करने में संपूर्णानगर वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बेबस नजर आते हैं।लखीमपुर-खीरी-पीलीभीत के ग्रामीणों ने वन विभाग के उच्चाधिकारियों से संपूर्णानगर वन रेंज में समुचित एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग किया है।

# मंडी समिति में भाकियू की पंचायत, साठा धान की खरीद से इंकार पर किसानों में आक्रोश

- राइस मिलर्स खरीदने से कर रहे इनकार, न्यायालय में लंबित है फसल नष्ट करने का मामला

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**



पूरनपुर मंडी समिति परिसर में रविवार दोपहर भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के नेतृत्व में साठा धान की खरीद न होने को लेकर किसानों ने पंचायत की। किसान भारी संख्या में एकत्र हुए और अपनी फसल बेचने में आ रही दिक्कतों को लेकर प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाया।ज्ञात हो कि जिला प्रशासन ने साठा धान की खेती पर रोक लगा दी थी, बावजूद इसके किसानों ने यह फसल लगाई। जब अधिकारी फसल को नष्ट करने पहुंचे तो किसानों ने न्यायालय की शरण ली, जिसके चलते फसल नष्ट नहीं की गई। अब फसल पककर कटाई भी हो चुकी है, परंतु राइस मिलर्स इसे खरीदने से इनकार कर रहे हैं।पंचायत में किसानों ने मिलर्स और प्रशासन की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जब फसल लग चुकी है और न्यायालय ने भी स्थगन आदेश दे दिया है, तो सरकार को चाहिए कि वह किसानों की उपज की खरीद सुनिश्चित करे। पंचायत में तय हुआ कि यदि शीघ्र ही खरीद की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई तो किसान सड़कों पर उतरकर आंदोलन को बाध्य होंगे।

# एस डी इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित समर कैंप का समारोह पूर्वक हुआ समापन

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

शगुन पैलेस घरथनिया मे एस डी इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित समर कैंप के समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्चन करके किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी अरविंद पांडे ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यू चिल्ड्रनस वेलफेयर सोसाइटी के प्रांतीय अध्यक्ष आलोक तिवारी फ्लोबल पब्लिक इंटर कॉलेज के प्राचार्य मनोज वर्मा ग्राम प्रधान



सरला वर्मा ठाकुर अरुण कुमार सिंह विवेक शर्मा कार्यक्रम में उपस्थित रहे मुख्य अतिथि पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में एस डी इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित समर कैंप से बच्चों में उत्साह देखने को मिला है और सांस्कृतिक कार्यक्रम के मंच पर उनका अभिनय अत्यंत सराहनीय है समर कैंप मे मेहंदी ब्यूटीशियन इंग्लिश स्पीकिंग क्राफ्ट कला संगीतनृत्य कला का प्रशिक्षण प्रशिक्षक एवं प्रशिकाओ द्वारा पूरे मनोयोग से दिया गया है जिसके लिए वह बधाई के पात्र है।कार्यक्रम अध्यक्ष अरविंद पांडे ने कहा एसडी इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक राजेश वर्मा विद्यालय को ऊंचाइयों तक ले जाने मेंअपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन . कर रहे हैं और विद्यालय में कुशल शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का चयन करके देश की भावी पीढ़ी के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान है विद्यालय के विकास में अभिभावकों का सहयोग अत्यंत सराहनीय है विद्यालय की प्रगति के लिए के लिए भोलेनाथ से कामना करता हूं।

विशिष्ट अतिथि बाबूराम बाल उद्यान के प्रधानाचार्य आलोक तिवारी फ्लोबल पब्लिक इंटर कॉलेज के प्राचार्य मनोज वर्मा नेअपने संबोधन में समर कैंप के सांस्कृतिक मंच पर आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा की और समर कैंप की सफलता पर अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं देकर विद्यालय के स्वर्णिम भविष्य की कामना की विद्यालय के प्रबंधक राजेश वर्मा एवं योग वती वर्मा एवं प्रधानाचार्य सिंपी चौधरी ने मुख्य अतिथि कार्यक्रम अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।समर कैंप में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान करके सम्मानित किया सांस्कृतिक मंच प्रति भाग करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक सरोज कुमार अनुज वर्मा सुमित वर्मा छत्रपाल वर्मा शिक्षिका रीता यादव अंशिका राठौर गोल्डी राज प्रवेशिका रिशु रॉक अजय रॉक तुषार मिश्रा सहित अभिभावक गण छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे

कार्यक्रम का सफल संचालन आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा ने किया।

# श्रावण मास की तैयारियों को लेकर ईटहिया में हुई बैठक

## मंदिर परिसर की सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, पार्किंग एवं यातायात प्रबंधन पर विशेष रूप से चर्चा की

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जनपद के भारत-नेपाल सीमा से सटे ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ईटहिया के प्रसिद्ध पंचमुखी शिवधाम में आगामी श्रावण मास मेले के दृष्टिगत मंदिर परिसर में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी निचलौल नन्द प्रसाद मौर्या एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से की। अधिकारियों ने बैठक में मंदिर समिति, दुकानदारों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया।

श्रावण मास में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन पर विशेष रूप से चर्चा की गई। उपजिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक इंतजाम समय से पूर्व सुनिश्चित कर लिए जाएं। वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने की बात कही और श्रावण मेले के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। बैठक में उपस्थित मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों एवं स्थानीय दुकानदारों ने भी प्रशासन को अपने सुझाव एवं समस्याओ को भी अवगत कराया।

श्रावण मास में भारतीय सीमा क्षेत्र के चटिया, गड़ौरा, ठूठीबारी, बरगदवा, निचलौल, महराजगंज, सिसवा व बिहार प्रान्त और पड़ोसी देश नेपाल महेशपुर, नवलपरासी, बुटवल, व त्रिवेणी से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पंचमुखी महादेव के दर्शन हेतु ईटहिया पहुंचते हैं। ऐसे में श्रावण मास के मद्देनजर उपरोक्त बैठक को प्रशासनिक तैयारी की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस दौरान तहसीलदार अमित सिंह, कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्रा, बीडीओ शमा सिंह, लेखपाल मनीष पटेल, अजय कसौधन, अवधेश सिंह सहित तमाम अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## देवरहा बाबा की पुण्यतिथि पर मानस पाठ से भक्तिमय हुआ माहौल

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

देवरहा बाबा आश्रम पर उनकी 35वीं पुण्यतिथि शनिवार को मनाई गई। एक दिन पहले से अनुयायी आने लगे थे। आश्रम में सुबह से मानस पाठ और कीर्तन का दौर शुरू हो गया था। पीठाधीश्वर श्याम सुंदर दास ने सुबह बाबा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आरती की। इस दौरान बाबा के जयकारे से आश्रम गूंजता रहा। पीठाधीश्वर ने कहा कि बाबा दिव्य व अलौकिक महापुरुष थे। यहां की मिट्टी के कण-कण में बाबा वास करते हैं, जो सच्चे मन से बाबा को याद करता है उनकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। पीठाधीश्वर ने बाबा के उपदेश को बताते हुए कहा कि गो सेवा, गो रक्षा से ही सबका कल्याण है। देश में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। गो की रोम-रोम में देवताओं का वास होता है। इस दौरान अयोध्या और काशी से संत आए थे। इस दौरान हरिनाम दास, रणविजय सिंह, वीरेंद्र कुमार चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष बरहज श्वेता जायसवाल, सुरेंद्र सिंह, विजय रावत, डॉ. राममनोहर त्रिपाठी, रविकेश चौधरी, वृजेश कुशवाहा, शिवम चौधरी आदि मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल इण्टर कॉलेज में योग शिविर का आयोजन

## योग तन के साथ मन को भी रखता है स्वस्थ: डॉ0 शैलेन्द्र सिंह

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**




अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पंडित दीनदयाल इण्टर कॉलेज, महराजगंज में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग न केवल तन को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी शांति प्रदान करता है। वर्तमान समय में जब तनाव और चिंता से जीवन प्रभावित हो रहा है, ऐसे में योग ही एकमात्र समाधान है।

उन्होंने कहा कि योग भारतीय मनीषियों की देन है और यह एक ऐसी पद्धति है, जो मन, शरीर और आत्मा को जोड़ने का कार्य करती है। हिंदू धर्मशास्त्रों में भी योग का व्यापक वर्णन मिलता है। नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक रोगों से मुक्ति मिलती है, बल्कि मानसिक तनाव से छुटकारा और आत्मिक शांति की भी अनुभूति होती है। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में योग प्रशिक्षक विश्वनाथ प्रजापति के मार्गदर्शन में स्वयंसेवियों ने सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, मंडूकासन आदि योग क्रियाओं का अभ्यास किया।

शिविर में कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र वर्मा, कमलेश भारती, राहुल यादव, धीरज साहनी, अंशू खरवार, नेहा कन्नौजिया, खुशी यादव, दिव्या भारती, निरुपमा वर्मा, ज्योति पटेल और आकांक्षा समेत विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कसया बस स्टेशन की एलईडी स्क्रीन पर दिखेगा बसों का शेड्यूल

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



नगर स्थित रोडवेज बस स्टेशन पर बसों की जानकारी के लिए यात्रियों को अब परेशान नहीं होना पड़ेगा। रेलवे की तरह अब उन्हें बस स्टैंड पर भी बसों की जानकारी एलईडी स्क्रीन पर मिलेगी। 22 लाख खर्च कर बस स्टैंड पर एलईडी स्क्रीन लगाई गई है। सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन के कार्य के बाद यह सिस्टम शुरू हो जाएगा। वहीं, साउंड सिस्टम के माध्यम से भी बसों के संबंध में जानकारी प्रसारित कराई जाएगी।

आमतौर पर रोडवेज बस स्टैंड पर बसों के समय और उनकी स्थिति के बारे में जानकारी के लिए यात्रियों को इधर-उधर भटकना पड़ता है। कई बार पूछताछ खिड़की पर कर्मी नहीं होते। यात्रियों को बसों के बारे में जानकारी लेने के लिए बस चालक और परिचालकों से पूछताछ करनी पड़ती है। गंतव्य तक जाने वाली बस कब मिलेगी, इसकी भी जानकारी ठीक से नहीं हो पाती। इसकी वजह से यात्री परेशान रहते हैं। मगर, अब जल्द ही यह समस्या समाप्त हो जाएगी। रेलवे की तरह बस स्टैंड पर भी एलईडी के माध्यम से बसों के संबंध में जानकारी डिस्प्ले की जाएगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने करीब 22 लाख रुपये खर्च कर एलईडी लगवाई है। सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कर इसे शुरू किया जाएगा। वहीं साउंड सिस्टम भी लगाया जाएगा। एलईडी स्क्रीन पर सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी मिलेगी। एआरएम पडरौना डिपो जयप्रकाश प्रधान ने बताया कि एलईडी लग गई है। सॉफ्टवेयर इंस्टालेशन के बाद बसों के बारे में जानकारी डिस्प्ले होंगी। ऑटोमेटिक साउंड सिस्टम भी लगाया जाएगा, जिससे लोगों को उनके गंतव्य तक जाने वाली बसों की जानकारी मिल सकेगी। नगर स्थित बस स्टेशन पर देवरिया, गोरखपुर, रात्तीनगर, सिद्धार्थनगर, सनौली, फजलगंज, उन्नाव, विकासनगर, हमीरपुर, बांदा, अयोध्या, हैदरगढ़, जौनपुर, बस्ती डिपो की बसों का आवागमन प्रतिदिन होता है। 14 डिपो की बसे यहां से होकर गुजरती है।

## एमआरआई की सुविधा नहीं, मरीजों को बाहर से करानी पड़ रही जांच

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

मेडिकल कॉलेज में एमआरआई जांच की सुविधा नहीं होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नसों व ब्रेन तथा गांठ आदि की संभावना को पुष्ट करने के लिए जांच की जरूरत महसूस की जाती है। इस तरह के रोजाना करीब बीस से पचीस मरीजों को करानी पड़ती है। इसके लिए उन्हें बाहर से जांच करानी पड़ती है और निजी सेंटरों का सहारा लेना पड़ता है, जहां कीमत चुकानी पड़ती है। जांच महंगी होने के कारण मरीजों और तीमारदारों पर आर्थिक बोझ पड़ता है। इस जांच के होने से मरीजों को काफी सहूलियत होगी। मेडिकल कॉलेज में मरीजों की संख्या में हर रोज इजाफा हो रहा है। कमर, गर्दन, सिर दर्द सहित नस से संबंधित विभिन्न की बीमारी से पीड़ित मरीज पहुंच रहे हैं। हड्डी रोग विभाग की ओपीडी में मरीजों की काफी भीड़ हो रही है।

# विधायक ने सड़क परियोजना की रखी आधारशिला

- भाजपा विधायक जयमंगल कनौजिया बोले विकास के प्रति हमारी सरकार प्रतिबद्ध

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जनपद के सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने रविवार को बहुप्रतीक्षित रामपुर बुजुर्ग से कटहरा संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य की आधारशिला रखी। लगभग 12 करोड़ 46 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 5.50 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण और भूमि पूजन के साथ हुई। विधायक कन्नौजिया ने कहा कि यह सड़क सिर्फ ईंट और तारकोल की नहीं, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास की राह है। वर्षों से खराब सड़कों की वजह से आमजन को दिक्कतें झेलनी पड़ीं। इस परियोजना से न केवल आवागमन सुलभ होगा बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता की निगरानी के लिए नियमित निरीक्षण किया जाएगा और लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने कहा कि मोदी-योगी सरकार की प्राथमिकता सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है।

विधायक ने बताया कि राज्य सरकार ने गन्ना किसानों का बकाया भुगतान, कानून-व्यवस्था की मजबूती, और युवाओं को रोजगार देने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

मोदी-योगी की जोड़ी ने यह साबित कर दिया है कि यदि नीयत साफ हो और नीतियां स्पष्ट हों, तो विकास नारा नहीं, धरातल पर दिखाई देने वाली सच्चाई बन जाती है। यह सरकार सबका साथ, सबका विकास के मूलमंत्र पर चलते हुए एक नए भारत और उत्तम प्रदेश का निर्माण कर रही है। इस मौके पर सहायक अभियंता कुणाल, अवर अभियंता सुनील यादव, देवानंद, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद मौर्य, जयहिंद चौधरी, सूर्यनाथ शर्मा, गिरीश पटेल, अशोक पटेल, प्रमुख प्रतिनिधि इंजी. विवेक गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री कुरसेद अंसारी, सच्चिदानंद त्रिपाठी, वीरेंद्र लोहिया, राकेश अग्रहरी, शहादत अली, महेंद्र निगम, सेक्टर प्रभारी रणविजय चौधरी, वीरेंद्र पासवान, पूर्व प्रधान रामराज चौरसिया, सुरेंद्र चौधरी, रंभू गुप्ता सहित कई अन्य लोग शामिल रहे।

# जनता दर्शन: सीएम ने दिया आश्वासन-समस्या का समाधान होगा

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने किया गया था। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात की।

गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। आश्वस्त किया कि सबको न्याय मिलेगा। जनता की समस्या सुनते हुए सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इसमें हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने किया गया था। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात की। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे।

जनता दर्शन में आईं जमीन कब्जा संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन कब्जामुक्त कराएं और अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को कानूनी सबक सिखाएं।

उन्होंने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना त्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान व्हीलचेयर पर आए एक व्यक्ति को देखकर मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने आश्वस्त किया इलाज में सरकार धन की कमी आड़े नहीं आने देगी।

बच्चों को दुलारकर सीएम ने दिया आशीर्वाद गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रविवार सुबह की दिनचर्या परम्परागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेकने के बाद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करने निकले। इस दौरान उनकी नजर परिजनों के साथ मंदिर आए बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने बच्चों को पास बुला लिया। नाम और पढ़ाई के बारे में पूछा, उनके साथ हंसी-ठिठोली की और खूब दुलारकर आशीर्वाद और चॉकलेट दिया।

## बंदर ने दुकानदार की बांह पर काटा

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

क्षेत्र के लालाछपरा, भटवलिया, धोधरही, इमिलिया आदि गांवों में बंदर का उत्पात इतना बढ़ गया है कि लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय बाजार निवासी विनोद विश्वकर्मा (55) को शनिवार की दोपहर में एक बंदर ने बांह पर काट लिया। विनोद का रामकोला सीएचसी पर इलाज कराया गया। तीन महीने से लोगों में दहशत का माहौल है। बंदर अब तक करीब 40 लोगों को काट चुका है और इतने ही लोगों पर हमला कर चुका है। मनोज अग्रवाल, बंटी विश्वकर्मा, महेंद्र मौर्य, लल्लन प्रसाद, स्वामी नाथ, सतीश शर्मा आदि ने बताया कि बंदर के डर से लोगों ने गर्मी में छत पर सोना छोड़ दिया है। व्यापारियों ने एक सप्ताह पूर्व एसडीएम कप्तानगंज से भी बंदर पकड़वाने की मांग की थी।

# विधायक को फोन पर धमकी: देवरिया पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की थीं। पुलिस की ओर से मोबाइल नंबर व टेक्स मैसेज के अनुसार आरोपी को ट्रेस किया और 21 जून 2025 को कोतवाली पुलिस टीम ने उसे धर दबोचा।

एक वायरल ऑडियो में देवरिया सदर के विधायक और पूर्व पत्रकार को मोबाइल पर धमकी देने के मामले में पुलिस ने रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। यह पूरा मामला 18 जून का है, जहां शाम को एक अज्ञात व्यक्ति की ओर से पत्रकार संतोष विश्वकर्मा को फ़ोन कर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए गोली मारने की धमकी दी गई थी। साथ में सदर विधायक डा. शलभ मणि त्रिपाठी को भी गोली मारने की बात कही गई थी। हालांकि संवाद न्यूज एजेंसी वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है। मामला विधायक से जुड़ा होने के चलते थाना कोतवाली में पुलिस ने केस भी दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की थीं।

पुलिस की ओर से मोबाइल नंबर व टेक्स मैसेज के अनुसार आरोपी को ट्रेस किया और 21 जून 2025 को कोतवाली पुलिस टीम ने उसे धर दबोचा। गिरफ्तार हुए आरोपी की पहचान रोहित यादव पुत्र बैजनाथ यादव, निवासी ग्राम सोनाडी, थाना भलुअनी, जनपद देवरिया के रूप में हुई हैं। एडिशनल एसपी अरविंद कुमार वर्मा व सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने सोशल मिडिया देख कर विधायक को टारगेट किया था और नशे की हालत में पत्रकार को धमकी देने की बात को कबूल किया हैं।

# खेत में हो रही थी धान की रोपाई... ट्रैक्टर में फंसकर किशोर की मौत

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



उधर, रितिक के मौत की जानकारी होने पर मां कुसुम देवी चक्कर खाकर गिर पड़ीं। उनका रो-रो कर बुरा हाल था। चार भाई-बहनों मनीष, सलोनी ओर स्नेहा में रितिक सबसे छोटा था। इंस्पेक्टर खुखुंदू लवकुश कुमार ने बताया कि हादसे की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर गई थी।

बरहज के मगहरा क्षेत्र के नरंगा गांव में रविवार को धान की रोपाई के लिए ट्रैक्टर में रोटावेटर से खेत की जुताई किया जा रहा था। इसी बीच गांव निवासी और कक्षा 10वीं का छात्र रितिक 14 पुत्र मंटू गोंड़ ट्रैक्टर से गिरकर रोटावेटर में फंस गया।

ञ्ञ्ह्वठ्ठस्रद्बठ्ठद्द ड्डद्बस्रद्गश्ह्य

इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए। आनन फानन में उसे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसके मौत होने की पुष्टि कर दी। रितिक के मौत की जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया।

खुखुंदू थाना क्षेत्र के नरंगा गांव निवासी मंटू गोंड़ धान की रोपाई के लिए ट्रैक्टर से खेत की जुताई करवा रहे थे।

जबकि रितिक ट्रैक्टर पर बैठा हुआ था। खेत की जुताई के दौरान रितिक अचानक ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और रोटावेटर में फंसकर बुरी तरह घायल हो गया था। उधर, रितिक के मौत की जानकारी होने पर मां कुसुम देवी चक्कर खाकर गिर पड़ीं। उनका रो-रो कर बुरा हाल था। चार भाई-बहनों मनीष, सलोनी ओर स्नेहा में रितिक सबसे छोटा था। इंस्पेक्टर खुखुंदू लवकुश कुमार ने बताया कि हादसे की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर गई थी।

## शिक्षकों ने लगाया मानक विहीन स्थानांतरण सूची बनाने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

शहर के तुलसी आवास विकास कॉलोनी स्थित तुलसी पार्क में शिक्षकों ने बैठक की। इसमें शिक्षकों ने बेसिक शिक्षा परिषद सचिव कार्यालय से निर्गत सामान्य (समायोजन) स्थानांतरण सूची का विरोध कर उसे मानक विहीन बताया। शिक्षकों का कहना था कि आवेदन से पहले 15 जिलों में जो रिक्त पदों की संख्या दिखाई गई थी वह कुल 33,054 थी। इसमें प्राथमिक वर्ग में 13266 सहायक अध्यापक व 410 प्रधानाध्यापक और उच्च प्राथमिक में 16009 सहायक अध्यापक व 3369 प्रधानाध्यापक के पद रिक्त थे। उन रिक्त पदों के सापेक्ष पूरे प्रदेश में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक में कुल 543 स्थानांतरण किए गए हैं।

# योगमय हुई महान्मा बुद्ध की परिनिर्वाण स्थली

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

कुशीनगर मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर परिसर समेत जिले के सभी स्कूल कॉलेजों के अलावा अलग-अलग स्थान पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित कर शनिवार को 11वां विश्व योग दिवस मनाया गया। कुशीनगर में आयोजित योग कार्यक्रम में सांसद, डीएम, सीडीओ समेत अन्य लोगों ने योगाभ्यास किया, वहीं एसपी की अगुवाई में पुलिस लाइंस और उदित नारायण इंटर कॉलेज परिसर में एनसीसी की तरफ से योगाभ्यास कार्यक्रम में लोगों ने योगाभ्यास किया। पकवा इनार प्रतिनिधि के अनुसार कुशीनगर में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति का हिस्सा है। आज योग का युग चल रहा है, योग कर काया को निरोगी रखा जा सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि 11 साल पहले उन्होंने यूएन में इसे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का दर्जा दिलवाने का काम किया था।

विधायक पीएन पाठक और डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने भी लोगों को संबोधित किया। इसके बाद योग प्रशिक्षक अनुज झीनझारिया, तुषार बोस, अदिति सिंह, आशीष पांडेय और रमेश कुमार ने लोगों को योगाभ्यास कराया। योग कार्यक्रम का संचालन मनंजय तिवारी ने किया। अंत में सीडीओ गुंजन द्विवेदी ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, आद्या पांडेय, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रभा पांडेय, एडीएम वैभव मिश्र, सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद्, सारनाथ मंडल राजेश यादव आदि मौजूद रहे।

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनय जायसवाल की अगुवाई में शहर के जूनियर हाईस्कूल परिसर में योग दिवस मनाया गया। इसमें भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी सुभाष सिंह ने सूर्य नमस्कार, वज्रासन, भुजंगासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति और ध्यान जैसे आसनों का अभ्यास कराया। इस दौरान मनीष बुलबुल जायसवाल, शंभू नाथ तिवारी, अरविंद कुमार, शत्रुधन शाही, अमरदीप शुक्ला, शशिकला, सोनी कुशवाहा, जगदंबा पांडेय, अभय मारोदिया, योगी हरिनारायण सिंह, विनोद तिवारी, विनोद चौरसिया आदि मौजूद रहे। पकड़ियार बाजार प्रतिनिधि के अनुसार पकड़ियार स्थित जनता पूर्व माध्यमिक विद्यालय के परिसर में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर युवा योग समिति की तरफ से योग शिविर आयोजित किया गया। इसमें योग शिक्षक जयश्री कुशवाहा ने योग प्राणायाम के बारीकियों और उनसे होने वाले लाभ को बताया गया। इस दौरान पवन तिवारी, राजू भाई, सर्वजीत गुप्ता, श्रीकांत कुशवाहा, हरि गोविंद, प्रधान रविंद्र यादव, शंभू गुप्ता, विजेंद्र तिवारी, रविंद्र दूबे आदि मौजूद रहे। रामकोला प्रतिनिधि के अनुसार कस्बा के विश्व दर्शन मंदिर परिसर और नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में योग शिविर का आयोजन हुआ। इसमें योग प्रशिक्षक योग प्रशिक्षक संत राजेंद्र ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया।

# इग्नू शुरू कर रहा है रोजगार परक नये पाठ्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के शिक्षित बेरोजगारों के लिए उत्तर प्रदेश में पर्यटन एवं होटल प्रबंधन के क्षेत्र में इग्नू तथा मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान, पर्यटन विभाग के संयुक्त प्रयासों द्वारा सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है ।

जानकारी के अनुसार इग्नू एवं मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान के मध्य 24 अप्रैल 2025 को हुए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत होटल प्रबंधन के तीन सर्टिफिकेट कोर्स एवं एक डिप्लोमा कोर्स जुलाई सत्र से प्रारंभ हो रहा है द्ध इन कोर्सों में सर्टिफिकेट इन फ्रंट ऑफिस ऑपरेशन, सर्टिफिकेट इन हाउसकीपिंग ऑपरेशन एवं सर्टिफिकेट इन फूड एंड बेवरेज सर्विस ऑपरेशन तथा डिप्लोमा कोर्स के अंतर्गत पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा इन होटल ऑपरेशन पाठ्यक्रम रखा गया है द्ध पाठ्यक्रम से संबंधित सभी थ्योरी एवं प्रैक्टिकल क्लासेस मान्यवर काशीराम पर्यटन प्रबंध संस्थान, लखनऊ में संचालित होगी द्ध सर्टिफिकेट कोर्स के अंतर्गत थ्योरी



क्लासेस 2 महीने चलेंगी जबकि 4 महीने की इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग होगी, वही डिप्लोमा कोर्स में 4 महीने की थ्योरी क्लास तथा 8 महीने की इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग होगी द्ध इस कोर्स को करने के बाद पर्यटन एवं होटल प्रबंधन के क्षेत्र में युवाओं का कौशल विकसित होगा तथा वे संबंधित क्षेत्रों में स्वरोजगार एवं नौकरी प्राप्त करने में समर्थ हो सकेंगे द्ध इन पाठ्यक्रमों का शुल्क बहुत ही न्यूनतम रखा गया है, जिसमें पंजीकरण शुल्क 400 रुपए प्रति पाठ्यक्रम है तथा छः महीने के सर्टिफिकेट कोर्स की फीस जहां 3000 रुपए प्रति अभ्यर्थी है, वहीं एक वर्ष का कोर्स करने के लिए मात्र 9000 रुपए अभ्यर्थियों से लिया जाएगा । महानिदेशक पर्यटन, उत्तर प्रदेश सरकार मुकेश मेश्राम द्वारा अन्य नए छोटे- छोटे पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया है, जिससे युवाओं को नवीन रोजगार हेतु कौशल वृद्धि कर सक्षम बनाया जा सके । साथ ही उन्होंने उद्यमशीलता को बढावा देने हेतु यथा संभव प्रयास करने का निर्देश दिया है द्य 12 जून 2025 को इग्नू एवं एमकेआईटीएम जॉइंट कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक ऑनलाइन माध्यम से संपन्न हुई, जिसमें प्रो. उमा कांजीलाल, कुलपति (इग्नू) द्वारा यह अवगत कराया गया कि इग्नू का प्रवेश पोर्टल खुल चुका है तथा प्रचार प्रसार के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को इन पाठ्यक्रमों की उपयोगिता के बारे मे जागरूक किया जाएगा, जिससे इच्छुक युवा वर्ग लाभान्वित हो सके तथा अपने करिअर को नई दिशा दे पाए द्ध डॉ.अनिल कुमार मिश्रा, वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक, इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, लखनऊ ने बताया की क्षेत्रीय केंद्र, लखनऊ को इन पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु नोडल केंद्र बनाया गया है तथा डॉ.कीर्ति विक्रम सिंह, उपनिदेशक को क्षेत्रीय केंद्र द्वारा नोडल अधिकारी नामित किया गया है द्य डॉ सोनिया शर्मा निदेशक, स्कूल का टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी सर्विस मैनेजमेंट, इग्नू ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने शिक्षार्थियों को पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार परक उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए संकल्पित है।

प्रो.हरकीरत बेनस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर ने कहा कि उपरोक्त कार्यक्रम करने के पश्चात शिक्षार्थियों के लिए पर्यटन के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे ।डॉ.अनुश्री बनर्जी, कार्यक्रम निदेशक मान्यवर काशीराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ टूरिज्म मैनेजमेंट ने विद्यार्थियों को संस्थान की तरफ से हर तरह की सहायता व सेवाएं प्रदान करने का आश्वासन दिया ।

## बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं जब्त

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के प्रकाश नगर में शनिवार को नारकोटिक्स विभाग ने छापेमार कार्रवाई की है। टीम द्वारा बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाईयों के साथ एक व्यक्ति पकड़ने की सूचना है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को बरेली की नारकोटिक्स विभाग ने थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के प्रकाश नगर में एक युवक को पकड़ा है ताकि ऑटो भी पकड़ा गया है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए युवक के पास से ऑटो में रखें बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाइयां का जखीरा मिला है। नारकोटिक्स विभाग ने थाना पुलिस के सहयोग से दवाइयां को जब्त कर लिया है। पकड़े गए युवक का नाम गौरव अग्रवाल बताया जा रहा है। जो की बेलनगंज का रहने वाला है, समाचार लिखे जाने तक विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही थी।

# किले में छुपे खजाने को ढूंढने से कम न था कार रैली का गंतव्य

### पहेलियों से भरपूर और रोमांचकारी रैली में 15 से अधिक परिवारों ने लिया भाग

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



दिमाग को उलझा देनी पहेलियों और रोमांच से भरपूर कार रैली किसी किले में छुपे खजाने को ढूंढने के मिशन सेकम नहीं थी। आगरा से प्रारम्भ हुई कार रैली को अपने गनंतव्य जयपुर स्थित लोहगढ़ किले तक पहंचने से पहले छह चेक प्वाइंट पर पहुचने की पहेलियों को सुलझाना था, और वहां पहुंचकर सेल्फी लेकर बतौर प्रमाण भेजनी थी। छह पहेलियों को सुलझाते हुए कम से कम किलोमीटर तय कर सबसे पहले लोहगढ़ किले पहुंचने वाली टीम निट्रो नवाब के कुशाग्र मित्तल, आयूषी मित्तल, राघव बंसल, प्रियंका बंसल इस रोमांचकारी कार रैली के विजेता रहे।

बीएनआई हैरीटेज द्वारा एनएच-2 बेस्ट प्राइज के पास से आयोजित कार रैली का शुभारम्भ एग्ज़्क्यूटिव निदेशक प्रवीन कुमार जैन ने झंडी दिखाकर किया। रैली में 15 से अधिक लोगों ने परिवार संग भाग लिया। गनंतव्य तक पहुंचने से पहले छह पहेलियों को सुलझाते हुए छह चेक प्वाइंट से होकर गुजरना जरूरी था। पहेलियों को सुलझाने में हर कोई उलझ गया। सबसे कम समय में रैली पूरी करने वाले बालाजी टीम के दिव्यांशु गोयल, डॉ. अवन्तिका गोयल दूसरे स्थान पर व टाइटन टींम के अपूर्व अग्रवाल, सुमेघा अग्रवाल तीसरे स्थान पर रहे। जयपुर स्थित लोहगढ़ किले पहुंचे, जहां पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन में स्मृति चिन्ह प्रदान कर विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष स्वपनदीप मित्तल, उपाध्यक्ष पुलकित सिंघल, सचिव अनुज अग्रवाल, कुशाग्र मित्तल, देविका गुप्ता, राघव बंसल, अरुण राजपूत, मुकुंद गर्ग, स्पर्श बंसल, गौरव पुण्डीर, दिव्यांग गर्ग, हिमांसी सचदेवा, हर्षुल अग्रवाल, हिमांसु गुप्ता, दिव्यांशु, अमित अग्रवाल, अपूर्व आदि उपस्थित थे।

# एसीपी हरिपर्वत की चेतावनी सुधर जाएं वर्ना होगी कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

शनिवार को एडिशन सीपी रामबदन सिंह ने एक आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक अब होटल, रेस्तरों, बार, क्लब और रूफटॉप आदि समय से खुलेंगे समय से बंद होंगे। इस आदेश पर एसीपी हरिपर्वत विनायक भोंसले ने थाना न्यू आगरा और थाना हरीपर्वत पर माइक लेकर अनाउंसमेंट किया। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि नियमों से ढाबे, रेस्टोरेंट और बार खुलें, अगर जरा भी कोताही बरती गई तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि आगरा पुलिस अवैध शराब समेत अन्य अभियान चला रही है। अभियान का उद्देश्य है, कि आम



जनता को समस्या न हों, कानून व्यवस्था बनी रहे, शहर का माहौल बिल्कुल खराब नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी चेतावनी दी है, अगर नियम टूटे तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। बताया जा रहा है कि आगरा पुलिस ने खुले में शराब पीने वालों पर डंडा चला दिया है। सड़क किनारे व सार्वजनिक स्थलों पर खुले में शराब पीने वाले 1159 लोगों के खिलाफ की गई है। इस दौरान पुलिस ने 963 वाहनों का चालान भी किया है, और लगभग 64 वाहन सीज किए है।

# 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे जनपद में लोगों ने किया योगाभ्यास

### जनपद स्तर पर प्रमुख सचिव की उपस्थिति में आयोजित हुआ योगाभ्यास , छात्रा-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद में जनपद स्तर, तहसील स्तर एवं विकासखंड स्तर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ । योगाभ्यास में बड़ी संख्या में जनमानस की भागीदारी रहीं।

जनपद स्तर पर प्रमुख सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम विभाग, डीएम पवन अग्रवाल, नगर पालिका बलरामपुर अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू , जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा की उपस्थिति में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन हुआ। योगाभ्यास के उपरांत अतिथिगण द्वारा छात्रा - छात्राओं को प्रशस्ति पत्र



देकर किया गया सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बने । नियमित योग से शरीर स्वस्थ रहता है एवं मानसिक एवं भावनात्मक संतुलन भी प्राप्त होता है। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की पहचान एवं प्राचीन परंपरा हैं, नियमित योग शरीर रहता है एवं कार्यक्षमता बेहतर होती हैं। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व ,एडीएम न्यायिक , सीएमओ , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी तहसील कार्यालय एवं विकास खंड कार्यालय में योगाभ्यास का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में जनमानस द्वारा प्रतिभाग किया गया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी ग्राम पंचायत, परिषदीय विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालयों में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

# शहर के होटलों, नाइट क्लबों, मॉल, डिस्कोथेक पर पुलिस की टेढ़ी नजर

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

कमिश्नरेट के पुलिस अधिकारियों ने जिले में चलने वाले होटल/रेस्टोरेन्ट्स/गेस्ट हाउसेज/नाइट क्लब, बार/मॉल, डिस्कोथेक/पब/लॉजिग हाउस/बोर्डिंग/ईटिंग हाउस व फार्म हाउस पर अपनी नजर टेढ़ी कर दी है। अपर पुलिस आयुक्त राम बदन सिंह ने शनिवार को एक आदेश जारी कर ऐसे स्थलों के मैनेजरों/ संचालकों को पाबन्द किया है, कि वे अपने होटल/रेस्टोरेन्ट्स, ईटिंग हाउस व फार्म हाउस आदि में प्रतिबंधित नशीले पदार्थों का इस्तेमाल नहीं करेंगे। अपने परिसर में रात्रि दस बजे के उपरांत ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं करेंगे। रात्रि में 12 बजे बाद किसी प्रकार की गतिविधियों का संचालन नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस आदेश का व्यतिक्रम/अवहेलना करने वाले व्यक्ति या कम्पनी/संस्था के संचालन प्रबन्धन के व्यक्तियों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 में उपबन्धित प्रावधानों के तहत दंडनीय अभियोग चलाया जायेगा। यह आदेश 21 जून से 20 अगस्त तक या इससे पूर्व निरस्त किये जाने की अवधि तक प्रभावी रहेगा। अपर पुलिस आयुक्त ने कहा कि शहर में



स्थित होटल/रेस्टोरेन्ट्स/गेस्ट हाउसेज/नाईट क्लब/बार/मॉल/ डिस्कोथेक/पब, लॉजिग हाउस/बोर्डिंग। ईटिंग हाउस व फार्म हाउस आदि में देर रात्रि तक अवैध रूप से युवाओं द्वारा पार्टियां की जाती हैं। तेज ध्वनि में डीजे बैण्ड आदि को देर रात तक बजाया जाता है, जिसके कारण अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण होता है और आस-पास निवासरत नागरिकों के लिए परेशानियां व अव्यवस्था की स्थिति बनी रहती है। ऐसे स्थलों पर बीयर, शराब व भोजन, उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाई जाती है। क्षेत्र और उसके आस-पास निवासरत आमजन के लिए, शांति और व्यवस्था के लिए व्यवधान पैदा होता है। इन स्थलों पर होने वाली पार्टियां शहर के युवाओं का स्टेटस सिंबल बनती जा रही है। जिससे शहर में पढ़ाई करने आये अधिकतर छात्र-छात्राओं में भी आकर्षण बढ़ रहा है। इन संस्थाओं के कुछ ग्राहकों द्वारा नशे की हालत में विभिन्न आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि आमजन के लिए इन स्थलों पर कानून-व्यवस्था, सुरक्षा एवं विधि विरुद्ध गतिविधियों, असुविधा, क्षति या इसके जोखिम को निवारित करने के लिए होटल/रेस्टोरेन्ट्स/गेस्ट हाउसेज/नाइट क्लब /बार/मॉल/डिस्कोथेक/पब। लॉजिग हाउस/बोर्डिंग/ईटिंग हाउस व फार्म हाउस आदि के संचालकों/उपयोगकर्ताओं को बाध्य/पाबन्द करना युक्तियुक्त है। अतः भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये उपरोक्त आदेश पारित किया गया है।

## आगरा में मिला युवक का शव

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

जनपद के ताजगंज क्षेत्र में युवक का शव मिला है। युवक की गला रेतकर हत्या की गई है। शरीर पर जगह-जगह कट के निशान हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पहचान बोदला निवासी के रूप में हुई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। लोगों ने डेडबॉडी देखकर पुलिस को दी थी, थाना ताजगंज की बसई चौकी क्षेत्र में सुबह लोगों ने सड़क पर एक युवक की डेडबॉडी देखी। बॉडी खून से सनी हुई थी। गले पर धारदार हथियार से काटने का निशान था। दोनों हाथ की कलाई की नसें भी कटी हुई थीं। लोगों ने फौरन पुलिस को सूचना दी। थोड़ी ही देर पुलिस पहुंची। छानबीन करने पर शव के पास से आधार और अन्य कागजात मिले। जिससे उसकी पहचान हो पाई। शव बोदला जगदीशपुरा के रहने वाले बिलाल का बताया जा रहा है। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस द्वारा आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। एसीपी ताज सुरक्षा अरीब अहमद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# 24 घंटे में पुलिस की दो मुठभेड़

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

जनपद के दो थाना क्षेत्रों में शुक्रवार रात अलग-अलग पुलिस मुठभेड़ों में दो शातिर अपराधी गिरफ्तार किए गए है। दोनों मुठभेड़ों में पुलिस पर फायरिंग के बाद जवाबी फायरिंग में बदमाशों के पैरों में गोली लगी है। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। साथ ही अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

थाना कमलानगर क्षेत्र के तेजनगर गुम्मट में शुक्रवार को घर के बाहर बैठे अमित नामक युवक को गोली मारने की सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस ने 24 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी एलविश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी पीयूष कांत राय ने बताया कि तेजनगर गोलीकांड में कुल छह आरोपी नामजद किए गए थे। साथ ही एल्विश की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया था। शुक्रवार की रात लगभग डेढ़ बजे पुलिस को सूचना मिली, कि आरोपी आगरा से बाहर भागने की फिराक में यमुना नदी की ओर जा रहा है।



सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही एल्विश ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी और वह मौके पर ही गिर पड़ा। आरोपी के पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। फिलहाल वह अस्पताल में पुलिस की निगरानी में भर्ती है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। दूसरी मुठभेड़ थाना शमसाबाद पुलिस और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में शुक्रवार देररात बाईपास रोड महरमपुर पर एक शातिर चोर मनोज को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। उसके साथ मौजूद अन्य चार बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। एसीपी गिरीश कुमार के अनुसार इरादतनगर की तरफ से एक संदिग्ध टाटा मैक्स वाहन आता दिखाई दिया। जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन वाहन नहीं रुका। इस पर पुलिस ने कुछ दूरी पर घेराबंदी कर उसे रोक लिया। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में मनोज के पैर में गोली लगी, और वह मौके पर पकड़ा गया। गिरफ्तार मनोज के कब्जे से चोरी की गई मोटर, तार, एक तमंचा और मैक्स वाहन बरामद हुआ है। मनोज बाह क्षेत्र का रहने वाला है, और उस पर गैंगस्टर एक्ट, लूट व चोरी के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस उसके चार फरार साथियों की तलाश में जुटी हुई है।

## मंगलायतन में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

मंगलायतन विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष की थीम ह्ययोगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थह्म के संदेश के साथ आयोजित कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों सहित विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान आदियोगी शिव एवं महर्षि पतंजलि के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात योगाचार्य भावना राज ने प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराया। उन्होंने सूर्य नमस्कार, वज्रासन, त्रिकोणासन, शवासन सहित विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम की विधियों का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों को रेखांकित करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मा और ब्रह्मांड के बीच जुड़ाव की प्रक्रिया है। योग को अपनाकर हम जीवन में संतुलन, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त कर सकते हैं। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सफाई कर्मियों के खातों में पहुंची राहत की रकम

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

बरसात अभी ठीक से शुरू भी नहीं हुई, लेकिन नगर निगम सफाई कर्मचारियों के लिए यह मौसम खुशखबरी लेकर आया है। लंबे समय से एसीपी यानि (सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन) का इंतजार कर रहे कर्मचारियों के खातों में आखिरकार धनवर्षा हुई है। नगर निगम प्रशासन ने 2012 के बाद पहली बार एसीपी प्रक्रिया को पूरा कर 884 सफाई कर्मचारियों को 13 करोड़ रुपये का लाभ प्रदान किया है।

नगर निगम ने 927 सफाई कर्मचारियों को सेवा अनुभव और नियमों के तहत एसीपी का लाभ देते हुए, 842 कर्मचारियों के बैंक खातों में धनराशि अंतरित कर दी है। यह कदम कर्मचारियों के वर्षों पुराने हक को पूरा करने की दिशा में ऐतिहासिक माना जा रहा है।

कर्मचारी संगठनों द्वारा कई वर्षों से यह मांग की जा रही थी, कि सफाई कर्मचारियों को समयानुसार एसीपी का लाभ दिया जाए। इसे गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने एसीपी प्रक्रिया को प्राथमिकता देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए है।

अधिष्ठान प्रभारी एवं उप नगर आयुक्त डॉ. सरिता सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नियमानुसार प्रत्येक कर्मचारी को 10, 16 और 26 माह की सेवा पूरी करने पर क्रमशः तीन चरणों में एसीपी का लाभ दिया जाना चाहिए।

# सेवा, सौहार्द और सन्यनिष्ठा की मिसाल बने बलरामपुर नगर पालिका : डॉ. धीरू सिंह

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित आदर्श नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धीरू सिंह ने धर्म से ऊपर सेवा तथा विभाग से ऊपर विकास को प्राथमिकता दी है । नगर के सौंदरीकरण तथा विकास को लेकर पूरी तरह से समर्पित धीरेंद्र प्रताप सिंह ने नगर की जनता से सहयोग के लिए अपील किया है ।

जानकारी के अनुसार ÷सेवा ही संकल्प है, सेवा ही आराधना है÷ इन मूल्यों को आत्मसात कर बलरामपुर के आदर्श नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' नगर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने झारखंडी सरोवर से जुड़ी गलतफहमियों, राजनीतिक बयानबाजियों और भ्रामक प्रचार के बीच न केवल न्यायालय के निर्णय का अनुपालन सुनिश्चित किया, बल्कि नगर की शांति और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दर्शाई।

### न्यायिक आदेशों का सम्मान, शांति का आह्वान

डॉ.धीरू ने स्पष्ट रूप से कहा कि हाईकोर्ट और एनजीटी के निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जा रहा है। झारखंडी सरोवर के संबंध में कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर राजनीतिक लाभ के लिए धार्मिक भावनाएं भड़काने का प्रयास किया गया, जबकि अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कर्बला का कोई वैध अभिलेख नहीं है और कूट रचित दस्तावेज प्रस्तुत करने वालों पर कार्यवाही के आदेश दिए गए हैं। उन्होने बताया कि नगर के सौहार्दपूर्ण वातावरण को दूषित करने वाले तत्वों को किसी भी दशा में सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने सभी समुदायों और नागरिकों से धैर्य, संयम और सहयोग बनाए रखने की अपील करते हुए आश्वस्त किया कि सभी त्योहारों का सम्मानपूर्वक और शांतिपूर्वक आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा।






### झारखंडी सरोवर: स्वच्छता और संरचना का नया अध्याय

बलरामपुर के ऐतिहासिक झारखंडी सरोवर के पुनरुद्धार के लिए नगरपालिका परिषद द्वारा विशेष बजट स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य की प्रक्रिया आरंभ की गई है। डॉ.धीरू ने बताया कि आज़ादी के बाद से अब तक इस सरोवर के लिए जितना गंभीर प्रयास नहीं हुआ, उससे कहीं अधिक नियोजित और पारदर्शी प्रयास अब किए जा रहे हैं। सरकारी और न्यायिक आदेशों के तहत मूत्र, गोबर और गंदगी से सरोवर को मुक्त करने हेतु कदम उठाए गए हैं। रेलवे की 25 हजार मेगावाट लाइन तथा प्रस्तावित ओवरब्रिज निर्माण को ध्यान में रखते हुए स्थायी रूप से ताजिया विसर्जन हेतु स्थान निर्धारित किया गया है, जो जनहित और प्रशासनिक दृष्टिकोण दोनों से अनिवार्य था।

### एकजुटता की अपील, सेवा भाव से समर्पण

डॉ.धीरू ने पुनः सभी नगरवासियों से धैर्य, सहयोग और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि फ्रमैंने हमेशा जाति, धर्म, पंथ और मजहब से ऊपर उठकर सेवा को ही साधना माना है। नगर के चौमुखी विकास और सामाजिक समरसता के लिए ही मुझे जनता ने अपना विश्वास सौंपा है,और मैं इस विश्वास पर पूरी ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास कर रहा हूं।

### सेवा के साथ सद्भाव की राह पर बलरामपुर

बलरामपुर में नगर विकास और सामाजिक सौहार्द की दिशा में डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' के नेतृत्व में चल रही गतिविधियां यह दर्शाती हैं कि जब कोई जनप्रतिनिधि नीति, नीयत और न्याय का पालन करता है, तो विकास की गति भी तेज होती है और सामाजिक एकता भी मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि जनता अब यह समझ रही है कि सच्चा नेतृत्व वही है जो सेवा को राजनीति से ऊपर माने और हर वर्ग के लिए न्याय व सम्मान सुनिश्चित करे। बलरामपुर में यह नया अध्याय उम्मीदों और विश्वास के साथ लिखा जा रहा है।

# जौनपुर में सनसनीखेज वारदात: दलित युवक की गोली मारकर हत्या, गांव में फैली दहशत

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जिले के तेजीबाजार थाना क्षेत्र स्थित चितौड़ी गांव में शुक्रवार की देर रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। अज्ञात बदमाशों ने मयंक गौतम नामक एक दलित युवक को सरेआम गोली मार दी। गंभीर हालत में लहूलुहान मयंक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से पूरे गांव में तनाव का माहौल है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। गोली चलने की सूचना पर तेजीबाजार थाने की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घटनास्थल की घेराबंदी कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हमलावरों की तलाश के लिए कई टीमों का गठन कर दिया है। एसपी का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हालांकि अब तक हमले के पीछे की वजह साफ नहीं हो पाई है, लेकिन पुलिस आपसी रंजिश से लेकर अन्य पहलुओं पर भी जांच कर रही है। चितौड़ी गांव में फोर्स की तैनाती कर दी गई है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

**पृष्ठभूमि:** मयंक गौतम समाज में एक जागरूक और सक्रिय युवक के तौर पर जाना जाता था। उसकी हत्या को लेकर दलित संगठनों में भी आक्रोश है और वे जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। इस घटना ने न केवल जिले में कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि सामाजिक तनाव को भी जन्म दिया है। अब देखना होगा कि प्रशासन कितनी तेजी से कार्रवाई करता है।

# जनहित मुद्दे पर सैनिक की तरह लड़ रहे हैं आशीष शुक्ला 'सैनिक'

- आमरण अनशनकारी की हालत बिगड़ी, नहीं पहुंचे जिम्मेदार अधिकारी

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**




ध्वस्त कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार व जनहित के सवालों को लेकर पांचवे दिन भी शास्त्री चौक के निकट आशीष शुक्ल 'सैनिक' का आमरण अनशन जारी रहा। प्रशासन की ओर से अभी तक किसी सक्षम अधिकारी द्वारा अनशन समाप्त कराये जाने की दिशा में कोई पहल नहीं किया गया। रविवार को आशीष शुक्ल 'सैनिक' की स्वास्थ्य टीम ने जांच किया। उनके शुगर लेबल में गिरावट है और रक्तचाप निम्न स्तर पर पहुंच चुका है । स्वास्थ्य टीम का कहना है कि अगले 24 घंटों में यदि समुचित इलाज न हुआ तो आशीष शुक्ल बेहोशी या कोमा में जा सकते हैं। आशीष शुक्ल ने कहा कि जब तक जिम्मेदार अधिकारी मांगों पर समुचित वार्ता नहीं करते उनका आमरण अनशन जारी रहेगा। आमरण अनशन को मुख्य रूप से सत्येन्द्र चौधरी, राजकिशोर चौधरी, अशोक पाण्डेय, प्रिन्स शुक्ल, ओंकार चौधरी, सत्येन्द्र शुक्ल 'जिप्पी', वृजेश मिश्र, दयाशंकर मिश्र, अंकित त्रिपाठी, शिवानन्द पाण्डेय, बृजभूषण शुक्ल, धर्मराज गुप्ता, विजय गौतम, अर्चित त्रिपाठी, दिनेश, प्रियांक शुक्ल, पवन मिश्र आदि अपना समर्थन दिया।

# 35 दिन बाद विदेश से लौटा बेटे का शव

- अब्दुल हक की मानवीय पहल से टूटा मौन हर आंख हुई नम
- सऊदी में संदिग्ध मौत के बाद अटका था शव, अब्दुल हक ने दिखाया रास्ता

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



विदेश में रोजगार की तलाश में गया एक युवक मोहनुद्दीन (55) कभी वापस नहीं लौट सका। सऊदी अरब के रियाद में संदिग्ध हालात में उसकी मौत हो गई। परिवार गहरे सदमे में था, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती थी शव को स्वदेश लाना। 35 दिन तक शव रियाद में फंसा रहा। परिवार निराश था, लेकिन इसी बीच जिला सुरक्षा संगठन, कादीपुर इकाई के सचिव व सामाजिक कार्यकर्ता अब्दुल हक ने मोर्चा संभाला।

## विदेश मंत्री और दूतावास तक पहुंचाया मामला

रामपुर गांव (थाना शाहगंज, जौनपुर) निवासी मोहनुद्दीन 20 फरवरी 2025 को सऊदी अरब गए थे। उनका परिवार आर्थिक रूप से कमजोर था, लेकिन विदेश से आ रही कमाई से घर की हालत सुधर रही थी। 16 मई को अचानक संपर्क टूट गया। बाद में परिजनों को पता चला कि मोहनुद्दीन की मौत हो चुकी है। बेबस परिवार की सहायता के लिए आगे आए अब्दुल हक। मृतक के बेटे समीर शेख और गांव के मास्टर मेहंदी हसन के माध्यम से जब जानकारी मिली, तो उन्होंने तत्काल विदेश मंत्री को पत्र लिखा और भारतीय दूतावास, रियाद से संपर्क साधा।

## लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद मिली मंजूरी, गांव लौटा शव

लगातार पत्राचार, फोन कॉल और दूतावास से संवाद के बाद सऊदी प्रशासन ने जांच पूरी कर शव भेजने की अनुमति दी। आखिरकार, 22 जून को मोहनुद्दीन का पार्थिव शरीर लखनऊ एयरपोर्ट पर पहुंचा, जहां से परिजन शव को गांव लेकर आए। 23 जून को शव जैसे ही गांव पहुंचा, शोक की लहर दौड़ गई। हर आंख नम थी, हर जुबां पर सिर्फ एक ही नाम था - ÷अब्दुल हक÷, जिनकी बदौलत मोहनुद्दीन को अंतिम विदाई मिल सकी। गांव में भावुक माहौल, लोगों ने कहा अब्दुल हक न होते तो शव वहीं रह जाता गांववालों और क्षेत्रवासियों ने अब्दुल हक की मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि अगर उन्होंने प्रयास न किए होते, तो परिवार को शव भी नसीब नहीं होता। उन्होंने न केवल सरकार से संपर्क किया बल्कि लगातार संवाद बनाए रखा। यह इंसानियत की मिसाल है, मास्टर मेहंदी हसन ने कहा। यह सिर्फ एक शव की वापसी नहीं, एक परिवार को मिली अंतिम सांत्वना है। श्रमिकों की सुरक्षा व सहायता के लिए इस तरह की पहलें बन सकती हैं प्रेरणा। प्रशासन को चाहिए कि ऐसे मामलों में प्रक्रियाएं सरल और तेज हों।

# सुईथाकला छात्र श्रेष्ठा परीक्षा-2025 में चयनित

**देश के श्रेष्ठ सीबीएसई विद्यालयों में मिलेगा निशुल्क आवासीय शिक्षा का अवसर**




**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कम्पोजिट विद्यालय डीहअशरफाबाद, विकास खंड सुइथाकलां, जनपद जौनपुर से 4 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने श्रेष्ठा परीक्षा-2025 में सफलता प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चयनित छात्रों को देश के प्रतिष्ठित सी.बी.एस.ई. बोर्ड से सम्बद्ध निजी विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा दी जाएगी। इन छात्रों को न केवल निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी, बल्कि आवास, भोजन, पुस्तकें, गणवेश, स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी पूरी तरह मुफ्त प्रदान की जाएंगी। यह योजना सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित ÷श्रेष्ठा योजना÷ के अंतर्गत आती है, जिसका उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के मेधावी छात्रों को बेहतर शैक्षिक अवसर प्रदान करना है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों ने बच्चों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय के शेष प्रतिभागी छात्र प्रतीक्षा सूची में शामिल हैं और उनकी अंतिम सूची का इंतजार किया जा रहा है। विद्यालय परिवार, ग्रामवासियों और समस्त शिक्षा विभाग द्वारा इन होनहार विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी जा रही है



# पत्नी से विवाद में खुद को मारी गोली

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

बदलापुर सीएससी पे आज लगभग 1ः00 बजे एक प्रतापगढ़ का मामला आया जिसमें विकास यादव 32 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम लखन यादव ग्राम देव असपुरा जिला प्रतापगढ़ पत्नी से ?1000 को लेकर विवाद में अपने आप को गोली मार ली परिजनों ने जिला अस्पताल जौनपुर लाया जहां पर बेहतर उपचार के लिए वाराणसी रेफर कर दिया गया है विकास यादव 32 वर्ष पुत्र स्वर्गिय राम लखन यादवआसपुर देवसरा जिला प्रतापगढ़

# मुख्यमंत्री तक पहुंचा भ्रष्टाचार प्रशासनिक लापरवाही का मुद्दा

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



भारतीय जनता पार्टी गोरखपुर क्षेत्र सोशल मीडिया के क्षेत्रीय सह संयोजक सुरेन्द्र चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गोरखपुर में शिष्टाचार भेंट किया।

सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि बस्ती जनपद से जुड़े कई अहम समस्याओं, स्थानीय प्रशासन की उदासीनता, अपराध की बढ़ती घटनाओं और बुनियादी सुविधाओं की घोर अनदेखी, मुण्डेरवा में जल निगम की बंद टंकी को शुरू कराने, जैसे अनेक मुद्दों को उन्होने मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होने मुख्यमंत्री को विस्तार से अवगत कराया कि किस प्रकार बस्ती जनपद में शासन की योजनाएं फाइलों और रिपोर्टों में तो जिंदा हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर न जनता को राहत मिल रही है और न प्रशासन से संतोषजनक प्रतिक्रिया। सुरेन्द्र ने बताया कि वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वे अति शीघ्र अधिकारियों से वार्ता कर जांच कराते हुये दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करायेंगे।

# मजबूत संगठन के बूते 2027 में बसपा बनायेगी सरकार: डॉ. विजय प्रताप

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक रविवार को बड़े वन के निकट स्थित एक मैरेज हाल में सम्पन्न हुई। बसपा जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गौतम ने बताया कि इसी कड़ी में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती के दिशा निर्देश के अनुरूप सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों बस्ती सदर, महादेवा, रूधौली, हरैया, कप्तानगंज में अलग-अलग स्थानों पर समीक्षा बैठक की गई।

बस्ती सदर विधानसभा क्षेत्र के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुये पूर्व एमएलसी और वर्तमान मण्डल प्रभारी गोरखपुर- बस्ती मण्डल डा. विजय प्रताप ने कहा कि बूथ और सेक्टरों को मजबूत कर बसपा आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में जमीनी कार्यकर्ताओं के बूते मजबूत सरकार बनायेगी। समीक्षा बैठक को जिला संयोजक भाई चारा कमेटी के.सी. मौर्य, कृपाशंकर गौतम ने सम्बोधित करते हुये कहा कि पार्टी बूथ और सेक्टरों को जमीनी धरातल पर मजबूत कर रही है। अध्यक्षता करते हुये बसपा जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गौतम ने बताया कि जनपद के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों में बूथ और सेक्टरों का गठन करने के साथ ही उसे मजबूत बनाया जा रहा है। इन्ही समर्पित जमीनी कार्यकर्ताओं के बूते बसपा सूबे में सरकार बनायेगी। बैठक के दौरान भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी मोहन गौतम, भाजपा साऊंघाट युवा मोर्चा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष ओम चौहान सहित बड़ी संख्या में लोगों ने बसपा की सदस्यता ग्रहण किया। बैठक में मुख्य रूप से जुगुल किशोर चौधरी, प्रमोद कुमार, दीपक कुमार, आदित्य राना, विनय अम्बेडकर, भूपेन्द्र कुमार, राजेश प्रताप सिंह, यशवन्त निगम, तबारक अली, उमाशंकर राव, दिलीप कुमार, योगेन्द्र चौधरी, उमाशंकर, अनूप एडवोकेट, शिवराम कन्नौजिया, सुभाष गौतम, शनि कुमार, डा. सुरेन्द्र, अवनीश कुमार, झिनकान प्रसाद, जगबली, राजेन्द्र प्रसाद, वीरेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र कुमार, अजय यादव, चंचल गौड़, विपिन नाई, जोखन प्रसाद, संदीप गौतम, सुभाष राव, रवि राना, मनोज कुमार, प्रदीप गौतम, विश्वनाथ गौतम, बृजेश कुमार, बब्लू, करीम, आरती, मिसलावती, विन्दा देवी, मुन्नी देवी, गुडिया, महेन्द्री देवी के साथ ही अनेक बूथ सेक्टर प्रभारी और बसपा नेता शामिल रहे।

# जिलाधिकारी ने गोमती नदी में सिल्ट सफाई का औचक निरीक्षण

- सौंदर्यीकरण कार्य में लापरवाही पर जताई नाराज़गी, कार्यदाई संस्था को लगाई फटकार

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने रविवार को गोमती नदी के विसर्जन घाट पर चल रहे सिल्ट सफाई कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए नगर पालिका परिषद जौनपुर के अधिशासी अधिकारी पवन कुमार को स्पष्ट निर्देश दिया कि वर्षा ऋतु से पूर्व हर हाल में यह कार्य पूर्ण कर लिया जाए। यह निरीक्षण उस सफाई अभियान का हिस्सा था जिसका शुभारंभ 21 जून को राज्य मंत्री श्री ए. के. शर्मा द्वारा एक नई पोकलैंड मशीन के पूजन के साथ किया गया था। मंत्री ने गोमती तट पर जमा सिल्ट और गंदगी की सफाई को लेकर विशेष अभियान की शुरुआत की थी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गोमती घाट के किनारे सौंदर्यीकरण कार्य के दौरान मलबे के उचित निस्तारण में बरती गई लापरवाही पर नाराज़गी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कार्यदाई संस्था की इस उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और टीम गठित कर तत्काल सफाई कार्य में गति लाई जाए।

## गोमती नदी आस्था का प्रतीक

डॉ. दिनेश चंद्र ने कहा, ÷गोमती नदी इस जनपद के लोगों की आस्था से जुड़ी है। त्योहारों व धार्मिक अवसरों पर हजारों श्रद्धालु यहां पूजन-अर्चन करते हैं। अतः नदी की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के ईओ, सफाई विभाग के कर्मचारी, संबंधित अधिकारीगण और अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी के निर्देशों के बाद नगर पालिका प्रशासन अब कार्य में और अधिक तेजी लाने की दिशा में सक्रिय हो गया है।

# संदिग्ध चोरी की घटना में प्रदर्शन के लिए उकसाया

- लाइसेंसी शराब की दुकान हटाने को रची जा रही साजिश

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जलालपुर क्षेत्र के राजेपुर त्रिमुहानी पर स्थित एक दुकान का शटर खोल कर शनिवार की रात को तथाकथित 25 हजार रुपये की संदिग्ध चोरी की घटना हुई। घटना के बाद कुछ लोगो ने लोगों को प्रदर्शन करने के लिए उकसाना शुरू कर दिया। ऊक्त बाजार में एक किराना की दुकान है। पूरा परिवार उसी दुकान में रहता है। रात को किसी द्वारा शटर खोला गया। उसके बाद दुकान में रखा 25 हजार रुपये उठा ले गए। इसके बाद वहां कुछ लोग पहुंच गए। उन लोगों ने कहा शराब की सरकारी दुकान को लेकर राजनीति शुरू कर दिया। सभी को शराब की दुकान कही और ले जाने के लिए प्रदर्शन करने को उकसाने लगे। कुछ महिला पुरुष उनकी बात में आकर सेल्समैन को दुकान खोलने से रोक दिये। इसकी सूचना थानाप्रभारी त्रिवेणी सिंह को दी गयी। उन्होनें तत्काल लोगों को हटवाया। उसके बाद मामला शांत हो गया। मामले को लेकर थाना प्रभारी ने बताया कि शटर का ताला चाभी से खोल कर उठाया गया। अंदर पूरा परिवार था। शटर उठने की आवाज इतना ज्यादा होती है कि अगल बगल के लोग उठ जाते है।इतनी रात को इन्हें शटर की आवाज नही सुनाई दिया।जो भी घटना हुई है उसका जल्द ही मामले का पर्दाफाश किया जाएगा। पुलिस मामले के हर पहलू को स्वतः संज्ञान में लेकर जांच पड़ताल में लगी है।

## मानसिक रोगी ने कुएं में कूदकर किया आत्महत्या का प्रयास

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर, जफराबाद।** क्षेत्र के नगर पंचायत कजगांव के जेठपुरा मुहल्ले के निवासी एक मानसिक रोग से ग्रस्त युवक ने रविवार को आत्महत्या की नियत से कुएं में छलांग दिया। कुएं में गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड टीम को तुरंत बुलवाकर उक्त युवक को कुएं से बाहर निकलवाया।वउपचार के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। ऊक्त मुहल्ले के निवासी सरफराज अहमद पुत्र मोहम्मद इलियास उम्र 32 वर्ष की मानसिक रोगग्रस्त है। उसका एक मानसिक रोगी डॉक्टर के यहां उपचार चल रहा है। बताया जाता है किसी बात को लेकर परिवार में विवाद होने लगा। इसी बात से नाराज होकर वह घर के पास स्थित कुएं में आत्महत्या की नियत से छलांग लगा दिया।

# 5 लाख दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

- पुलिस ने पति सास ससुर के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

लाइन बाजार थाना क्षेत्र के कुद्दूपुर गांव निवासी एक विवाहिता ने अपने ससुराल वाले के खिलाफ मारपीट कर घर से निकाले जाने व दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी शालू सिंह पुत्री ठाकुर प्रसाद सिंह ने शनिवार को लाइन बाजार थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका विवाह बीते 11मार्च 2023 को कुद्दूपुर गांव के ही आशीष कुमार सिंह के साथ हुआ था। विवाह के समय से उसके पिता ठाकुर प्रसाद ने हैसियत के हिसाब से दहेज का सभी लाखों रुपए का सामान व अन्य आवश्यक वस्तुएं दिया। फिर भी ससुराल पक्ष के लोग पांच लाख रुपये दहेज व मोटर साइकिल की मांग लगातार की जाती रही है। काफी लंबे समय से मुझे इसके लिए प्रताड़ित किया जा रहा। मैं सब कुछ सहते हुए चुप रही। शालू सिंह का आरोप है कि बीते शुक्रवार को उसके पति आशीष , ससुर ज्ञानप्रकाश , सास ललिता ने उसे पांच लाख रुपये दहेज की बात को लेकर मारना पीटना शुरू कर दिया। किसी तरह से उसने घर से भाग कर पड़ोसी के घर में जाकर अपनी जान बचाई। मायके से भाई के पहुंचने पर शालू सिंह ने उक्त घटना की तहरीर लाइन बाजार थाने पर शनिवार को दी।

# बेसिक शिक्षा विभाग की नीतियां है सरकारी स्कूलों में कम नामांकन की जिम्मेदार: अरविंद

- छात्र संख्या के आधार पर स्कूलों के मर्जर के आदेश पर रोक लगाए सरकार
- सरकार के नए फरमान से आंदोलित हुए जौनपुर के हजारों शिक्षक

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को दूसरे विद्यालयों में मर्ज करने के प्रदेश सरकार के नए फरमान से जिले भर के शिक्षक आंदोलित हो गए हैं। सरकार की इस नीति के विरोध में रविवार को सैकड़ो शिक्षकों ने बैठक करके सरकार की व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन का आगाज कर दिया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर के बैनर तले हुए इस आंदोलन की अति आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ल की अध्यक्षता में मियापुर में रविवार को संपन्न हुई । जिसमें कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के मर्जर , पुरानी पेंशन बहाली, 2004 बैच के शिक्षकों के पुरानी पेंशन का मेमोरेंडम लागू करने , प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चो को सरकारी स्कूलों की तुलना में दिए जा रहे प्रोत्साहन, नामांकन में आधार की अनिवार्यता, शिक्षकों की पदोन्नति, स्थानांतरण एवं अन्य शिक्षक समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई । बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ल ने कहा कि सिर्फ छात्र संख्या के आधार पर विद्यालयों का मर्जर असंवैधानिक एवं अव्यावहारिक है । यह निर्देश बाल अधिकार विरोधी है । इस आदेश पर सरकार को रोक लगानी चाहिए ।

उन्होंने बताया कि सर्व शिक्षा अभियान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के नेतृत्व वाली सरकार ने पारित किया था। सरकार की सोच थी कि 6-14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाए । इस अभियान के अंतर्गत सरकार ने प्रत्येक गाँव व मजरे में प्राथमिक विद्यालय व प्रत्येक किमी पर विद्यालय की स्थापना हेतु भवन सहित तमाम संसाधन उपलब्ध कराए परंतु आज कम/अपर्याप्त छात्र संख्या के आधार पर विद्यालयों को समाप्त करके अन्य विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध कराने की कार्यवाही गतिमान है । परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जनसंख्या वृद्धि की दर घट रही है दूसरी तरफ़ विभाग ने तमाम अधो मानक विद्यालयों को मान्यता प्रदान कर रखी है तथा तमाम ग़ैर मान्यता के विद्यालय अधिकारियों की मिलीभगत से वे आज भी संचालित हो रहे है । ऐसे में नामांकन कम होना स्वाभाविक है ।

सरकार ने विधान सभा में सदैव माना है कि छात्र व शिक्षक अनुपात उत्तर प्रदेश में मानक के अनुसार सही है तो फिर विद्यालयों को बंद करने की जरूरत क्या है और यदि सरकार को लगता है कि शिक्षकों की आवश्यकता है तो उसकी कमी नई भर्ती करके करनी चाहिए न कि विद्यालय बंद करके ।

## सरकारी स्कूलों के साथ दोहरी नीति

जौनपुर। जिले भर के शिक्षकों ने रविवार को प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार आवाज उठाई।कहा कि जहां प्राइवेट स्कूलों को नामांकन के लिए बिना मानक निर्धारण किए मनमाना छूट दे रखी है। वहीं दूसरी तरफ सरकारी स्कूलों में नामांकन हेतु 6 वर्ष की आयु पूर्ण करने की बाध्यता निर्धारित कर रखी है। प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चो को सरकारी स्कूल में पढ़ने वालो बच्चो की तुलना में प्रोत्साहन राशि में भेदभाव करके सरकारी स्कूलों को तोड़ने का पूरा प्रयास किया जा रहा है । जिसका सारा ठीकरा सरकारी स्कूल के शिक्षकों पर फोड़ा जा रहा है, जबकि सरकारी स्कूलों का परफॉर्मेस दिन प्रतिदिन बढ़ ही रहा है । बताया गया कि स्कूलों में कम नामांकन का कारण स्वयं बेसिक शिक्षा विभाग की नीतियां ही है ।

## आंदोलन में ये भी रहे मौजूद

जौनपुर। प्रदेश सरकार के खिलाफ आज से शुरू हुए जिला स्तरीय आंदोलन वीरेंद्र प्रताप सिंह, रामदुलार यादव, सुनील यादव,विक्रम प्रकाश ,मनोज यादव, राकेश मिश्रा, रामप्रसाद यादव,पवन सिंह,धर्मेंद्र यादव, मनोज उपाध्याय, शिवेंद्र सिंह रानू,प्रशांत मिश्रा,शैलेंद्र पाल, मोहम्मद हाशिम,अरुण कुमार सिंह ,अरुण कुमार यादव,संतोष कुमार सिंह,मनोज यादव, रामप्रसाद यादव, राघवेंद्र मिश्रा, लाल साहब मनोज उपाध्याय, विष्णु तिवारी, दीपक सिंह,पवन सिंह, संतोष कुमार सिंह,ओंकार नाथ पाल,उमेश चंद्र यादव,राजेश कुमार पाण्डेय, राघवेंद्र मिश्रा, दयाशंकर यादव,सत्य प्रकाश दुबे,रणंजय सिंह,राजमणि यादव,अनिल कुमार,घनश्याम मौर्य,सेवालाल पटेल,प्यारेलाल, अखिलेश सरोज,अनिल यादव, अनुराग तिवारी,दिवाकर दुबे, सुधीर कुमार सिंह, पवन कुमार सिंह,शरद यादव,अखिलेश चौधरी,दयाशंकर यादव सहित भारी संख्या में शिक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षकों की पदोन्नति रोकने की है बड़ी साजिश

जौनपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश स्तरीय नेता अरविंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों की पदोन्नति रोकने के लिए उनके साथ बहुत बड़ी साजिश कर रही है। सरकार की इस नई नीति से गाँव देहात के तमाम बच्चों से शिक्षा दूर हो जाएगी । करीब 20 हज़ार विद्यालयों का मर्जर पूर्व में करके शिक्षकों की पदोन्नति के अवसर समाप्त कर दिए गए। परिणामस्वरूप वर्ष 2015 से आज तक किसी भी शिक्षक की पदोन्नति नहीं हुई। इस आदेश से शिक्षकों के हजारों पद समाप्त हो जायेंगे। जिससे कार्यरत शिक्षकों की पदोन्नति नहीं होगी। आज आंदोलन में शिक्षकों ने शासन प्रशासन से मांग किया कि सर्व प्रथम शिक्षक समस्याओं का निराकरण करे । सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चो और प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चो को दी जाने वाली सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं में भेदभाव करने वाली नीतियों पर रोक लगाई जाय। कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को बंद करने की बजाय वहां की छात्र संख्या के अनुरूप शिक्षकों का निर्धारण किया जाय ।

# निर्धारित स्थानों पर ही रखे जायेंगे ताजिए: कार्तिकेय सिंह

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी




**बड्डूपुर।** कोतवाली बड्डूपुर प्रांगण में आगामी मोहर्रम को सफल बनाने के लिए कार्तिकेय सिंह एसडीम फतेहपुर की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। एसडीएम फतेहपुर ने मोहर्रम की तैयारियों पर चर्चा की गई। उन्होंने ने स्पष्ट किया कि मोहर्रम के दौरान कोई नई परंपरा नहीं चलाई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि ताजिया केवल निर्धारित स्थानों पर ही रखें जाएं। भूमि विवाद की स्थिति में हल्का लेखपाल या संबंधित अधिकारी से मिलकर समाधान निकालने को कहा। बड्डूपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने कहा कि शासन के निर्देशों का पालन करते हुए मोहर्रम मनाया जाए। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। तथा पीस कमेटी में आए क्षेत्र के डीजे वाले मालिकों के साथ बैठक कर उन्हें कड़ा निर्देश भी दिया। इस अवसर पर योगेश मिश्रा, वरिष्ठ उप निरीक्षक अनिल पांडेय, राम शंकर यादव उप निरीक्षक गणेश बाबू आशीष यादव अमरीश वर्मा प्रदीप यादव चट्टान सिंह हेड कांस्टेबल कांजी जलील अहमद, कुर्बान अली, परवेज अहमद, मोहम्मद शरीफ राम प्रताप वर्मा,अभय सिंह, रमेश चंद्र वर्मा, रमेश चंद्र गौतम, सहित बहुत से लोग उपस्थित थे।

### पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** कोतवाली बदोसरांय में मोहर्रम पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने की। रविवार को कोतवाली परिसर के आगंतुक कक्ष में आयोजित बैठक में शहरी बदोसरांय, मरकामऊ, किंतूर और मेला रायगंज के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रभारी निरीक्षक ने सभी से पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की।बैठक में ग्राम प्रधान बदोसरांय निसार मेहंदी, मरकामऊ के पूर्व प्रधान नसरुद्दीन, सिराजुद्दीन, एखलाख हुसैन, आलादीन, मोहम्मद खलील, हाफिज शहाबुद्दीन, लतीफ कुरैशी, मोहम्मद अनवर, मोहम्मद सईद, रामजी लाल, गौस मोहम्मद और हाफिज शमसुद्दीन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नवयुवक कमेटी के द्वारा बाबा श्री श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज



शुक्लागंज में गायत्री नगर भातुफार्म में नवयुवक कमेटी द्वारा बाबा खाटू श्याम का महोत्सव आयोजन किया गया है। भजन गायक एक से एक बहुत सुंदर भजन प्रस्तुत किया गया। बाबा के भजनों को सुनकर वाले श्याम बाबा भक्त नाचते व झूमते रहे। भातूफार्म में खाटू वाले श्याम बाबा का भव्य शृंगार किया गया ।नवयुवक कमेटी द्वारा खाटू श्याम प्रभु का द्वितीय भजन संध्या गुणगान महोत्सव का आयोजन में बड़े-बड़े शहरों से कई प्रसिद्ध भजन गायकार भजनों की प्रस्तुति देने के लिए नवयुवक द्वारा आमंत्रित किए गए हैं। वही कार्यक्रम में खाटू श्याम प्रभु का भव्य दरबार सजाया जाकर अलौकिक श्रंगार अखंड ज्योति, इत्र वर्षा एवं छप्पन भोग भी लगाए जाएंगे।। मुख्य अतिथि आनंदेश्वर धाम से श्री विवेक पुरी जी महाराज श्री अतिवन जी महाराज, सदर विधायक पंकज गुप्ता जी, उपस्थिति रही।भजन गायकों ने मधुर भजन सुनाए। छप्पन भोग बाबा के दरबार में एक से बढ़कर के प्रसाद का वितरण किया गया।अखंड ज्योति प्रज्वलित करने के बाद गणेश व हनुमान वंदना के साथ शुरू हुई गजन संध्या में गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्याम भक्तों को भक्ति रस में डुबकी लगवाई।भजन गायक अभिषेक शुक्ला, प्रामांशु मिश्रा,छोटू बाजपेई, रोहित सिंह भजन गायिका पिंकी गुप्ता , अंकित कोटे म्यूजिकल ग्रुप द्वारा प्रसिद्ध भजन गायकार अभिषेक शुक्ला जी ने अपने भजनों से भक्तों को और कहते हो खाटू सब काम हो रहा है मनमोहक भजन संध्या की शुरुआत हुई। फिर भजन गायिका पिंकी गुप्ता जी ने आ गया दर पर तेरे , भजन गायिका पिंकी रींगस पर उस मोड़ पर लेने आजा खाटू वाले सभी भजन गायक बाबा की प्रस्तुति कर रहे थे आयोजक अनिल कुमार श्रीवास्तव लाला, मदन गोपाल पांडे , मोहित पांडे, राहुल पांडे, संदीप गुप्ता , रवि शंकर दीक्षित ,संदीप शुक्ला,पंकज दीक्षित ,मयंक श्रीवास्तव (मोनू) ,अमन श्रीवास्तव (टोनू),शुभम सैनी छोटू , सौरभ साहू, शोभित त्रिवेदी (लाइटहाउस) ,आशीष शुक्ला , उत्कर्ष शुक्ला, सुधीर, तरुण द्विवेदी , आदि समस्त नवयुवक कमेटी उपस्थिति थे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### 24 को करेंगे राज्य कर्मचारी भूख हड़ताल

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। आगामी 24 जून को कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद शाखा बाराबंकी से सम्बद्ध सभी संगठनों के कर्मचारी गन्ना कार्यालय परिसर में दोपहर 01.30 बजे से सांकेतिक सत्याग्रह एवं भूख हड़ताल करेंगे तथा शाम को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेंगे। उक्त जानकारी देते हुए परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. आर.पी सिंह बिसेन ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली, केंद्रीय वेतन आयोग का गठन, वेतन विसंगति दूर करने, संविदा एवं आउटसोर्सिंग कर्मियों को नियमित किए जाने, फ्रीज महंगाई भत्ते का एरिया दिये जाने आदि मांगों को लेकर कई बार शासन स्तर पर वार्ता होने के बावजूद मांगे पूरी न होने के कारण कर्मचारी आंदोलित हैं। उन्होंने बताया यदि शीघ्र ही कर्मचारियों की मांगे पूरी न हुई तो इस बार कर्मचारी आर पार की लड़ाई के मूड में हैं।

### सपा विधायक ने किया इण्टरलॉकिंग सड़कों का लोकापर्ण

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। रविवार को विकास खंड देवा की ग्राम पंचायत महमूदपुर, असगीनगर में सपा विधायक सुरेष यादव ने विधायक निधि से बनी इंटरलॉकिंग सड़कों का लोकार्पण किया। इस मौके पर बोलते हुए सपा विधायक सुरेष यादव ने कहा कि देश की 11 साल की मोदी सरकार और प्रदेश की 9 वर्ष की योगी सरकार ने देश और प्रदेश को कंगाली और बेरोजगारी की आग में झोंकने के अलावा कुछ नहीं दिया। आज देश और प्रदेश में अराजकता, भय, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है हत्या, लूट और बलात्कार की घटनाओं से पूरा प्रदेश त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहा है देश और प्रदेश की जनता को दिव्य स्वप्न दिखाकर सत्ता हासिल करने वाले जनता के प्रति संवेदनहीन हो गए है उन्हें आम जनमानस की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं। उन्होने आगे कहा कि प्रदेश की योगी सरकार नहीं चाहती है आज समाज के किसी भी वर्ग का व्यक्ति पढ़कर अपने हक और हुकूक की बात कर सके इसलिए शिक्षा को जर्जर कर प्रदेश के स्कूलों को मर्ज कर खत्म करने की तैयारी कर रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से वीरेंद्र यादव, रामसनेही यादव, कल्लू यादव, अवधेश कुमार यादव, मो उबैद, दीपक गुप्ता, बाबुल मिश्रा, बालक राम यादव प्रधान, रिंकू यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### लगा निशुल्क शिविर, 150 मरीजों का हुआ इलाज

जन एक्सप्रेस। सिरौलीगौसपुर। बाराबंकी। श्री कोटवाधाम चौराहे स्थित रावत मार्केट में रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब डेढ़ सौ मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। मरीजों को मुफ्त दवाएं वितरित की गईं। साथ ही श्वांस रोग की विशेष जांच पीएफटी भी नि:शुल्क कराई गई। एमबीबीएस, एमडी चेस्ट स्पेशलिस्ट डॉ. हर्ष सक्सेना और न्यूरो-साइक्रेटिक विशेषज्ञ डॉ. विवेक कुमार उपाध्याय ने मरीजों की जांच की। चिकित्सकों ने मरीजों को आवश्यक परामर्श भी दिया। शिविर में एलर्जी, शुगर, सांस और मानसिक रोगों से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक रही। सेवानिवृत्त सहायक अभियंता संजय कुमार सक्सेना ने इस शिविर का आयोजन किया। रामू काका, अजय रावत एडवोकेट, शालू रावत एडवोकेट, पूर्णमासी वर्मा, कवि प्रेम नारायण वर्मा प्रेम, दिनेश कुमार रावत समेत कई गणमान्य लोगों ने सहयोग दिया। स्थानीय लोगों ने शिविर की सराहना की। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की मांग की।

### सरकार की शिक्षा नीति का करेंगे विरोध: राकेश सिंह

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। पचास छात्रों से कम पंजीकृत छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेयरिंग करके विद्यालयों को मर्ज करने की प्रक्रिया का उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ विरोध करता है। इस शिक्षा, शिक्षक एवं छात्र विरोधी निर्णय का संगठन लोकतांत्रिक विरोध करेगा। प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर ग्रामीण छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किये जाने, गलत नीतियों के आधार पर विद्यालयों की संख्या कम किये जाने के फलस्वरूप शिक्षकों के पदों की संख्या स्वयं ही कम हो जाने जैसे अन्याय पूर्ण निर्णय को वापस लिए जाने हेतु जनपद बाराबंकी के शिक्षक एवं संगठन पदाधिकारी जनपद के समस्त विधायक गण, सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण को शिक्षकों की मांग का ज्ञापन सौंपेंगे। उक्त के संबंध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बाराबंकी के जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि जनपद में प्रत्येक एक परिधि में प्राथमिक विद्यालय, तीन किलोमीटर की परिधि में उच्च प्राथमिक विद्यालय संचालित हैं। इन्हीं के बीच में बहुत से मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित हैं। वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा पेयरिंग के लिए छात्र संख्या का निश्चित मानक निर्धारित न होने से कहीं कम संख्या पर पेयरिंग हो रही है तो कहीं अधिक संख्या पर और प्रधानाध्यापक,शिक्षा मित्र और अनुदेशकों की स्थिति को भी अभी तक स्पष्ट नहीं किया गया है।

### मीटर रीडर फ़िरोज़ व राकेश हुए सम्मानित

जन एक्सप्रेस। जैदपुर। बाराबंकी। जैदपुर विद्युत केंद्र पर संविदा पर तैनात दो मीटर रीडर को बेस्ट मीटर रीडिंग करने का इंवेंटिव सॉल्यूशन सम्मान कार्यदायी संस्था के क्षेत्रीय प्रबंधक हैदर रिजवी व महबूब आलम द्वारा दिया गया। जैदपुर कस्बे में फ़िरोज़ रिज़वी व राकेश कुमार द्वारा नियमित रूप से मीटर रीडिंग करने के साथ उपभोक्ताओं को सही जानकारी मीटर के बारे में दी गई है। इसलिए दोनों मीटर रीडर को एक एक हज़ार रुपये की चेक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

### पर्यावरण बचाने के लिए होगा पौधरोपण: राहुल कुमार

जन एक्सप्रेस। रामनगर। बाराबंकी। रविवार को बुढ़वल चौराहा स्थित कार्यालय पर विष्व हिंदू परिषद की प्रखंड बैठक का आयोजन हुआ। जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना ने संगठनात्मक विस्तार पर चर्चा करते हुए कहा कि विष्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल है। सेवा सुरक्षा और संस्कार के है ध्येयनिष्ट भाव से बजरंग दल समाज में कार्य कर रहा है। संगठन का मूल सत्संग है। विहिप जिला मंत्री राहुल कुमार ने बताया कि 14 अगस्त को अखंड भारत संकल्प दिवस मनाया जाएगा। कार्यकर्ताओं से वृहद स्तर पर वृक्षारोपण व पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का आवाहन किया। पर्यावरण संरक्षण के दृष्टि से वृहद स्तर पर विष्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पौधा रोपण करेंगे।

### टिकरा ने जीती ट्राफी

जन एक्सप्रेस। जैदपुर। बाराबंकी। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरौली मलिक में चल रहे दो दिवसी बीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच एमएससी टिकराउस्मा व सुल्तान टीम के बीच में खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टिकरा उसमें की एमएससी टीम ने मात्र 6 ओवर में 96 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। जिसमें मलिंगा ने 7 छक्के लगाए। जवाब में बरौली मलिक की सुल्तान टीम ने मात्र 48 रन ही छह ओवर में बना पाई। एक तरफ मुकाबले में 47 रन के बड़े स्कोर से टिकरा उस्मा की टीम ने फाइनल मैच जीत लिया। विजेता टीम को ग्राम प्रधान जितेंद्र कुमार चंदू ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अनस,फैजान, रमाशंकर चौरसिया, अखिलेश रावत आदि मौजूद थे।

# विहिप और गायत्री परिवार के सदस्यों ने चलाया सफाई अभियान

■ गंदगी से पटी पड़ी कल्याणी नदी की हुई सफाई, हो रही सराहना

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



**रामसनेहीघाट।** रविवार को विहिप और गायत्री परिवार के साथ में समाजसेवियों ने कल्याणी नदी की साफ सफाई की। जानकारी के अनुसार, भिटरिया दरियाबाद मार्ग पर तासीपुर गांव में स्थित बूढ़े बाबा शिव मंदिर कल्याणी नदी घाट पर भीषण गंदगी फैली थी, घाट पर कल्याणी नदी का निर्मल पानी गंदगी की भेंट चढ़ गया था, पूरी नदी गंदगी से पटती जा रही थी, नदी में प्रवाहित की गई प्रतिमाओं से अन्य गंदगी से नदी का जलस्तर गुम हो गया था, इसी कल्याणी नदी प्रदूषित हो रहे जल में श्रद्धालुओं को मजबूरन स्थान करके भगवान शिव का जलाभिषेक करना पड़ रहा था। जब इस बात की जानकारी गायत्री शक्ति पीठ के पदाधिकारियों को हुई तो उन्होने विहिप कार्यकर्ताओं को अपने साथ में लेकर रविवार को घाट के पास कल्याणी नदी की साफ सफाई करी। इतना ही गायत्री परिवार ने आम जनमानस से भी उसकी इस मुहिम में शामिल होने की अपील की, आज रविवार को गायत्री परिवार रामसनेहीघाट के साथ ही विष्व हिंदू परिषद सहित भाजपा नेताओं व स्थानीय लोगो ने घाट पर पहुचकर करीब 4 घंटे कड़ी मेहनत के बाद मा कल्याणी की सफाई कर दी। इस कार्य के लिए लोगो ने व सफाई अभियान चलाने वालों की प्रशंसा की। सफाई अभियान में गायत्री शक्ति पीठ रामसनेहीघाट से जुड़े राम बाबू मिश्रा, शिव शंकर तिवारी, दीपक वर्मा, प्रदीप दुवेदी, विष्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह मुन्ना सहित राकेश श्रीवास्तव, श्रीकांत तिवारी, कमलेश वर्मा आदि तमाम लोगो सफाई कार्य मे शामिल हुए।

# गांव का होनहार छात्र बन सकता है डॉक्टर: गोप

■ सपा के राष्ट्रीय सचिव ने नीट परीक्षा पास करने वाले होनहार छात्र का किया स्वागत

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



रविवार को सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविन्द सिंह गोप ने अपने आवास पर नीट परीक्षा पास करने वाले राजकीय इण्टर कॉलेज निन्दूरा के छात्र विजय कुमार गौतम का माला पहनाकर स्वागत किया और एक टैबलेट और अंगवस्त्र भी दिए। इस मौके पर बोलते हुए सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविन्द सिंह गोप ने कहा कि ऐसे गरीब परिवार से निकल कर अपने गांव और जनपद का नाम रौशन किया है कौन कहता है कि राजकीय इण्टर कालेज निन्दूरा का छात्र डॉक्टर इंजीनियर नहीं बन सकता है उसको विजय कुमार गौतम ने साबित कर दिया कि गांव का भी बच्चा डाक्टर बनेगा। उन्होने आगे कहा कि कोई भी प्रतिभा आर्थिक कमजोरी के कारण अनपढ़ नहीं रहेगी समाजवादी पार्टी परिवार ऐसे गरीब होनहार छात्र की पढ़ाई में पूरी मदद करेगी। मै ऐसे गरीब होनहार छात्र को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना करता हूं। इस मौके पर मौजूद लोगों में पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, पूर्व अध्यक्ष डॉ कुलदीप सिंह,परवेज अहमद सुरेश गौतम, हशमत अली गुड्डू,ताज बाबा राईन, संतोष रावत, श्याम सिंह आदि मौजूद रहे।

## हर बच्चे का अधिकार है शिक्षा: पीएल पुनिया

**बाराबंकी।** सरकारी स्कूल न केवल शिक्षा का केन्द्र है बल्कि सामाजिक समरसता लैगिक समानता और अवसर की समानता के प्रतीक है शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है अगर आज हम चुप रहे तो कल आने वाली पीढिया शिक्षा से वंचित रह जायेगी। यह सिर्फ सरकारी स्कूलो को बचाने की लडाई नही है यह भारत के भविष्य को बचाने की लडाई है। उक्त कडी प्रतिक्रिया पूर्व सांसद डा. पीएल पुनिया ने आज भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में सरकारी प्राथमिक विद्यालयो को मरजर करने की तैयारी पर व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा सरकारी स्कूलो को बन्द करना गरीब दलितो ओर पिछडो के भविष्य पर हमला है एक सुनियोजित साजिश के तहत सरकार गरीब, दलितो पिछडो तथा आदिवासी समाज के बच्चो को शिक्षा से बंचित करने का प्रयास कर रही है। क्योकि गरीब परिवारो के बच्चो के लिये शिक्षा का एक मात्र सहारा ये सरकारी स्कूल है।

# पीएचसी में लगा जन आरोप्य स्वास्थ्य मेला

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**सिरौलीगौसपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जन आरोप्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान मरीजों की जांच कर दवाओं का वितरण किया गया।बदोसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 48 मरीजों की जांच की गई। डॉ संतोष कुमार शुक्ला और उनकी टीम ने सर्दी, जुकाम और बुखार से पीड़ित मरीजों को दवाएं दीं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डी के श्रीवास्तव ने मेले का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में मौजूद डाक्टर व स्वास्थ्य कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर मरीज को निशुल्क दवाई उपलब्ध कराई जाए।महमूदाबाद स्वास्थ्य केंद्र में डॉ अन्विता पांडे की टीम ने 24 मरीजों का उपचार किया।

### मरीजों की हुई कोरोना की जांच

बेलहारा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित हुआ मुख्यमंत्री आरोप्य मेला। लाभार्थियों को जारी किए गए आयुष्मान कार्ड। डेंगू, मलेरिया और कोरोना की जांच के लिए मरीज के लिए ब्लड सैंपल लिए गए। स्क्रीनिंग करके खोजें गए टीबी के मरीज। बढ़ती गर्मी के कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों मरीज का ताता लगा नगर पंचायत बेलहरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आरोप्य मेला के अंतर्गत रविवार को दोपहर 4 बजे तक 100 मरीज को दवा दी गई जिनमें से सबसे ज्यादा बुखार और स्क्रीन से संबंधित मरिज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे डॉ आशीष कुमार ने बताया कि इस वक्त गर्मी की वजह से स्क्रीन की ज्यादा दिक्कतें आ रही है साथ ही बच्चे बूढ़े बाहर मैदान में सोते हैं जिस वजह से बुखार की भी समस्या आती है अस्पताल में टीवी की मरीजों की जांच की गई और कुछ मरीज स्वास के भी पहुंचे थे वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छेदा में डॉ धर्मेंद्र ने बताया कि 4 बजे तक करीब 70 मैरिज देखे जा चुके हैं जिनमें से बुखार पेट की समस्या के मरीज अधिक थे।

# भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा 27 जून को नगर में भ्रमण करेगी

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज




रविवार को श्री मद भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा समिति की त्रतीय एवं अन्तिम बैठक का आयोजन समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला जी के आवास पर किया गया। जिसमे समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच आगामी यात्रा के सम्बंध में किये गए कार्यों के विषय में चर्चा की गयी और आगामी यात्रा की तैयारियों के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया गया ।समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला जी ने अन्य पदाधिकारियों के साथ यात्रा मार्ग का निरीक्षण करने के उपरान्त बताया की रथ यात्रा अपने निर्धारित समय दोपहर 03=00 बजे से नगर में भ्रमण करेगी, रथ यात्रा भगवान श्री जगन्नाथ जी के मन्दिर स्व0 माँ बालेस्वरी स्म्रति भवन ( गिरधर ज्वैलर्स ) नेहरू नगर से प्रारम्भ होकर राजधानी मार्ग अम्बिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल से होते हुए दुर्गा मन्दिर के आगे से पोनी रोड होते हुए लकी गारमेंट तक जाएगी इसके पश्चात पुनः वहाँ से मुड़कर उसी मार्ग से गंगाघाट थाने से घूमकर मिश्रा कालोनी, झण्डा चौराहा तक जायेगी। जहाँ से वापस राजधानी मार्ग आकर सब्जी मण्डी स्थित कमल ज्वैलर्स के प्रतिस्ठान पर यात्रा का विश्राम होगा, परन्तु इसके पूर्व प्रभु की मूर्तियों का पूजन गोपीनाथ पुरम स्थित राधा कृष्ण मन्दिर में दोपहर 1 बजे होना सुनिश्चित किया गया है । आज की इस विशेष बैठक का संचालन महामन्त्री अंजनी कुमार अग्निहोत्री ने किया । बैठक मे प्रमुख रूप से कमल वर्मा, प्रदीप शुक्ला, मिथलेश बाजपेयी, श्याम नरायण मिश्रा, अनूप मिश्रा, प्रमोद बाजपेयी, विष्णु प्रसाद पाण्डेय, नीलकमल दीक्षित, आशुतोष शुक्ला, श्रीकान्त पाण्डेय, ओम नारायण मिश्रा, राजेश अग्निहोत्री, अनुज तिवारी, अरुण शुक्ला, डा? तारकेश्वर पाण्डेय, श्रीयांश मिश्रा, दीपेन्द्र अवस्थी, गंगासागर चतुर्वेदी, राम प्रकाश त्रिवेदी, निशान्त गुप्ता, अर्जुन सिंह, रमेश मिश्रा, नीरज मिश्रा, अंकुर शुक्ला, सन्तोष कुमार तिवारी, कमल दोसर आदि सम्मानित पदाधिकारी एवम सदस्यगण उपस्थित रहे।

# पति-पत्नी के विवाद में मायका व ससुराल पक्ष भिड़े, घायल युवक जिला अस्पताल रेफर

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

पति पत्नी के झगड़े के बाद ससुराल पहुंचे मायका पक्ष का बातचीत के दौरान दामाद से हाथापाई हो गई। मारपीट में दोनों पक्षों से एक एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शिकायत पर घायलों का मेडिकल कराया है। चिकित्सक ने एक युवक को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर किया है।अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सधीरा निवासी पुतान के बेटे प्रियांशु की शादी असोहा थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव निवासी राजा की बेटी मोनी के साथ करीब दो वर्ष पूर्व हुई थी। बताते हैं कि शनिवार रात पति पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हुआ तो मोनी ने अपने पिता राजा को इसकी जानकारी दी। पुतान ने बताया कि रविवार को वह किसी काम से अजगैन गया था और दोपहर में प्रियांशु के ससुर राजा के साथ उसका भाई, दामाद, भतीजा करीब आधा दर्जन लोग घर आए। बातचीत के दौरान विवाद इस कदर बढ़ा की मारपीट हो गई। एक पक्ष से प्रियांशु और दूसरे पक्ष के रिंकू पुत्र सुशील निवासी शिववास खेड़ा थाना मौरावां लहूलुहान हो गये। दोनों पक्षों ने अजगैन कोतवाली पुलिस से लिखित शिकायत की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों घायलों का मेडिकल कराया है। रिंकू को चिकित्सक ने गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर घायलों का मेडिकल कराया जा रहा है।



# नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

अचलगंज उन्नाव थाना अचलगंज पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 30.03.2025 को वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में थाना अचलगंज पर मु0अ0सं0 141/2025 धारा 137(2), 87 बीएनएस बनाम अनुज यादव पुत्र सुखराम यादव उम्र करीब 31 वर्ष निवासी ग्राम जुरावनखेड़ा थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव पंजीकृत किया गया था।दिनांक 22.06.2025 को उ0नि0 लक्ष्मीनारायण द्विवेदी मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त अनुज उपरोक्त को ग्राम जालिमखेड़ा के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अनुज यादव पुत्र सुखराम यादव उम्र करीब 31 वर्ष निवासी ग्राम जुरावनखेड़ा थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव का निवासी है जिसको गिरफ्तार करने में उ0नि0 लक्ष्मीनारायण द्विवेदी,का0 शिवम यादव,का0 विमल कुमार,का0 ओमनारायण ,का0 आशीष तिवारी मौजूदा रहे।

### नाले से मिला युवक का शव, मृतक शराब का था आदी

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। उन्नाव गंगाघाट कोतवाली बिंदा नगर चौकी क्षेत्र में रविवार सुबह एक नाले से 32 वर्षीय युवक का शव मिला। मृतक की पहचान कानपुर निवासी शिवप्रसाद के रूप में हुई। वह कानपुर में मोमोज की दुकान चलाता था। शिवप्रसाद उन्नाव में रविदास पार्क के पास किराए के मकान में अपनी बहन के साथ रहता था। शनिवार शाम को वह घर आया और आराम किया। परिवार ने बताया कि वह नियमित रूप से शराब का सेवन करता था। शनिवार देर शाम उसे आखिरी बार घर के आसपास देखा गया। स्थानीय लोगों ने रविवार सुबह बिन्दा नगर चौकी के पोनी रोड पर शिवराज सिंह के मकान के पीछे नाली में शव देखा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बड़े भाई शिवराम के अनुसार, शिवप्रसाद कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान था। गंगाघाट पुलिस ने शव देख अंदाजा लगाया मौत शनिवार रात को हुई प्रतीत होती है। शव पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की विधिक कार्यवाई और मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद चलेगा।

# आम की खुशबू से महका मुगल दरबार, महोत्सव में दिखें 150 किस्म के आम

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



जिला सत्र न्यायालय की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा सिंह ने रविवार को शहर के स्टेशन रोड स्थित मुग़ल दरबार में स्वर्गीय राजीव चौधरी पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा 14वीं आम महोत्सव एवं गोष्ठी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न किस्म के मैंगो शेक का स्वाद भी लिया। आम का रसास्वादन कर सीजेएम सुधा सिंह ने आम की मिठास और स्वाद की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुझे आम की बहुत कम वैरायटी मालूम थी यहां बहुत सारी वैरायटी देखकर बहुत अच्छा लगा। प्रदर्शनी में देशी आम के अलावा गुलाब खास, मल्लिका, हुश्नआरा, अम्बिका, पान पराग, जाफरान, मोहन भोग, नीलम केसर, बेनजीर, आम्रपाली, लता, तोतापरी, याकूती, सुर्ख दशहरी, गुलाब खास, चौसा, नूरजहां, स्वर्ण रेखा, जौहरी सफेदा, लंगड़ा, सीर-ए-हयात, तहनवाज पसंद, खजुरी, लंगड़ा बनारसी, राम केवड़ा, मुमताज पसंद, मक्खन आदि किस्मो की सराहना की। इस विशेष आयोजन में आम 150 से अधिक नमूने प्रदर्शन के लिए रखे गए, जो कृषकों और आमजन के आकर्षण का केंद्र बने रहे। प्रदर्शनी में हिमसागर (कोलकता), अल्फांसो (महाराष्ट्र), मियां जाकी (जापान), सुर्खा (भोपाल) आदि शामिल रहे। गोष्ठी में उपस्थित आम की बागबानी करने वाले भयारा निवासी अलीम किदवाई ने लोगों ने आम के बागबानों में जहरीले रसायन का छिड़काव न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिले में यदि बागवानी के क्षेत्रफल को हटा दिया जाए तो पर्यावरण का संतुलन बिगड़ जाएगा। आम के बाग स्वाद और सेहत दोनों का ख्याल रखती है। हमें पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए अपने बगीचे में एक आम का पेड़ जरूर लगाना चाहिए। प्रदर्शनी में जहां दशहरी, याकूती, अंबिका, आम्रपाली, सेंसेशन की प्रजाति देखने को मिली वहीं पद्श्री कलीमुल्ला खान द्वारा आम की नई वैरायटी नूरजहां, सचिन तेंदुलकर, एश्वर्या राय बच्चन, अनारकली और डॉक्टर गोला का जलवा बरकरार रहा।

# अमेरिका ने ईरान के 3 एटमी ठिकानों पर बमबारी की

## ईरान ने इजराइल के 14 शहरों पर मिसाइलें दागीं, पीएम मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति से बात की

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेहरान/तेल अवीव**

अमेरिका ने ईरान में 3 परमाणु ठिकानों पर हमला किया है। ये ठिकाने फोर्डो, नतांज और इस्फहान हैं। हमला भारतीय समयानुसार रविवार सुबह 4.30 बजे हुआ। ट्रम्प ने ईरान पर हमले के 3 घंटे बाद देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ईरान की अहम न्यूक्लियर साइट्स को पूरी तरह से तबाह कर दी गई हैं। फोर्डो पर बमों की एक पूरी खेप गिरा दी गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान को धमकी देते हुए कहा कि अब उसे शांति कायम करना चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करता है, तो उस पर और बड़े हमले किए जाएंगे। अमेरिका के हमले के जवाब में ईरान ने इजराइल पर मिसाइलें दागीं हैं। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स ने कहा कि उन्होंने इजराइल पर सबसे बड़ा अटैक किया है और 14 अहम ठिकानों को निशाना बनाया है। वहीं, टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, हाइफा और तेल अवीव के मिलिट्री और रिहायशी ठिकानों पर ईरानी मिसाइलें गिरी हैं। इजराइल में अब तक 86 लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। इस बीच पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से फोन पर बात की। इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने एक्स पर लिखा- हमने मौजूदा हालात पर विस्तार से चर्चा की। हाल की घटनाओं में बढ़ते तनाव पर गहरी चिंता जताई। हालात को तुरंत शांत करने, बातचीत और कूटनीति को आगे बढ़ाने की जरूरत है।



### ईरान में 13 जून से अब तक 657, इजराइल में 24 की मौत

इजराइल-ईरान के बीच जारी संघर्ष का आज 10वां दिन है। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान में 13 जून से अब तक 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हैं। हालांकि, ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सिर्फ 430 नागरिक के मारे जाने और 3,500 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। वहीं, इजराइल में 21 जून तक 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 900 से ज्यादा घायल हुए हैं।

### अब डिप्लोमेसी का कोई मतलब नहीं है: ईरान

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने कहा कि अमेरिका के हमले के बाद अब डिप्लोमेसी का कोई मतलब नहीं है। विदेश मंत्री ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह सही है कि कूटनीति का रास्ता हमेशा खुला रहना चाहिए। लेकिन अभी ऐसी स्थिति नहीं है।

### पीएम मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति से बात की

ईरान पर हमले के बाद पीएम मोदी ने राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से बात की है। इसकी जानकारी पीएम ने एक्स पर दी। पीएम ने लिखा, मैंने ईरान के राष्ट्रपति से बात की। हमने मौजूदा स्थिति पर विस्तार से चर्चा की और तनाव बढ़ने को लेकर गहरी चिंता जताई। मैंने तनाव कम करने, संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देने की अपील की और क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता की शीघ्र बहाली की जरूरत पर जोर दिया।

### डोनाल्ड ट्रम्प के भाषण की 4 बड़ी बातें

- अमेरिका ने ईरान की 3 न्यूक्लियर फैसिलिटी- फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर सटीक और बड़ा हमला किया।
- हमले का मकसद ईरान की परमाणु क्षमता को खत्म करना और दुनिया को उनके परमाणु खतरे से बचाना था।
- ट्रम्प ने कहा कि ये हमले पूरी तरह से सफल रहे और ईरान की ये परमाणु सुविधाएं अब तबाह हो चुकी हैं।
- ट्रम्प ने कहा कि या तो अब शांति आएगी, या ईरान को और भी बड़ा नुकसान झेलना पड़ेगा। अगर ईरान नहीं रुका तो उसके बाकी ठिकाने भी मिनटों में खत्म हो जाएंगे।

### ईरान ने हमले से पहले दूसरी जगह यूरेनियम भेजा

ईरान ने अमेरिकी हमले से पहले ही फोर्डो न्यूक्लियर फैसिलिटी में मौजूद ज्यादातर यूरेनियम को किसी और जगह पर शिफ्ट कर दिया था। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी है। ईरान सरकार ने इजराइल के साथ बढ़ते तनाव को देखते हुए यह कदम उठाया। हालांकि, स्रोत ने यह नहीं बताया कि यूरेनियम को कहां ले जाया गया है।

### ईरान पर हमले के बाद अमेरिकी शहरों में सुरक्षा बढ़ाई गई

ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद न्यूयॉर्क और वॉशिंगटन डीसी समेत अमेरिका के कई बड़े शहरों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग ने कहा कि वे ईरान की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। इसी तरह, वॉशिंगटन डी.सी. की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने भी कहा कि वे हालात पर करीबी नजर रख रहे हैं और सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर खुफिया जानकारी साझा कर रहे हैं। पुलिस ने कहा कि उन्हें फिलहाल शहर के लिए कोई सीधा खतरा नहीं दिख रहा है, लेकिन फिर भी उन्होंने धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा बढ़ा दी है।

### ईरान ने अमेरिका-यूरोप पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया

ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने अमेरिका और यूरोप पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- पिछले हफ्ते हम अमेरिका के साथ बातचीत कर रहे थे। तभी इजराइल ने हमला कर कूटनीति को खत्म कर दिया। फिर हम यूरोपीय देशों से बात कर रहे थे, फिर अमेरिका ने उस प्रक्रिया को खत्म कर दिया। अराकची ने सवाल उठाया कि इस सब के बावजूद यूरोप, ईरान से कैसे उम्मीद कर सकता है कि वह बातचीत के रास्ते पर लौटे। उन्होंने कहा, जब हमने बातचीत छोड़ी ही नहीं, तो वापस कैसे लौटें? उसे खत्म करने की पहल तो हमारी तरफ से कभी नहीं हुई।

### इजराइली राष्ट्रपति बोले, अमेरिका का हमला ऐतिहासिक

इजराइल के राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग ने अमेरिका के ईरान पर किए गए हमले को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प के बयान अमेरिका और इजराइल के बीच गहरे और साहसी रिश्तों को दिखाते हैं। हालांकि, हर्जोग ने चेतावनी दी कि अभी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। आने वाले दिन और ज्यादा मुश्किल हो सकते हैं। उन्होंने इजराइल के लोगों से अपील की है अधिकारियों के दिशा-निर्देशों का पालन करें।

### पाकिस्तान ने ईरान पर अमेरिकी हमलों की निंदा की

पाकिस्तान ने अमेरिका द्वारा ईरान की परमाणु ठिकानों पर किए गए हमलों की निंदा की है। उसने कहा कि ये हमले अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ हैं और ईरान को अपनी आत्मरक्षा का पूरा हक है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ईरान को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत अपनी संप्रभुता और लोगों की सुरक्षा के लिए जवाब देने का अधिकार है। पाकिस्तान ने भी चेतावनी दी कि अगर तनाव और बढ़ा, तो इसका असर सिर्फ इस क्षेत्र तक नहीं बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ेगा। उसने सभी पक्षों से संयम बरतने, आम नागरिकों की जान-माल की रक्षा करने और संघर्ष को तुरंत रोकने की अपील की।

### अमेरिका पर जमकर बरसा रूस

रूस ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर अमेरिका द्वारा किए गए हमलों की कड़ी निंदा की है। इन हमलों को गैर-जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय कानूनों का गंभीर उल्लंघन है। रूसी विदेश मंत्रालय ने आगे बयान में कहा कि किसी भी तर्क के आधार पर एक संप्रभु देश की जमीन पर मिसाइल और बमबारी करना पूरी तरह अस्वीकार्य है. खासकर तब, जब ये हमला उस देश ने किया हो जो खुद यूएन सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान के परमाणु ठिकानों को पूरी तरह तबाह कर दिया गया है। रूस की प्रतिक्रिया से स्पष्ट है कि मॉस्को अमेरिका के इस कदम को गंभीर खतरे के तौर पर देख रहा है। हालांकि रूस ने अब तक कोई ठोस कूटनीतिक या सैन्य कदम नहीं उठाया है, लेकिन उसके नेता इस बात से सहमत हैं कि यह कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय स्थिरता के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। फिलहाल, रूस और अमेरिका के बीच तनाव और बढ़ता दिख रहा है। जहां एक ओर अमेरिका इस हमले को रणनीतिक सफलता बता रहा है, वहीं रूस इसे पूरी तरह अवैध और गैर-जरूरी मान रहा है।

# तनाव के बीच ईरान से 311 और भारतीय पहुंचे दिल्ली

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

इस्राइल और ईरान के बीच दिन-प्रतिदिन तनाव और घातक होता हुआ जा रहा है। संघर्ष के बढ़ते स्वरूप को देखते हुए पिछले कई दिनों से ईरान में फंसे भारतीयों को वापस स्वदेश लाने के लिए भारत सरकार की तरफ से चलाया गया ऑपरशन सिंधु जारी है। इसी कड़ी में रविवार को भी एक विशेष उड़ान के जरिए 311 भारतीयों को ईरान के मशहद शहर से दिल्ली लाया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने बताया कि यह विशेष विमान 22 जून को दोपहर 4ः30 बजे दिल्ली पहुंचा। साथ ही उन्होंने बताया कि इस खेप के साथ अबतक ऑपरेशन सिंधु के तहत कुल 1,428 भारतीयों की सुरक्षित घर वापसी हो चुकी है। बता दें कि भारत ने यह ऑपरेशन तब शुरू किया जब ईरान और इस्राइल के बीच मिसाइल और ड्रोन हमलों में लगातार बढ़ोतरी होने लगी। भारतीय नागरिकों को मशहद (ईरान), येरेवन (आर्मेनिया) और अशगबत (तुर्कमेनिस्तान) जैसे शहरों से विशेष चार्टर्ड फ्लाइट्स के जरिए भारत लाया जा रहा है। बढ़ते तनाव के बीच बीते शुक्रवार को ईरान ने विशेष रूप से भारत के लिए अपने हवाई क्षेत्र से तीन चार्टर्ड फ्लाइट्स को उड़ान भरने की अनुमति दी थी। जिसके बाद भारत सरकार ने बचाव के लिए ऑपरेशन सिंधु चलाया। इसके तहत पहली फ्लाइट शुक्रवार देर रात दिल्ली पहुंची, जिसमें 290 भारतीय थे। वहीं दूसरी फ्लाइट शनिवार को दोपहर 310 भारतीयों को लेकर पहुंची थी। हालांकि इससे पहले, गुरुवार को भी आर्मेनिया की राजधानी येरेवन से और शनिवार सुबह अशगबत से विशेष फ्लाइट्स के जरिए भी नागरिकों को लाया गया।



# ईरान भारत का पुराना मित्र, इस्राइल पर सरकार की चुप्पी परेशान कर रही, सोनिया बोलीं, अभी देर नहीं हुई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पश्चिम एशिया में इस्राइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष में भारत की चुप्पी पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए मोदी सरकार पर निशाना साधा है। सोनिया ने कहा कि ईरान भारत का पुराना मित्र रहा है और हमारे साथ उसके गहरे सभ्यतागत संबंध हैं। भारत और इस्राइल ने हाल के दशकों में रणनीतिक संबंध विकसित किए हैं। यह स्थिति हमारे देश को नैतिक जिम्मेदारी और कूटनीतिक लाभ देती है, ताकि तनाव कम करने और शांति के लिए एक पुल के रूप में काम किया जा सके। एक अंग्रेजी अखबार में लिखे लेख में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया ने गाजा और ईरान में इस्राइल की तबाही पर चिंता जाहिर की। इस्राइल की कार्रवाई पर मोदी सरकार की चुप्पी की आलोचना करते हुए सोनिया ने कहा कि गाजा में जारी तबाही और ईरान में हो रहे हमलों को लेकर भारत को स्पष्ट, जिम्मेदार और मजबूत आवाज में बोलना चाहिए। अभी देर नहीं हुई है। कांग्रेस नेता ने मोदी सरकार पर इस्राइल के साथ एक स्वतंत्र फलस्तीन की परिकल्पना करने वाले शांतिपूर्ण दो राष्ट्र समाधान के प्रति भारत की दीर्घकालिक और सैद्धांतिक प्रतिबद्धता को त्यागने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, इस्राइल ने ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए एकतरफा हमला किया।



### कश्मीर पर ईरान का मिला था साथ

सोनिया ने कहा, ईरान भारत का पुराना मित्र रहा है और हमारे साथ गहरे संबंधों से बंधा हुआ है। जम्मू-कश्मीर सहित महत्वपूर्ण अवसरों पर ईरान ने भारत का समर्थन करने का इतिहास रहा है। 1994 में ईरान ने कश्मीर मुद्दे पर मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र में भारत की आलोचना करने वाले प्रस्ताव को रोकने में मदद की थी।

# 20 हजार के अभाव में बुझ गई मासूम की सांसें!

- हापुड़ मेडिकल कॉलेज की लापरवाही ने ली बच्ची की जान, सिस्टम बना कातिल

**जन एक्सप्रेस। हापुड़**

उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां रुपयों के अभाव में इलाज न मिलने से एक मासूम बच्ची ने अस्पताल के दरवाज़े पर दम तोड़ दिया। सरस्वती मेडिकल कॉलेज, पिलखुवा की इस अमानवीय घटना ने पूरे जिले को हिला कर रख दिया है। गरीब पिता इलाज के लिए गिड़गिड़ाता रहा, लेकिन 20 हजार रुपये जमा न होने पर बच्ची को इलाज नहीं मिला। मासूम बच्ची पिता की गोद में तड़पती रही, लेकिन मेडिकल कॉलेज के अफसरों का दिल नहीं पसीजा। इलाज की जगह उसे इंतजार करने को कहा गया - और इंतजार करते-करते मासूम ने अपनी अंतिम सांस ले ली। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी इस लापरवाही को अप्रत्यक्ष समर्थन देती प्रतीत हो रही है। सवाल ये है कि क्या एक गरीब की जान की कोई कीमत नहीं? क्या इलाज सिर्फ अमीरों का हक बन गया है

### सीएमओ की चुप्पी भी सवालों के घेरे में

इस दर्दनाक घटना के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने से बचते दिख रहे हैं। हापुड़ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ अब तक सिर्फ फ्रशिकायत मिलनेफ्र का इंतजार कर रहे हैं, जैसे मानो जान की कीमत कागज़ी प्रक्रिया से ज्यादा न हो।



### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

बेटी की लाश को कंधे पर उठाए पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। उनके सवाल हैं अगर मेरे पास पैसे नहीं थे, तो क्या मेरी बेटी जीने की हक़दार नहीं थी? लेकिन इन सवालों का जवाब देने वाला कोई नहीं।

### दोषियों पर कब गिरेगी गाज?

क्या सरस्वती मेडिकल कॉलेज पर कार्रवाई होगी? क्या सीएमओ अब भी शिकायत का बहाना बनाते रहेंगे? क्या ये सिस्टम मासूमों की जान लेता रहेगा? अब वक्त है कि प्रशासन जवाब दे क्योंकि आज एक मासूम गई है, कल कोई और हो

# अडानी सीमेंट के नाम पर 14 लाख की साइबर ठगी का भंडाफोड़

- मुख्य सरगना समेत दो आरोपी गिरफ्तार, वाराणसी साइबर पुलिस की बड़ी सफलता

**जन एक्सप्रेस। वाराणसी**

अडानी सीमेंट की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर लोगों से लाखों की ठगी करने वाले एक बड़े साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। वाराणसी साइबर क्राइम सेल ने कोलकाता से मुख्य सरगना समेत दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह अब तक देश के कई हिस्सों में साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम दे चुका है। शिकायत वाराणसी निवासी एक व्यक्ति की थी, जिससे आरोपियों ने अडानी सीमेंट की फर्जी फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर करीब 14 लाख रुपये की ठगी की थी।



### कैसे देते थे ठगी को अंजाम?

आरोपी एक असली जैसी दिखने वाली नकली वेबसाइट बनाकर लोगों को फ्रेंचाइजी का लालच देते थे। वेबसाइट, लोगो और दस्तावेज सब कुछ इतना असली जैसा होता था कि आम आदमी धोखे में आ जाता था। विश्वास में लेने के बाद बड़ी रकम हड़प लेते थे।

### साइबर टीम की सतर्कता से मुमकिन हुई गिरफ़्तारी

पुलिस अधीक्षक (साइबर) की निगरानी में काम कर रही टीम ने तकनीकी सर्विलांस और लोकेशन ट्रैकिंग के ज़रिए आरोपियों की पहचान की और कोलकाता में दबिश देकर गिरफ्तारी की। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मामले में और भी लोगों के शामिल होने की संभावना है। गिरोह के नेटवर्क की गहराई से जांच की जा रही है।

### बरामदगी

पुलिस ने आरोपियों के पास से 5,83,000 नकद 9 मोबाइल फोन

### लैपटॉप

ठगी में इस्तेमाल किए गए दस्तावेज व अन्य सामग्री बरामद की है।

# 'गाजियाबाद से केवल राजनीति नहीं जनता से दिल के रिश्ते भी हैं'

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

दिल्ली एनसीआर का महत्वपूर्ण क्षेत्र गाजियाबाद वैसे तो दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट से ज्यादा दूर नहीं है लेकिन बढ़ते ट्रैफिक की वजह से गाजियाबाद संसदीय क्षेत्र के लोगों को इंदिरा गांधी एयरपोर्ट तक जाने में अधिक समय लगता था। इस समस्या का समाधान गाजियाबाद के तत्कालीन सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल डॉ. विजय कुमार सिंह ने निकाला। जनरल वीके सिंह के अथक प्रयासों से गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस को डॉमेस्टिक एयरपोर्ट में तब्दील किया गया और यहां से डॉमेस्टिक उड़ान शुरू की गई। गाजियाबाद के लिए यह बहुत ही बड़ी उपलब्धि के रूप में माना जाता है। गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से अब एक नई खुशखबरी क्षेत्रवासियों के लिए आ रही है। 20 जुलाई 2025 से गाजियाबाद हिंडन एयरपोर्ट से इंडिगो की फ्लाइट अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, इंदौर, कोलकाता, मुंबई, पटना और वाराणसी की हवाई यात्रा शुरू होने वाली है। कम समय और अच्छे यातायात के साथ अब गाजियाबाद संसदीय क्षेत्र व आस पास के क्षेत्रवासियों के लिए हिंडन एयरपोर्ट एक बेहतर विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। इस खबर के बाद गाजियाबाद के पूर्व सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मिजोरम के वर्तमान राज्यपाल जनरल डॉ. वीके सिंह ने कहा कि ÷मैं गाजियाबाद से मिजोरम गया हूं लेकिन मेरा गाजियाबाद हमेशा मेरे दिल में रहता है। गाजियाबाद का हर रहवासी मेरे परिवार का सदस्य है और अपने परिवार की सुविधाओं के लिए मैं हमेशा काम करता रहूंगा। गाजियाबाद हिंडन एयरबेस से डॉमेस्टिक उड़ान मेरा सपना था जोकि बड़े स्तर पर भी पूरा होता जा रहा है। मुझे इस बात की बड़ी खुशी है कि गाजियाबाद के लोगों को अपने ही शहर से देश के बड़े शहरों की उड़ान का विकल्प मिलेगा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरे विजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है तभी गाजियाबाद के लोगों को यातायात का यह शानदार, सुलभ विकल्प मिला है।



# पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने किया गौआश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक

- किसान समृद्धि योजना के तहत सरकार दो सौ गायें पालने पर दो करोड़ की अनुदान राशि देगी सरकार: पशुधन मंत्री धर्मपाल

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

उत्तर प्रदेश सरकार में पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन धर्मपाल सिंह ने रविवार को जिला मुख्यालय परिसर स्थित विकास भवन में आधा दर्जन विभागों पशुधन विभाग, ग्राम्य विकास, शहरी विकास विभाग, राजस्व, पंचायती राज विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों संग समीक्षा बैठक किया। मंत्री धर्मपाल सिंह ने बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों को गौवंश संबंधी केन्द्र सरकार व उप्र सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक पात्र लोगों को लाभांवित कराने का निर्देश दिया। जनपद के अधिकारियों ने विभागीय मंत्री को अवगत कराया कि जनपद गाजियाबाद में मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या 680 है, जबाकि इन्हें कुल मिलाकर 1165 गोवंश सुपुर्द किये गये हैं। समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में पशुधन एवं दुग्ध विकास धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श नरेन्द्र मोदी ने किसानों की आय दोगुनी करने के लिए किसान समृद्धि योजना के साथ-साथ कई योजनाएं लागू की हैं। इनमें सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण गौवंशों को संवर्द्धन व दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए देशों गायों की नस्लों में सुधार लाना है। पशुधन मंत्री ने बताया कि कृत्रिम गर्भाधान से देशी गायों की नस्लों में सुधार लाया जाएगा। इसके साथ ही पशुपालको को गायें पालने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मुफ्त गायें दिये जाने से साथ ही उन्हें पालने के लिए अनुदान राशि भी उपलब्ध करायी जा रहा है। पशुधन मंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा अच्छी नस्ल की एक गाय पालने के लिए चालीस हजार से लेकर दौ सौ गायें पालने पर दो करोड़ की अनुदान राशि तक प्रदान की जा रही है। मंत्री ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता निआश्रित गायों को गौशाला में भिजवाना व वहां उनके चारे व पानी की उचित व्यवस्था किये जाने की है। सरकार एक तरफ जहां कृत्रिम गर्भाधान कर गायों की नस्लों को सुधारेगी, वहीं बछडों का बधियाकरण, चारागाह की जमीनें चिन्हित कर उन्हें कब्जा कराने, बकरी पालन, सुअर पालन, मुर्गी पालन आदि को बढावा देने के लिए अनुदान राशि प्रदान कर रहे हैं। पशुधन मंत्री ने दावा कि उत्तर प्रदेश दूध उत्पादन में देश में नंबर एक राज्य है। दुधारु गाय-भैंसो सहित अन्य पशुओं को बीमारी से बचाने के लिए टीकाकरण करने, आवारा व निराश्रित गौवंशों व अन्य पशुओं को बचाने के लिए प्रदेश में 520 मोबाइल पशु चिकित्सा दल बनाये गये हैं। बीमार व घायल पशु की चिकित्सा के लिए टोल फ्री नंबर 1962 पर फोन करके जानकारी दी जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अपनी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पशुपालको की आदमी दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)